# एमआरपी से अधिक मूल्य पर खाद बेचने पर होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उर्वरक निरीक्षकों, अन्य सम्बद्ध विभागों के अफसरों, थोक उर्वरक विक्रेताओं, बफर स्टाकिस्ट, उर्वरक प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधियों, इण्डो-नेपाल सीमा स्थित निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने और अन्य उत्पादों की टैगिंग पर अंकुश लगाए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थिति उर्वरक विक्रेताओं, कम्पनी प्रतिनिधियों को डीएम ने कड़े निर्देश निर्गत किए कि किसी भी दशा में उर्वरकों की बिक्री बोरे पर अंकित खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर कदापि न की जाये तथा कृषकों को उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद का जबरन टैग न किया जाये।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित उर्वरक प्रदायकर्ता संस्थाओं कम्पनी बाइलाजनुसार औपचारिकताएँ पूर्ण करते हुये जनपद में गठित एफपीओ को अधिकार पत्र निर्गत करने के निर्देश निर्गत किए। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने उर्वरकवार उपलब्धता बताई। बैठक में डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, पीपीओ सतेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त एवं निबंधन रजनीश प्रताप सिंह सहित थोक उर्वरक विक्रेता, बफर स्टाकिस्ट, उर्वरक प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधि, इण्डो-नेपाल सीमा स्थिति निजी उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।



- नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग के लिए किसानों को करे जागरुक : डीएम
- गोला रैक प्वाइंट पर उर्वरकों की आपूर्ति के लिये संस्थाएँ करें विशेष प्रयास : डीएम

### नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग के लिए किसानों को करें जागरूक : जिलाधिकारी

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि पीएम प्रणाम योजना जो भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी करने तथा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के प्रचलन को बढावा देने के लिए कृषकों को जागरूक करते हुये रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी करते हुये नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग को बल दिया जाये।

### गोला रैक प्वाइंट पर उर्वरकों की आपूर्ति के लिये संस्थाएं करें विशेष प्रयास : जिलाधिकारी

डीएम ने उपस्थित उर्वरक प्रदायकर्ता संस्थाओं को यह निर्देश प्रदान किये कि जनपद में गोला गोकरननाथ में रैक प्वाइंट स्थापित है एवं प्रदायकर्ता संस्थाएँ गोला गोकरननाथ रैक प्वाइंट पर उर्वरकों की आपूर्ति के लिये विशेष प्रयास करें। इण्डो-नेपाल सीमा पर स्थित निजी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सचेत करते हुये निर्देशित किया कि किसी भी दशा में उर्वरकों की तस्करी/कालाबाजारी में संलिप्तता पाये जाने पर उनके विरूद्व अन्तर्गत प्रभावी उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

## वृहद वृक्षारोपण के लिए वांछित सहयोग जुटाने के लिए सक्रिय हुआ पर्यावरण मित्र समूह

- प्रभागीय वनाधिकारी, न. पा. परिषद अध्यक्ष, सहायक उद्यान निरीक्षक से मिलकर की सहयोग की कामना



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि मंडल ने प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण खीरी संजय बिस्वाल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा इरा श्रीवास्तव और जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के सहायक उद्यान निरीक्षक जय कृष्ण जायसवाल एवं वंदना वर्मा से मिल कर संस्था द्वारा कराए जाने वाले कार्यों और होने वाले वृहद वृक्षारोपण के बाबत जानकारी प्रदान कर वांछित सहयोग की कामना की। संस्था की टैग लाईन आओ धरा सजाएं इसे हरा भरा बनाएं तथा अद्यतन की गई कार्यवाही और गतिविधियों के फलस्वरूप पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी मिला। वांछित सहयोग के अंतर्गत रोपित किए जाने हेतु पौधे, माली, पानी और गड्ढों आदि की व्यवस्था के क्रम में यथोचित सहयोग प्राप्त होना सुनिश्चित हुआ। पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि मंडल में विशाल सेठ, मयूरी नागर, प्रिया दीक्षित, राधा सिंह, सुमन श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त सम्मिलित रहे। संस्था के प्रयासों के अगले चरण में लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण हेतु ट्री गॉर्ड की व्यवस्था प्रमुख है जिस हेतु संयुक्त रूप से समस्त सदस्य और सहभागी संस्थाएं प्रयास रत हैं तथा इस कार्य में इस कार्य में जनपद के सभी सक्रिय पर्यावरण प्रेमी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## खबरें एक नजर में

### कर्मचारियों को गमछे व पानी की बोतल देकर किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका लखीमपुर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए पालिका अध्यक्षा लगातार प्रयासरत हैं। गर्मी की परवाह न करते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे पालिका कर्मियों को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने गमछे से सम्मानित करते हुए उन्हें उत्साहित व ऊर्जित किया। पालिकाध्यक्ष ने कर्तव्य पथ पर डटे लीकेज बनाने वाले कर्मी प्लम्बर, बेलदार, निर्माण विभाग के मिस्त्रियों, लेवर, नाला सफाई कर्मियों आदि को गमछे, पानी की बोतल प्रदत्त कर गर्मी से राहत दिया। पालिकाध्यक्षा ने कर्मचारियों को ऊर्जित करते हुए कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में नगर की स्वच्छता, बिजली, पेयजल आपूर्ति दुरुस्त रखने में आप सबका योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सफाई इस्पेक्टर विशाल शुक्ला, जेई जलकल जितेंद्र वर्मा, अभय सक्सेना, उपेंद्र वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विषैले जीव के काटने से किसान की मौत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** बीते मंगलवार की देर शाम अपने खेतों की रखवाली करने गए एक किसान को विषैले जीव के काटने से किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। भीरा थाना क्षेत्र के गांव भानपुर के मझरा मक्कापुरवा निवासी बहादुर मौर्य पुत्र कालीचरन उम्र 49 वर्ष मंगलवार की देर शाम गांव से कुछ ही दूरी पर अपने खेतों पर बोई गई फसलों की रखवाली करने गए थे जहां गन्ने के खेत में किसी विषैले जीव ने उन्हें काट लिया उसके बाद वह जैसे तैसे घर पहुंचे और पूरा माजरा परिजनों को बताया। तुरंत ही आनन फानन में परिजन बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को बिगड़ता देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसे किसान ने दम तोड़ दिया। किसान की मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई, अगले दिन बुधवार को मृतक के पुत्र आशीष कुमार ने भीरा पुलिस को इस संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पूरी घटना का विवरण देते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट करने की गुहार लगाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ऐसी घटना हो जाने से गांव सहित इर्द-गिर्द इलाके के लोगों में एक दहशत फैल गई है।

### सकुशल बरामद हुई दो नाबालिग बालिकाएं

- बिहार प्रान्त का युवक बहला फुसला कर ले जाने का कर रहा था प्रयास

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना बदोसराय पुलिस द्वारा 2 नाबालिग बालिकाओ को सकुशल बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार आज थाना बदोसराय पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बदोसराय क्षेत्र की 12 व 13 वर्षीय दो बालिकाओं को बिहार प्रान्त के मुन्ना साहू द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से बहला-फुसलाकर बिहार बुलाया गया था।दोनो नाबालिग लड़कियां घर से रुपये व आभूषण लेकर बिहार के लिए रात्रि करीब 2 बजे घर से चली गईं।उक्त सूचना पर मुअसं 136/2024 धारा 363/366 भादवि बनाम मुन्ना साहू पंजीकृत किया गया।पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा नाबालिग बालिकाओ की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।थाना बदोसराय पुलिस द्वारा नाबालिग लड़कियों की तलाश हेतु पूछताछ व जानकारी की गई तो बालिकाओं के दरियाबाद रेलवे स्टेशन से अयोध्या रेलवे स्टेशन जाने की जानकारी हुई।उक्त लड़कियों की लोकेशन को ट्रैस करते हुए अवकाश पर रवाना थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव द्वारा जौनपुर जीआरपी की सहायता से दून एक्सप्रेस से जा रही दोनो बालिकाओ को जौनपुर रेलवे स्टेशन पर सकुशल बरामद किया गया।पुलिस द्वारा किए गए कार्य की परिजनो व आम-जनमानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु पुलिस टीम को 10,000 रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

### वन विभाग के दारोगा पर छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोप

**संपूर्णा नगर/पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।** दुधवा टाइगर रिजर्व के संपूर्णा नगर सोठियाना वनरेंज में कार्यरत वनदरोगा पर खेत बचाने गयी नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने और किशोरी को बंदूक की बट से मारने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने उक्त वन दरोगा पर गंभीर आरोप लगाये है। परिजनों के द्वारा किशोरी को गंभीर हालत में पलिया सीएचसी लाया गया जहाँ हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल खीरी रेफर कर दिया। पीड़ित किशोरी के भाई ने सम्पूर्णानगर थाने में तहरीर देकर आरोपी वन दरोगा पर कार्यवाही करने की मांग की थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि उन्होंने मामले से संबंधित आईजी रेंज लखनऊ से बात की है। आहत पीड़ित के परिजनों का कहना है की यदि एफआईआर दर्ज नहीं हुई और न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाएंगे। वन विभाग के डीडी रंगा राजू टी ने बताया कि एसडीओ को भेजकर जांच करा रहा हूं जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।

## प्रदूषण नियंत्रण संस्थान के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का मिशन संकल्प संचालित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संस्थान के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने हेतु मिशन संकल्प लखीमपुर खीरी के ग्राम नौगवा व कोटवारा में महिलाओं को सशक्त करने हेतु मिशन संकल्प का संचालन किया जा रहा है जिसमें महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण निशुल्क चिकित्सा जांच रोजगार के अवसर व उनके जीवन स्तर को उच्च बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस संपूर्ण कार्य का संचालन पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संस्थान के माध्यम से किया जाना तय है जिसमें मुख्य रूप से भूमिका निभाते हुए समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार सचिव छैल बिहारी, तहसील अध्यक्ष प्रान्सी मिश्रा, तहसील



संयोजक अंजलि तिवारी, तहसील सदस्य सुमित सक्सेना, तहसील उपाध्यक्ष अभी इस योजना का संचालन उत्तर प्रदेश के कुल 12 जिलों में हो रहा है। इस योजना का संचालन उत्तर प्रदेश, बिहार उड़ीसा का राजस्थान राज्यों में किया जाएगा। अभी तक कुल 2600 महिलाओं को इस परियोजना का लाभ मिल चुका है। बताया कि हमारी संपूर्ण टीम की ओर से हम संस्थान के इन कार्यों का अभिनंदन करते हैं व संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## आवादी की जमीन का भूमाफिया अवैध कब्जा कर कर रहे प्लाटिंग, एसडीएम से हुई शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुर द्वारा वार्ड में भूमाफियाओं द्वारा आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाट बेंचे जाने का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। उप जिलाधिकारी को दिए गये शिकायती पत्र में अध्यक्ष ने ठाकुरद्वारा मंदिर के सामने आबादी के रिक्त पड़ी भूमि पर कुछ भूमाफिया द्वारा कब्जा कई प्लाट बेचने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने कहा कि आबादी की भूमि होने के चलते नगर वासियों के हित में किसी पार्क अथवा खेल मैदान या पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा सकता है।

## शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

- चोरी का ऑटो, उपकरण व तमंचा बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस द्वारा एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक अदद मोटर बिजली,घटना कारित मे प्रयुक्त एक ऑटो व उपकरण तथा एक अदद तंमचा बरामद किया है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान मे आज थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।प्रभरी निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक रघुवीर सिंह,शबाब हैदर, शशिकान्त



मणि त्रिपाठी,कांस्टेबल गोपाल सिंह, दीपक कुमार, यादवेन्द्र छौंकर, विष्णु तिवारी, रमेश पटेल की थाना मोहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा मुअसं 327/2024 धारा 379 भादवि में वांछित अभियुक्त मोहम्मद इकराम पुत्र मोहम्मद सिद्दीक निवासी सी/9 कोतवाली रोड बेगमगंज थाना कोतवाली नगर को अहरी चौराहा,थाना मोहम्मदपुर खाला के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक अदद मोटर बिजली,घटना कारित करने में प्रयुक्त ऑटो यूपी 41 बीटी 3912 व उपकरण (पाना, रिंच, हथौड़ी, आरी, रस्सी) तथा एक अदद तंमचा .12 बोर व दो अदद कारतूस .12 बोर बरामद कर मुअसं 329/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिन मे घूमफिर कर सूनसान एरिया में लगे बिजली की मोटर को चिन्हित कर रात्रि में चोरी करने की घटना को अंजाम देते है।उक्त बिजली की मोटर थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कनिकापुर से चोरी करना स्वीकार किया गया है जिसके संबंध में थाना मोहम्मदपुर खाला मुअसं 327/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

## उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने सुनी उद्यमियों की समस्याएं

- उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो निस्तारण : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियो की समस्याओं का निस्तारण करना है।

जिलाधिकारी ने ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर विजय त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सुमित त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उपायुक्त उद्योग आसुतोष कुमार, अग्रणी जिला विवेक कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा अन्य उद्यमीगण / निवेशकगण उपस्थित रहे।

## मनरेगा उपायुक्त ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उपायुक्त मनरेगा बृजेश कुमार त्रिपाठी ने खंण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के साथ क्षेत्र के औलिया लालपुर, परसा, विरौली, कटका, रमसहांय गांवो में चल रहे मनरेगा विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर आवाश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ग्राम औलिया लालपुर पंहुच कर खेलकूद मैदान में चल रहे मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया।परसा ग्राम पंचायत में सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया। कटका ग्राम पंचायत रमसहांय में विरौली में तालाबो का निरीक्षण किया एंव ग्राम पंचायत अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में मजदूरों की संख्या बढाने एंव समय से काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इस मौके पर निधि शुक्ला अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डीआरडीए, रेनू रावत एपीओ मनरेगा, अखिलेश वर्मा, शिवनारायण मौर्या, गुलाम याजदानी, जेबी सिंह, कुलदीप वर्मा, सतीश वर्मा, राजेश कुमार रावत, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार के जन्मदिन पर जनप्रतिनिधियों ने काटा केक



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गांधी भवन में युवा पत्रकार मनीष सिंह का जन्मदिन मनाया गया।नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने पत्रकार मनीष सिंह को जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर पत्रकार मनीष सिंह ने सांसद तनुज पुनिया, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया, गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत,पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, समाजसेवी विजय कुमार सिंह मुन्ना, वरिष्ठ पत्रकार आनन्द त्रिपाठी, परवेज अहमद,अजीज अहमद,पाटेश्वरी प्रसाद, साकेत मौर्या, अशोक शुक्ला समेत जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओ और पत्रकारो के साथ मिलकर केक काटा और शुभकामनाएं दी। सभी से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत पत्रकार मनीष सिंह ने भी सभी लोगो का आभार जताया।

## भाकियू ने किसानों को किया जागरूक

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ द्वारा संगठन विस्तार के क्रम में ग्राम गोसुपुर में पंचायत हुई जिसमें किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा किसानों को यह मंत्र दिया गया संघ है शक्ति कलियुग में सभी किसान संगठन के माध्यम से अपनी आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाएं और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल किसानों से कहा कि अपनी समस्याओं को एक मांग पत्र में लिखकर के उप जिलाधिकारी के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराया जाएगा तथा 16 से 18 जून को राष्ट्रीय पंचायत में सम्मिलित होने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसान पहुंचे जिसकी अध्यक्षता ग्राम अध्यक्ष श्री राम ने किया संचालन राजेश कुमार यादव ब्लॉक महासचिव ने किया।

## सेवानिवृत्त स्टेट बैंक कर्मियों की बैठक में व्यवहार में आने वाली दिक्कतों का उठा मुद्दा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक में वर्तमान पेंशन, एक्स ग्रेसिया कम्युटेशन, एरियर भुगतान आदि विषय पर चर्चा के साथ बैंक कार्य व्यवहार में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई और विभिन्न सदस्यों द्वारा अनुभव साझा किए गए।

सेवानिवृत्त स्टेट बैंक कर्मी सोमनाथ धवन के निवास पर संपन्न हुई उपरोक्त बैठक में विभिन्न सदस्यों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए आए दिन रिटायर्ड साथियों को बैंक कार्य व्यवहार में, विशेष कर मुख्य



शाखा में होने वाली दिक्कतों की चर्चा की। बैठकों के नियमित आयोजनों, पेंशन वृद्धि की विसंगतियों, एक्स ग्रेसिया एवं एरियर आदि पर विचार साझा करते हुए सभी ने अनुपस्थित साथियों से संपर्क करने, एक दूसरे का हाल चाल लेते रहने सहित परस्पर सहयोग करने का भी निर्णय लिया।

भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों की इस बैठक में जी पी सेठ, अशोक कपूर, शिव शंकर पुरी, सोमनाथ धवन, हरीश चंद्र बरनवाल, के पी वर्मा, शिरोमणि सिंह कनौजिया, छोटे लाल, नंद किशोर राही, के जी रस्तोगी, बाबू राम मिश्र, ज्ञानेंद्र सक्सेना, गोपाल जी धवन, उमा शंकर, विनोद छिब्बर, अमिताभ जलोटा, राम मोहन गुप्त, राजीव भल्ला आदि उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन ने की शान्ति समिति की बैठक



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आने वाले पर्व बकरा ईद को लेकर जैदपुर थाना परीसर में थाना प्रभारी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी व सीओ सादर की मौजूदगी में क्षेत्रीय लोगों की बैठक की गयी। जिसमें कुर्बानी को लेकर साफ सफाई व आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ पर्व को मनाने की बात कही गयी। बताते चलें कि गुरुवार को जैदपुर थाना परीसर में आगामी त्योहार बकरा ईद को लेकर क्षेत्रीय लोगों की बैठक में उपजिलाधिकारी व सीओ सदर सुमित त्रिपाठी की मौजूदगी लोगों से साफ सफाई व खुले में किसी प्रकार की गन्दगी न करने की बात कही गयी। जबकि किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर तुरंत अवगत कराने की बात कही गयी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद जियाउर्रहमान अंसारी समाज सेवी मो0 सालिम दीवेश कुमार उबु उमेर अंसारी हारून राइन जावेद खान सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## लगातार महीनों से अनुपस्थित चल रहे मेडिकल ऑफिसर का लाखों रुपये का वेतन हुआ जारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्वास्थ्य विभाग में एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। लगातार अनुपस्थित रहने के बावजूद एक महिला मेडिकल ऑफिसर का लाखों रुपए का वेतन जारी कर दिया गया। भ्रष्टाचार का यह मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज से जुड़ा है। यहां पर मेडिकल ऑफिसर के तौर पर डॉ अंजली जैन तैनात है। विगत मार्च माह में उक्त महिला चिकित्सक लगातार ड्यूटी से नदारद रही। सूत्र बताते हैं कि उपस्थिति पंजिका पर लगातार अनुपस्थित रहने के बावजूद उनका वेतन जारी कर दिया गया है। अनुपस्थित रहने के बावजूद कैसे वेतन जारी हुआ है। यह यक्ष प्रश्न है साथ ही जांच का भी विषय है। जब इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रणव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि देखना पड़ेगा कितने दिन अवकाश पर रही है और कितने दिन की सैलरी उनकी निकाली गई है। वही जब इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

# ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत, खुलासा करने में नाकाम पुलिस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के तहसील मितौली के कई थाने क्षेत्र में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है जिनका कई महीने बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं हो पाया है और चोरों तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाए हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

12 नवंबर दिवाली की रात मितौली थाने के सामने स्थित पौराणिक दुधवा सती मंदिर में दान पत्र में रखी करीब 18 हजार की नगदी चोरों ने पार कर दी थी जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ,

विगत 14/15 दिसंबर के दिन गुरुवार की देर रात ग्राम मझिगवां में एक ही परिवार के अलग- अलग पांच घरों में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया जिसमें करीब 10 लाख की चोरी होना गृह स्वामियों ने बताया पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई और सबूत इकट्ठा किए थे पर अभी तक मितौली पुलिस सफल अनावरण नहीं कर पाई है। 16 दिसंबर की रात शिवाला तिराहा पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में शनिवार की रात चोरों ने दुकान के पीछे से सेंध लगाकर दुकान से करीब 45 हजार रुपए की कीमत की शराब और एक हजार नगदी चुरा ले गए थे और तीन पट्टी पास में खेत से भी बरामद हुई थी जिसका खुलासा मितौली पुलिस नहीं कर सकी। 15 जनवरी 2024 को दिन के करीब डेढ़ बजे के आसपास पीपरझाला से हरगांव मार्ग पर दतेलीकला किरण मार्केट से 1 लाख 44 हजार की नगदी पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर बैग उठाकर भाग निकलने में सफल रहे थे उक्त शातिर के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को हाथ लगे थे पर मितौली पुलिस इस भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी। 21 फरवरी दिन के समय करीब 3 बजे पीएनबी बैंक शाखा पीपरझाला से 50 हजार रूपए एक खाताधारक ने निकले थे और चौराहे पर स्थित दुकान के सामने बाइक में झोले में बंध दिया था, पलक झपकते ही शातिर चोर झोले को लेकर फरार हो गए थे अनुमान लगाया गया कि कोई अज्ञात चोर बैंक से ही खाताधारक के पीछे लग गया था इसके पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगे थे पर खुलासा नहीं हो सका। 6/7 मई को कस्ता पुलिस पिकेट के ग्राम डालुआपुर में एक गांव के अलग अलग दो घरों में चोरों ने घटना को अंजाम दिया था घटना की सूचना पर पुलिस पिकेट प्रभारी उप निरीक्षक प्रभितेष कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया था पर खुलासा आज तक करने में नाकाम रहे।

विगत 5 मई मितौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डहर में पांच घरों में चोरों ने घटना को अंजाम दिया था चोर दीवार बांधकर घर में घुसे थे घर से जेवरात समेत करीब 28 हजार की नगदी ले उड़े थे चोर जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है पीड़ित थाने के चक्कर काट- काट कर थक चुके हैं खुलासा नहीं हो सका। और इसी विगत 17 मई भारी बाजार गल्ला व्यवसाई के रूपये भरे थैले को उठा ले गए बाइक सवार सड़क किनारे पल्ला डालकर गला खरीद कर रहे व्यवसाय का लगभग डेढ़ लाख रुपए से भरा थैला उठाकर दो बाइक सवार उचक्के फरार हो गए व्यवसाय व पल्लेदारों के शोर मचाने पर साप्ताहिक बाजार होने के चलते काफी भीड़ इकट्ठा हो गई कुछ लोगों ने उचक्कों का पीछा किया लेकिन उचक्कों का सुराग नहीं लग सका कस्ता में रविवार व गुरुवार को साप्ताहिक बाजार लगती है बाजार में खरीदारी को लेकर क्षेत्र से काफी संख्या में लोगों की भीड़ आती है कस्ता पंजाब नेशनल बैंक से थोड़ी दूर पर लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर कस्ता बस्ती जाने वाले रास्ते के किनारे सालों से गला व्यवसाय रामपाल गुप्ता उर्फ बलारी अपने बेटों समेत पल्ला डालकर गल्ला खरीद करते हैं थाना क्षेत्र नीमगांव के ग्राम बरूई निवासी गल्ला व्यवसाई अपने दो बेटे प्यारेलाल वह दो पल्लेदारो सहित गुरुवार को करीब 3-00 बजे अनाज खरीद रहे थे तभी दो बाइक सवार युवक आकर रुके बाइक चालक युवक बाइक पर ही बैठा रहा वह पीछे वाला युवक रुपए से भरा थैला जो पाले पर रखा हुआ था उसे उठा लिया जब तक पल्लेदारों व प्यारेलाल आदि उसको पकड़ने दौड़े दोनों युवक बाइक से फरार हो गए शोर शराबा सुन बाजार आने जाने वालों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई लोग लगभग 100 मीटर दूर चौराहे तक भागे लेकिन उचक्के सीतापुर मार्ग पर भाग निकले घटना की सूचना पर कस्ता पुलिस पिकेट पर तैनात उप निरीक्षक प्रभितेष पांडे ने अनन- फनन में पीपरझला व मढिया चौकी पुलिस को अलर्ट कर दिया लेकिन उचक्कों का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका अब घटना को 28 दिन बीत चुके हैं पर अभी तक मितौली थाना पुलिस घटना का खुलासा करने में असफल रही है।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मोनिका देवी पुत्री राम किशोर निवासी 544/1026 एकता नगर, नियर लखनऊ सिटी कॉलेज बालागंज लखनऊ, यूपी की बीएड अनुक्रमांक 1820626011047 की द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सेमेस्टर के अंकपत्र, डिग्री व आधार कार्ड गिर गए हैं।

**रोगन अल्सरीन**

शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर ऑत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।
सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293, 9936105282
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)



# दावा बेहतर शिक्षा का और 43 साल से शहरी क्षेत्रों में नहीं हुई शिक्षकों की भर्ती

**शहरी स्कूलों को नगर संवर्ग में लाने का फैसला साबित हुआ उलटा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दावा बेहतर शिक्षा का और 43 साल से शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के शिक्षकों की भर्ती नहीं, कई विद्यालय शिक्षकों के अभाव में बंद हो गए।

व्यवस्था में सुधार और नगरीय क्षेत्र में पढ़ाई पर अधिक फोकस करने के लिए शहरी स्कूलों को नगर संवर्ग में लाने का फैसला उलटा साबित हुआ। करीब 43 साल पहले 1981 में जो नियमावली बनाई गई उससे कभी भी नगर क्षेत्र में शिक्षकों की भर्ती नहीं की गई। यहां छात्र संख्या कम हुई और कई स्कूल बंद हो गए। बेसिक शिक्षा परिषद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए शासन ने 1981 में बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली में नगरीय व ग्रामीण संवर्ग को अलग कर दिया। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए भर्तियां हुई, लेकिन नगरीय क्षेत्रों की ओर ध्यान नहीं दिया गया। बाद में सरकार ने शहरी क्षेत्र के स्कूलों में रिक्त पद भरने के लिए बीच का रास्ता निकाला। तय हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में पांच साल के बाद शिक्षकों की शहरी क्षेत्र में तैनाती की जा सकेगी लेकिन ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में तैनाती पर उनकी वरिष्ठता वहां तैनात शिक्षकों से नीचे हो जाएगी। इस वजह से शिक्षकों ने नगर क्षेत्र में जाने में रुचि नहीं दिखाई।

अब कई स्कूल शिक्षामित्रों या एकल शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। खास बात ये कि यह स्थिति तब हुई, जब काफी शिक्षक शहरी क्षेत्र में तैनाती के लिए हर स्तर पर जोर लगाते या सिफारिश करवाते हैं। शहरी क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती न होने से यहां के स्कूलों पर संकट आ गया है। फायदा प्राइवेट कॉलेज ले रहे हैं।

स्कूल बंद हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र के गरीब बच्चों को पढ़ाई का अवसर नहीं मिल रहा है। गोंडा के नगर क्षेत्र के 21 स्कूल शिक्षामित्र के भरोसे हैं तो पांच में एक-एक शिक्षक है। बलरामपुर में नगरीय क्षेत्र के 22 परिषदीय स्कूलों में सिर्फ 16 में शिक्षक हैं। बंद आठ स्कूलों में शिक्षामित्रों के सहारे पढ़ाई शुरू कराई गई है।

अंबेडकरनगर में नगर क्षेत्र के 13 परिषदीय विद्यालयों में 6 शिक्षामित्रों के भरोसे हैं। ये तो कुछ उदाहरण मात्र हैं, पूरे प्रदेश में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि शहरी क्षेत्र के स्कूल बंद हो रहे हैं।

**प्रधानाध्यापक व सहा. अध्यापक के 85,152 पद खाली**

सरकार के आंकड़ों के अनुसार परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत 4,17,886 पद के सापेक्ष प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के 85,152 पद खाली हैं। इस तरह शिक्षक-छात्र अनुपात 31-1 का है। वहीं प्राथमिक में 1,47,766 शिक्षामित्रों को मिलाकर शिक्षक-छात्र अनुपात 21-1 का है। मानक के अनुसार शिक्षक-छात्र अनुपात पूरा है। नई भर्ती प्रस्तावित नहीं है। लखनऊ के दो दर्जन से ज्यादा स्कूल शिक्षकों के अभाव में बंद हो गए। बाराबंकी में शिक्षक व बच्चों की कमी से 11 विद्यालय बंद हैं। यहां के बच्चों को अन्य विद्यालयों में शिफ्ट किया गया। रायबरेली में दो विद्यालय बंद हो गए तो कई शिक्षामित्रों के भरोसे चल रहे हैं।

**नियमावली में हो संशोधन**

वर्तमान में नगर क्षेत्र में स्कूल हैं 4010, ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल 1.32 लाख, नगर क्षेत्र में शिक्षक हेड मास्टर व सहायक अध्यापक हैं 5097, ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षक हेड मास्टर व सहायक अध्यापक 2.65 लाख हैं। नियमावली में संशोधन की जरूरत है, जो शासन लेबल पर संभव है। नगर क्षेत्र का एचआरए भी बेहतर होता है और शिक्षक भी काम करने के इच्छुक रहते हैं लेकिन उन्हें मौका ही नही मिलता है। 85 हजार पद खाली, फ़िर भी शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर बताया जाता है।

नगरीय क्षेत्र में शिक्षकों की कमी की जानकारी हुई है। उच्च स्तर पर वार्ता के बाद समाधान निकाला जाएगा। कोई स्कूल सिर्फ इस कारण से बंद हुए हैं तो दोबारा शुरू कराया जाएगा। नगर क्षेत्र के स्कूलों को बेहतर स्थिति में लाया जाएगा।
-डॉ. एमकेएस शंमुग्गा सुंदरम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा

## खबरें एक नजर में

**बंथरा में डंपर ने बाइक-सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार डंपर ने बुधवार देर रात एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना लखनऊ के बंथरा क्षेत्र की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के पुराही खेड़ा निवासी सुधीर यादव (32) एक कैंटीन में काम करता था। बुधवार को रात करीब 10 बजे ड्यूटी करके घर वापस जा रहे था। इस दौरान बिजनौर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुधीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक सुधीर यादव अपनी पत्नी कंचन और दो बेटियां प्रज्ञा और सृष्टि के साथ बंथरा में रहता था।

**ननिहाल आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज। ननिहाल** में रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र का है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मृतक अर्जुन (20) बछरावा जनपद के कसराया का रहने वाला है। वह कुछ दिनों पहले निगोहां के हरिकुवरखेड़ा गांव में ननिहाल में आया हुआ था। अर्जुन पेशे से मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। बीती बुधवार रात घर के सभी सदस्य रोजाना की तरह खाना खाकर सोने चले गए। अर्जुन घर के बाहर सो रहा था। सुबह उसके मामा के जागने पर अर्जुन अपने बिस्तर पर नहीं मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कमरें के अंदर साड़ी के फंदे से अर्जुन का शव लटका हुआ मिला। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही युवक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया हैं।

**गोमतीनगर के आईजीपी चौराहे पर बस-कार में टक्कर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड में रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। गनीमत रही कि कार चालक ने सीट बेल्ट लगाया था, जिसकी वजह से उसकी जान बच गई। कार चालक को सिर में चोट आई है, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कार को टक्कर मारने के बाद चालक रोडवेज बस सहित मौके से फ़रार हो गया। बस बहराइच डिपो की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस चालक के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे बहराइच डिपो की बस कमता की तरफजा रही थी। तभी कार यूपी 32 ईजी 2527 हाईकोर्ट की तरफसे आ रही थी। चौराहे पर ही बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। बस में सवारियां भी थीं और बस चालक मौके से गाड़ी सहित फ़रार हो गया। दुर्घटना की वजह से सरकारी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है लेकिन ड्राइवर पूरी तरह सुरक्षित है। बताया जा रहा है घटना के वक्त सिग्नल फ्री था। इस दौरान पहले निकलने के चक्कर में यह हादसा हुआ। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आग से झोपड़पट्टी में रखा प्लास्टिक का कबाड़ जला**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में झुग्गियों में गुरुवार को आग लग गई। जिसमें कबाड़ का रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू लिया है। फिलहाल किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड ने आसपास बनी झोपड़ियों को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया। जानकारी के मुताबिक गोमती नगर फायर स्टेशन को गुरुवार सुबह 10.30 बजे आग की सूचना मिली। आग सहारा अस्पताल के पीछे बनी झुग्गियों में आग लगी थी। जो विकराल रूप ले चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग वहां पर रखे कबाड़ में लगी थी। जिसमें पानी बोतल व पुराना प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। वहीं आसपास करीब 50 झोपड़ियां बनी थी। जिन्हें आग की चपेट में आने से पहले बचा लिया गया।

**आईएएस अफसर मो. मुस्तफा ने मांगा वीआरएस**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में तैनात एक और आईएएस अफ़सर ने स्वैच्छिक सेवानिवृति मांगी है। यूपी के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफ़ा वीआरएस मांगा है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते सरकार से स्वैच्छिक सेवानिवृति देने का अनुरोध किया है।

**महिला एएनएम से लूट का खुलासा, तीन युवकों को किया गिरफ्तार**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज इलाके में बीते 7 जून को महिला एएनएम छ्छ्के साथ लूट के मामले में पुलिस ने आज खुलासा किया है। घटना को अंजाम देने वाले 3 शातिर लूटेरे गिरफ्तार हुए है। डीसीपी ने लूटेरों को पकड़ने वाली टीम को 20 हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की हैं। पुलिस ने लूटेरों के पास से लूट के 3 मोबाइल, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल सहित घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। मामले को लेकर डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने एडीसीपी शशांक सिंह और एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने बताया कि नगराम के अपैया गांव में रहने वाली महिला राजकुमारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से ड्यूटी खत्म कर ई-रिक्शा से घर वापस लौट रही थी। बिंदौआ मोड़ के आगे पहुंचने पर बाइक पर सवार 3 युवकों झपट्टा मारकर उसका पर्स लूटकर फ़रार हो गए थे। घटना के बाद डीसीपी ने पुलिस की 4 टीमों लगाया। पुलिस टीम ने शेरपुर लवल तिराहे के पास से बाइक सवार तीन युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम उमेश साहू, सुमित मौर्य और रोहित साहू निवासी बाराबंकी बताया। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर आलोक राव ने कहा, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तेलीबाग के शनि मंदिर चौराहे पर लगने वाली लेबर मंडी में काम के लिए आए थे। काम न मिलने पर लूट की योजना बनाई। जिसके कुछ देर बाद शमशान घाट के पास एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग निकले।

### राज्यपाल आनंदीबेन ने राजभवन में योग दिवस के आयोजन को लेकर की बैठक, कहा

# स्कूलों, मैदानों व पार्कों में भी हो योगाभ्यास

**सगर्भा माताओं और आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी सिखाएं योग**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन में 21 जून को होने वाले योग दिवस आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने निर्देश दिया कि आयोजन सिर्फ राजभवन तक न होकर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल, खुले मैदानों, पार्कों आदि में वृहद रूप से कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव आयुष विभाग लीना जौहरी से खास तौर पर प्रत्येक जनपद में इस आयोजन को वृहद रूप में कराने को कहा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गर्भवती माताओं को तथा आंगनवाड़ी के बच्चों को भी योग सिखाने की व्यवस्था हो, जिससे स्वस्थ संतान के साथ-साथ बच्चों में भी योग की आदत विकसित हो। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने प्रकृति और मौसम के साथ जुड़कर योगाभ्यास कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा खुले मैदानों में योगाभ्यास के दौरान यदि वर्षा होती है तो मौसम के अनुकूल सहज आसनों का योग किया जाए, लेकिन योगाभ्यास प्राकृतिक वातावरण में ही किया जाए। राज्यपाल जी ने झुग्गी-बस्तियों के निवासियों, भिक्षावृत्ति से पृथक होकर मुख्य जीवनधारा से जुड़े उम्मीद संस्था की महिलाओं और बच्चों को भी योग में जोड़ने को कहा।

उन्होंने मंडलायुक्त लखनऊ मंडल डॉ0 रोशन जैकब को निर्देश दिया कि इन बस्तियों के निवासी लोगों को योग से अवश्य जोड़ें तथा उन्हें योग की सामग्री यथा टी-शर्ट, मैट आदि भी उपलब्ध करवाएं। बैठक में राज्यपाल जी ने उ0प्र0 सरकार से भी अपेक्षा की कि प्रदेश के सभी मंत्रीगण अलग-अलग स्थलों पर जाकर योग कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करें तथा लोगों में योग के प्रति जागरूकता और रूचि का प्रसार करें। राज्यपाल ने बैठक में जन सहयोग से योग के जनसंकल्प पर जोर दिया और कहा कि योग का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने बताया कि 15 जून, 2024 से योग सप्ताह प्रारम्भ हो जाएगा, जिसका समापन 21 जून, 2024 को योग दिवस के दिन होगा। योग की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल की मंशानुरूप अधिक प्राकृतिक योग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मंडलायुक्त डॉ0 रौशन जैकब ने कहा कि योग से प्रदेश के अधिकाधिक स्कूल जोड़े जाने का प्रयास होगा। कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तृत चर्चा के दौरान अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने राज्यपाल जी की प्रेरणा से योग को जीवन का अंग बनाने की ऑनलाइन शपथ का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की मुहिम की जानकारी देते हुए बताया कि https://rajbhawanyogapledge.in/ लिंक से पंजीकरण कराकर शपथ की इस मुहिम को सफल बना सकते हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब, विशेष सचिव राज्यपाल बी.एन. सिंह, अपर निदेशक सूचना अंशुमान त्रिपाठी, वी.सी. एल.डी.ए., विशेष सचिव पर्यटन, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, नगर आयुक्त जनपद लखनऊ, संयुक्त निदेशक सूचना दिनेश गुप्ता, राजभवन एवं आयुष विभाग तथा अन्य के सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पंचम तल से लेकर जिलों तक होगा बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

समृद्धि न्यूज

**एसपी गोयल और देवेश चतुर्वेदी जाएंगे केंद्र**

**लखनऊ।** यूपी में उच्च स्तरीय भारी प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिलेगा। सूबे के चीफ सेक्रेटरी का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। उनकी जगह पर कोई नया आला अधिकारी बैठाया जा सकता है। वही सूबाई सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्त एवं कार्मिक जल्द ही केंद्र में प्रतिनियुक्त पर जाना है। उनको केंद्र में तैनाती के लिए राज्य सरकार के स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

राज्य सरकार ने कल ही तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आबकारी आयुक्त आदेश सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार दिया है। आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. छुट्टी पर हैं। धनंजय शुक्ला को विशेष सचिव नियुक्ति से अपर आयुक्त राज्य कर बना दिए गये। विशेष सचिव खनन विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति की जिम्मेदारी दी गई है। डा. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बने है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है।

केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। यूपी की ब्यूरोक्रेसी में जल्द ही बड़ा बदलाव होने वाला है। डा. देवेश चतुर्वेदी के पास नियुक्ति एवं कार्मिक के साथ कृषि विभाग भी है। मई में दो आईएएस अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद ऊर्जा और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। इन पदों पर भी तैनाती होनी है। आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर के कई अफसर इधर उधर होंगे। सूत्रों के मुताबिक कई जिलों के डीएम भी बदले जाने के आसार हैं।

# सिंचाई विभाग ने पुनर्जीवित की छोटी गण्डक नदी : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा गुर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ॠतु में राप्ती नदी में निरन्तर प्रवाह बनाकर गोरखपुर के 27 ग्राम तथा देवरिया के 06 ग्रामों सहित कुल 33 ग्रामों की लगभग 60000 की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित करने के साथ भू-गर्भ जल को भी बढ़ाने का कार्य किया है।

वहीं इसके साथ ही गुर्रा नदी से बाढ़ के समय बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करके गोरखपुर के 20 ग्राम एवं देवरिया के 06 ग्रामों सहित कुल 26 ग्रामों की 35000 आबादी को सुरक्षित करने के सराहनीय कार्य किया गया है। गुर्रा नदी का उद्गम स्थल गोरखपुर में प्रवाहित राप्ती नदी से ग्राम-रूदाइन मझगंवा, तहसील-बाँसगांव एवं ग्राम सेमरौना, तहसील-चौरी चौरा है। उद्गम स्थल से गुर्रा नदी का ढाल राप्ती नदी के ढाल से अधिक होने के कारण बाढ़ एवं ग्रीष्म ॠतु में पानी का बहाव समानुपातिक नहीं होने से बाढ़ अवधि में गुर्रा नदी से भारी तबाही की सम्भावना बनी रहती थी, वहीं दूसरी ओर ग्रीष्म ॠतु में राप्ती नदी के सूख जाने के कारण



आबादी एवं पशु पक्षियों एवं जीव-जन्तुओं को कृषि कार्य एवं पीने का पानी नहीं मिलने से जन-जीवन प्रभावित होता था। इसके साथ ही सिंचाई विभाग की पहल पर छोटी गंडक नदी को भी पुनर्जीवित करने हेतु प्रयास किये गये, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है। नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर व सफल साबित हुई। छोटी गण्डक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है जो नेपाल राष्ट्र के परसौनी जनपद-नवलपरासी से उद्गमित होकर भारत राष्ट्र में लक्ष्मीपुर खुर्द ग्राम सभा जनपद-महराजगंज उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है। यह नदी महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया जनपदों में 250 किमी0 की लम्बाई में बहती हुई अनन्तः बिहार राज्य के सीवान जिले के गोठनी के पास घाघरा नदी में मिल जाती है।

### आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह के सेवा में वापसी के रास्ते बंद

**लखनऊ।** यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह के दोबारा नौकरी में आने के प्रयासों पर ब्रेक लग गया है। फरवरी में उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया था। अब उन्होंने पुनः सेवा में आने के लिए नियुक्ति विभाग को आवेदन दिया था। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश सरकार ने आवेदन अस्वीकृत करने संस्तुति के साथ केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय यानि डीओपीटी को भेज दिया। 2022 में अभिषेक गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रेक्षक बनाकर भेजा गया था। जहां एक फोटो वायरल होने के पर चुनाव आयोग ने उन्हें हटा दिया था। इसके बाद अभिषेक ने यूपी में ज्वाइन नहीं किया। इस पर राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। अक्तूबर 2023 में उन्होंने इस्तीफा भेज दिया, जिसे केंद्र ने स्वीकार कर लिया। अभिषेक जौनपुर से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सरकारी सेवा में पुनः वापसी के प्रयास शुरू किए। अभिषेक की पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल आईएएस अधिकारी हैं।

# स्वयं सहायता समूहों को दिया जा रहा प्रोत्साहन

**बढ़ाई गई रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि की राशि**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों व क्रियाकलापों को बढ़ावा देने व उन्हें प्रोत्साहित करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आमदनी में और अधिक इजाफा हो सके तथा ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी होने के साथ अपने परिवार को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक रूप से समृद्ध व सक्षम बना सकें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि बढ़ाये जाने से न केवल समूहों के क्रियाकलापों की गति तेज होगी, बल्कि समूहों की दीदियों का समाज में सम्मान बढ़ेगा।स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 से सभी योग्य स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के अंतर्गत 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार तथा सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत 1 लाख 10 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार रूपये कर दिया गया है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि इसका अनुमोदन विगत दिनों राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश स्तर की 20वीं शासी निकाय की बैठक में प्रदान किया जा चुका है। इस संबंध में निर्धारित शर्तों व भारत सरकार की गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की जाने वाली रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि को बढ़ाये जाने के संबंध में मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन द्वारा जिलाधिकारियों को परिपत्र जारी कर गाइड लाइन्स के अनुपालन की अपेक्षा की गई है।

### जनता के बीच ले जाएं नागरिक सुरक्षा के कार्य : धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने आज नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नागरिक सुरक्षा के कार्यों को जनोपयोगी ढंग से उपयोग में लाये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारियों के माध्यम से जनपदों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स को जन कार्यों में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया जाय साथ ही समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स के जनहित के कार्यों से आम जनता को अवगत कराने हेतु समुचित प्रयास किये जायें जिससे जनता में नागरिक सुरक्षा के कार्यों के प्रति सम्मान का भाव जागृत हो।श्री प्रजापति ने होमगार्ड सेवा को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड्स को अधिकतम ड्यूटी आवंटित किये जाने हेतु नियमानुसार रोस्टर का निर्धारण कर उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। श्री प्रजापति ने नागरिक सुरक्षा विभाग एवं होमगार्ड विभाग को समृद्ध व सुदृढ़ बनाये जाने पर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक 15 जनपदों में नागरिक सुरक्षा की इकाई कार्य कर रही है तथा शेष 60 जनपदों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स तैनात किये जाने का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है।

# अंबेडकर विवि में कमान अधिकारी ने वितरित किए एनसीसीसी प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शुक्रवार को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में एनसीसी सी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन 67 यूपी वाहिनी एनसीसी द्वारा किया गया। जिसके तहत उत्तीर्ण कैडेटों को 67 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम में कुल 43 उत्तीर्ण कैडेटों को प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त अवसर पर कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने एनसीसी कैडेटों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रमाण पत्र कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि आपकी मेहनत, साहस, धैर्य, ज्ञान और देश सेवा का सबूत है। इस प्रमाण पत्र के जरिए आप अपनी सफल होने की राह में इसकी भागीदारी



से अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। उक्त अवसर पर ले . (डा.) मनोज कुमार डडवाल, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी 67 बटालियन के सूबेदार मेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिग जेसीओ सूबेदार जितेंद्र गुप्ता ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार शोभनाथ, हवलदार आनन्द सहित अन्य जेसीओ व एनसीओ के अलावा एनसीसी कैडेट्स भी मौजूद रहे।

### कई इलाकों में बादल छाए हवाओं में नमी से राहत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरूवार की शाम 4 बजे के बाद मौसम बदल गया। कई इलाकों में बादल छा गए। हवाओं में नमी से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लखनऊ के लोगों को मानसून का इंतजार है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने जून के महीने में मौसम में राहत मिलने की बात से इनकार किया है। गुरूवार को दिन में 3 बजे तक लखनऊ का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार रहा। इससे पहले बुधवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह इस साल जून महीने का अब तक का अधिकतम तापमान रहा। यह सामान्य से से 5.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

**चिंताजनक** | **पूरे देश में एक दिन में सबसे ज्यादा 653.53 मि. यूनिट बिजली आपूर्ति : शर्मा**

# भीषण गर्मी व लू से प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ी

**सफलता के लिए ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश के उपभोक्ताओं व ऊर्जा परिवार को दी बधाई**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश मे भीषण गर्मी और लू के कारण विद्युत की मांग ऐतिहासिक रूप से बढ़ी है। बढ़ी हुई विद्युत की मांग को ऊर्जा विभाग सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। 12 जून को 22.33 बजे प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक 30240 मेगावॉट की विद्युत आपूर्ति कर पीक आवर की अधिकतम मांग को पूरा किया गया। 12 जून को ही 17.57 बजे 23988 मेगावॉट विद्युत की न्यूनतम मांग रही।

पूरे देश में एक दिन में सबसे ज्यादा 653.53 मिलियन यूनिट बिजली की खपत प्रदेश में हुई। विद्युत आपूर्ति के मामले में पूरे देश में प्रदेश को की गयी आपूर्ति सर्वाधिक रही तथा अग्रणी राज्यों से उत्तर प्रदेश बहुत आगे है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री केआशीर्वाद एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ऊर्जा विभाग के कुशल प्रबधंन एंव विद्युत कार्मिकों के कर्तव्यपरायणता की बदौलत प्रदेश ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त किया है और हम इस समय प्रदेश के इतिहास की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर रहे है। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से ऊर्जा के क्षेत्र में नये रिकार्ड बन रहे है और शीघ्र ही पूरे प्रदेश को रोस्टर फ्री 24 गुणा 7 विद्युत की आपूर्ति मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में 24 घंटे विद्युत की औसत आपूर्ति की गयी। इसमें औद्योगिक क्षेत्रों, महानगरों, मण्डल व जिला मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, नगर पंचायतों आदि में 24 घंटे आपूर्ति की गयी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी 23.55 घंटे की विद्युत आपूर्ति की गयी। प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलें, इसके लिये विगत दो वर्षों से विद्युत ढांचे को सुदृढ़ करने, उपकेन्द्रों और ट्रांसफार्मर्स की क्षमता बृद्धि का कार्य किया जा रहा है, जहां कहीं पर भी जर्जर पोल और केबल विद्युत आपूर्ति में बाधक बन रही है उसे बदला जा रहा है। उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले, इसके प्रयास किये जा रहे। ऊर्जा विभाग की बेहतर कार्यप्रणाली, कुशल प्रबंधन तथा विद्युत कार्मिकों की कार्यो के प्रति लगन एवं निष्ठा की बदौलत पूरे प्रदेश को 24 घंटे विद्युत की आपूर्ति करने में सफ़लता मिली है। अभी भी जहां कहीं से भी स्थानीय दोषों के कारण विद्युत व्यवधान की शिकायतें मिल रही, उसका शीघ्र निदान ही नहीं किया जा रहा, बल्कि समस्या आगे न हो, उसका जड़ से ही निदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसमें जनप्रतिनिधियों, उपभोक्ताओं तथा विशेषज्ञों की भी सलाह लेकर विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है।ऊर्जा मंत्री ने प्रदेशवासियों, उपभोक्ताओं तथा विद्युत कार्मिकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है और निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल करने में कार्मिकों के कठोर परिश्रम की सराहना भी की है। उन्होंने विद्युत कार्मिकों को निर्देशित किया है कि पूरे समर्पण के साथ एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर उपभोक्ताओं की सेवा करें, जिससे जल्द ही प्रदेश को विद्युत आपूर्ति में ही नहीं बल्कि उपभोक्ता सेवा के क्षेत्र में भी पूरे देश में प्रदेश को अग्रणी स्थान मिले।

# डीएम के फैसलों से स्वच्छता, विकास व सुशासन के पथ पर जनपद

- विगत वर्ष 12 जून 2023 को नेहा शर्मा ने जिलाधिकारी के रूप में संभाला था जिले का चार्ज
- अपने कठोर फैसलों के कारण जनता में जनप्रिय बनीं जिलाधिकारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद गोंडा में अपने एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने 12 जून 2023 को जिले की बागडोर संभाली थी। इन चंद महीनों में ही उन्होंने बदलते गोंडा की नई तस्वीर खींच दी है। कभी प्रदेश के पिछड़े जिलों में गिना जाने वाला गोंडा आज स्वच्छता, विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर है। उनके बेहतरीन प्रबंधन और दृढ़ इच्छा शक्ति का ही नतीजा है कि जनपद में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो गए।

बात चाहें, सरकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने की हो या जनपद में विकास के नए आयाम तलाशने की, नेहा शर्मा जनपदवासियों के लिए एक उम्मीद बनकर आई हैं। ग्राम चौपाल, जनता दर्शन, शिकायतों के त्वरित निस्तारण जैसी कोशिशों से जहां जनता के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू कर सिस्टम के प्रति लोगों का विश्वास जगाया है। उनकी दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि प्रोजेक्ट वनटांगिया जैसे सफल अभियानों से वर्षों से जंगलों में जीवन जीने को मजबूर इस पिछड़े समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की गई। लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ही जनपद की तस्वीर भी बदली है।

### सबसे बड़ा कन्या पूजन कर बनाया रिकॉर्ड

जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा बीती 22 अक्टूबर को देश के सबसे बड़े कन्या पूजन का आयोजन कर कीर्तिमान स्थापित किया। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में इस दर्ज भी किया गया है। जनपद में 11800 से ज्यादा कन्याओं का कन्या पूजन किया गया।

### बदल रही जनपद की रंगत

छह महीने पहले जिलाधिकारी द्वारा शुरू किए गए शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य अब दिखने लगा है। गोंडा शहर के सार्वजनिक स्थलों की जो दीवार कभी गंदगी का कहानी बयां करती थी वह आज मिशन शक्ति वॉल और स्वीप वॉल के रूप में बदलाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही हैं। अदम गोंडवी मैदान की दीवार पर बनी एसडीजी वॉल विकास के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शा रही है। शहर के पुराने सकरा तालाब, रेलवे स्टेशन के साथ के तालाब समेत कई स्थलों को संरक्षित करने का कार्य किया गया है।

### शिकायत मिलने पर तत्काल हटाए गए पीले ईंट, संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज की सुमन द्वारा नगर पालिका कर्नलगंज के मोहल्ला नई बाजार में हो रहे देवी बक्श सिंह मार्केट के निर्माण व बस स्टाप चुंगी नाका के बगल में हो रहे नाली निर्माण तथा सरयू इंटर कॉलेज रोड के किनारे नाला निर्माण के कार्य में पीले ईट के प्रयोग होने के सम्बन्ध में जांच कराए जाने की शिकायत की गई थी। इसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद करनैलगंज के अधिशासी अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी ने अवर अभियंता को मौके पर भेज कर जांच कराई जिसमें पाया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य हेतु मंगाये गए ईट में तृतीय श्रेणी के ईंट पाए जाने पर तत्काल हटा दिया गया तथा नगर पालिका परिषद में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों की एक बैठक बुलाकर मानक के अनुरूप कार्य न कराये जाने पर कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट किए जाने के निर्देश दिए गए व अवर अभियंता को मानक अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कराये जाने हेतु आदेशित किया गया। वहीं अवर अभियंता ने बताया कि बस स्टाफ चुंगी नाका के बगल में हो रहे नाली निर्माण तथा सरयू इंटर कॉलेज रोड के किनारे नाला निर्माण का कार्य एक माह पूर्व से बंद है। जनपद में चार्ज लेने के कुछ ही दिनों बाद नजूल पट्टी पर किए गए अतिक्रमण को ढहाने का काम जिला अधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा किया गया वहीं आधा अधूरा अतिक्रमण हटाने से जनता में कहीं न कहीं रोष उत्पन्न है।



## दो रोजा उर्स का धूमधाम से हुआ आयोजन

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** कटरा रोड निकट रेलवे गुमटी बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह का दो रोजा सालाना उर्स बड़े ही धूम धाम से सोमवार व मंगलवार को आयोजित हुआ। जिसकी अगुवाई सज्जादा नशीन अनवारुल हक शाह पप्पू मियां, इसरारुल हक शाह लल्लू मियाँ,मेराजुल हक शाह गुड्डू मियाँ शानू मियाँ व गुलजार मियाँ ने की। जहाँ सोमवार की रात्रि खानकाही व सूफ़ियाना क़व्वाली तथा मंगलवार की रात्रि कव्वाल ठाकुर अवेंद्र सिंह छोटे अजीज मियाँ व शाहवेज वारसी के बीच जबरदस्त क़व्वाली मुकाबला का आयोजन हुआ। कस्बे व दूर दराज से आये हुए हजारों की संख्या में तमाम अकीदत मंदों ने पूरी रात्रि खूब क़व्वाली का आनंद लिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन व इमामे ईदैन शमीम अहमद अच्छन, सपा जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद पप्पू, इब्राहीम मास्टर,शाहिद रजा एडवोकेट, हाजी जुबेर ताज मोहम्मद खान,मोहम्मद इरफान सभासद, मोइनुद्दीन कुरैशी, बॉबी रजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला महिला अस्पताल बना दलालों का अड्डा, आशा बहुओं से सांठगांठ कर हो रहा खतरनाक खेल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




योगी सरकार के तमाम दावों के बावजूद गोण्डा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बुरा हाल है ऐसा मामला यहाँ आए दिन सामने आता रहता है। गोंडा जिला महिला अस्पताल में प्रसूता महिलाओं की डिलीवरी के लिए दलाल उनकी बोली लगाते हैं,यही नहीं उनके स्वास्थ्य कर्मी भी उनको गुमराह करके प्रसूता महिलाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं हैरानी की बात ये है कि ये दलाल अस्पताल में ही बैठे रहते हैं और आशा बहुओं से सांठगांठ करते महिलाओं को सरकारी अस्पताल में सुविधाएं नहीं होने का हवाला देकर प्राइवेट अस्पताल ले जाते हैं।

गोण्डा जिला महिला अस्पताल में प्रसव कराने आने वाली प्रसूता महिलाओ की डिलीवरी कराने के लिए प्राइवेट अस्पताल के दलाल प्रसूता महिलाओं को अस्पताल के मुख्य गेट या फिर अंदर से गुमराह करते हुए निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। इस पूरे खेल में कई आशा बहू और अस्पतालकर्मी भी शामिल है। सूत्र बता रहे है कि इनकी ये पूरी करतूत आए मीडया के कैमरे में भी कैद होती है।और फिर खबर प्रकाशित होती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उस पर पर्दा डालते हैं।

अस्पताल में दलालों का यह सिंडिकेट प्रसूता महिलाओं के जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है कई बार प्रसूता महिलाओं को स्वास्थ्य महकमा लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और इन आशा दलालों पर अंकुश नहीं लग रहा है।वही जब इस प्रकरण में जानकारी जिला महिला अस्पताल सीएमएस से की गई तो उन्होंने बताया कि अगर इस प्रकार का कोई प्रकरण आता है हमारे सामने तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवती की हत्या कर शव जंगल में फेंका, हड़कम्प

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की देर शाम को कुवानो नदी के पास जंगल मे एक युवती का शव बोरे में भरा हुआ मिला है। उस की हत्या कर के शव बोरे में भर कर लाकर जंगल मे फेक दिया गया। युवती की पहचान नही हो सकी है। बोरे से गन्ध आने पर वही के आस पास के लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर राजा के मजरा मौहरिया में कुंआनो नदी पर बने पुराने पुल के पास एक युवती का शव पड़ा हुआ था। आस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस जब पुल के पास पहुंची तो पुल के उत्तरी छोर पर एक बोरी पड़ी हुई थी। बोरी में भरा शव को देखने से लगता है कि तीन से चार दिन पुराना है। युवती की पहचान नहीं हो सकी है। आस पास के लोगो का कहना है कि युवती की हत्या कर ने के बाद शव को बोरे में भर कर ला कर फेका गया है।

# बकरीद के त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट

- पीस कमेटी की मीटिंग में अधिकारियों ने लोगों से की अपील
- प्रतिबंधित पशुओं की न दें कुर्बानी, सोशल मीडिया पर न करें माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



गोण्डा में ईद अल-अजहा (बकरीद) को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं और खरीददारी में जुटे हुए हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। ये मीटिंग पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष व सीओ, सीआरओ, सिटी मजिस्ट्रेट व समस्त एसडीएम, धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में मौजूद धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाये। पशुओं की कुर्बानी बंद परिसर में ही दी जाये न की खुलें में। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मांस का परिवहन भी ढक कर किया जाए किसी ऐसे स्थान से मांस का परिवहन न किया जाए जहां पर माहौल बिगड़ने का संभावना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। इस मौके पर सीआरओ महेश प्रकाश ने सभी स्थानीय निकाय के अधिशासी अधिकारियो को निर्देश दिए कि वह इस त्यौहार के मद्देनजर पशुओं की कुर्बानी के बाद बचने वाले अवशेष को सही तरीके से डिस्पोज करें। साफ सफाई बनाए रखें। पेयजल की व्यवस्था बनायें रखें।

## खबरें एक नजर में

### आतंकवादियों के विरुद्ध कड़े एक्शन लेने की मांग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर जाते समय हुए आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों के लोगों ने प्रदर्शन किया। सभी ने सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कड़े एक्शन लेने की मांग की।विश्व हिंदू परिषद के अजय सिंह की अगुवाई में दर्जनों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले से नाराज हिन्दू संगठनों ने आज धरना स्थल पहुंच कर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में जुटे हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बीते 9 तारीख को जम्मू कश्मीर के वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। जिसमें 10 हिंदू तीर्थ यात्री की मौत हो गई। इस दौरान पदाधिकारी ने कहा कि जब से धारा 370 हटी है और देश में एक और मोदी सरकार शपथ ले रहे थे दूसरी ओर आतंकियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ है, इसको लेकर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि ऐसे आतंकवादियों पर कठोर कार्रवाई की जाए जिससे आने वाले समय में ऐसे हमले न कर सकें। प्रदर्शन के बाद सभी ने पीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एंटी करप्शन की टीम ने डाक कर्मचारी को घूस लेते पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा डाक विभाग में तैनात डाक सहायक को बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम डाक सहायक को लेकर साथ चली गई है। नानपारा में संचालित डाक विभाग में आजाद की तैनाती है। आजाद को विभागीय कार्यों में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया था। आजाद का कहना है कि बहाली के लिए डाक विभाग में तैनात डाक सहायक विनोद कुमार की ओर से दो लाख रूपये की मांग की जा रही थी।बृहस्पतिवार को डाक सहायक ने आजाद से रूपये की मांग की थी। इसकी शिकायत आजाद ने एंटी करप्शन टीम से कर दी।दोपहर में एक बजे के आसपास 20 हजार रूपये घूस देते समय डाक सहायक विनोद कुमार को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे निरीक्षक कार्यालय में ले गए। पूछताछ के बाद डाक सहायक को एंटी करप्शन की टीम साथ लेकर चली गई। एंटी करप्शन टीम के छापेमारी को लेकर विभाग में हड़कंप मच गया है। नानपारा में स्थित डाक विभाग के कार्यवाहक पोस्टमास्टर विजय कुमार ने बताया कि टीम आई थी। डाक सहायक को रूपये लेते गिरफ्तार किया है।

### लगातार पांच बार से चुने गए ग्राम प्रधान का निधन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** त्रिवेदीगंज विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जौरास के लगातार पांच बार प्रधान चुने जा चुके प्रधान गया प्रसाद यादव उर्फ मुन्नू यादव 70 का घर पर इलाज के दौरान निधन हो गया। मुन्नू यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख गोमती यादव के बड़े भाई थे। पैत्रक बाग में हुए अंतिम संस्कार में सांसद तनुज पुनिया, पूर्व विधायक राम मगन रावत गौतम रावत सियाराम यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर हिस्सा लिया एवं शोक संतृप्त परिवार को ढाँढस बंधाया।

# घर में सो रहे बालक को तेंदुए ने हमला कर मार डाला

- आधी रात को घर में कूद गया तेंदुआ, पिंजड़ा लगाने की तैयारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



धर्मापुर रेंज के गांव में रात डेढ़ बजे तेंदुआ घर में कूद गया। इसके बाद उसने छह वर्षीय बालक पर हमला कर दिया।

सीएचसी में इलाज शुरू होते ही बालक की मौत हो गई। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के ग्राम पंचायत जलिहा के मजरा टेपरा गांव निवासी शाहिद का मकान जंगल से 100 मीटर की दूरी पर बना हुआ है। बुधवार रात को परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। जबकि अन्य लोग नीचे थे। रात डेढ़ बजे जंगल से निकल कर तेंदुआ घर में घुस गया। इसके बाद वाहिद (6) को तेंदुआ जबड़े में दबोचकर घर के बाहर चला गया। परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ बालक को छोड़कर फरार हो गया। रात में ही बालक को वाहन से सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। तेंदुए के हमले की जानकारी होने पर एसडीएम संजय कुमार, डीएफओ बी शिव शंकर, रेंजर रत्नेश कुमार भी मौके पर गए। गुरुवार सुबह गांव पहुंच कर पगचिन्हों का जायजा लिया। डीएफओ ने बताया कि 10 हजार आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

### तीन टीम लगी, पिंजड़ा भी लगेगा

डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुए पर निगरानी के लिए एसटीपीएफ़, वन विभाग और एक अन्य टीम निगरानी के लिए लगाई गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया जा रहा है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात ने किया यातायात कार्यालय का निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ सुनील कुमार सिंह द्वारा यातायात कार्यालय परिसर आदि का निरीक्षण किया। यातायात निदेशालय द्वारा आवंटित धनराशि के सापेक्ष क्रय किये गये यातायात उपकरणों, सामानों व अभिलेखों तथा स्पीड लेजर गन और ब्रेथ एनलाइजर, बॉडीवार्न कैमरा आदि उपकरणों का निरीक्षण किया तथा समस्त उपकरणों का उपयोग किए जाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही सीसीटीवी सर्वर रूम,ट्रैफिक कमांड सेंटर का निरीक्षण कर जनपद के चौराहों,तिराहों पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों के क्रियाशीलता की स्थिति का निरीक्षण किया। यातायात कार्यालय,स्टोर,परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, प्रभारी यातायात अनेन्द्र यादव तथा यातायात शाखा के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# मानक विहीनता से बना बाढ़ के पानी को निकालने के लिए रैंप

- कुछ दिन पूर्व बनाया गया था रैंप अभी से लगा उजड़ने

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




**शिवपुर** विकास खण्ड के रायगंज बाढ़ के पानी को निकालने के लिय रैंप बनाया गया था। जो मात्र महज दस दिन हुए की उजड़ने लगा। दरअसल बता दे की प्रदेश की सरकार गांव में विकास की गति देने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। जिससे गांवों का विकास हो और इसका लाभ सीधे ग्रामीणों को मिले। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया कर रही हैं धरातल में विकास की दर शून्य हैं। ताजा मामला शिवपुर विकास खण्ड के रायगंज का हैं जो बाढ़ से ग्रसित गांव हैं। इस गांव में बाढ़ का खतरा अधिक रहता हैं पास ही सरयू नदी बहती हैं। गांव में बाढ़ का पानी भर जाता हैं पानी को निकालने के लिए अभी लगभग 10 दिन पूर्व ही रैंप बनाया गया था। जो पूरी तरह से मानक विहीनता से उसमें कार्य कराया गया। जो अभी से उजड़ने लगा ग्रामीणों से जानकारी लेने पर बताया गया कि मानक के विपरीत घटिया मटेरियल से इसका निर्माण हुआ इसी कारण ये उजड़ने लगा हैं। वहीं इस मामले खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर से बात कि गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली हैं जांच करायी जाएगी।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

**दो दिन पूर्व युवक ने की थी आत्महत्या**



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा की पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम मझौवा गांव निवासी मनीष कुमार की दो दिन पूर्व मौत हो गई। युवक की मां ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस महिला समेत दो लोगों पर दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दीपक सिंह, महिला सिपाही शालिनी सिंह और दिवाकर सिंह की टीम ने चीनी मिल मार्ग से गुरुवार को दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कोतवाल ने बताया कि पुलिस टीम ने कालीचरण पुत्र रामधन निवासी पचपेड़वा मंझौवा भुलौरा और सुमन देवी पत्नी मनीष गौतम निवासी नानपारा देहाती पीडब्लूडी डाक बंगला को जेल भेजा है।

# सोता रहा परिवार, चोरों ने उड़ाया लाखों का नगदी-जेवरात

- झाड़ियों में बिखरे मिले पूराने कपड़े और बक्सा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत इटहिया गांव में विशेश्वरगंज इकौना मार्ग पर स्थित एक मकान को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर के अंदर पहुंचे चोरों ने अलमारी और बक्से के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दिए। परिजनों को गुरुवार सुबह घटना की जानकारी हुई।इटहिया निवासी राम नारायण शुक्ल पुत्र बच्छराज खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। बीती रात परिवार के सदस्य छत और घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। पीछे का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने दो कमरों में रखी अलमारी और बक्से से करीब तीन लाख कीमत के जेवरात और एक लाख की नकदी चोरी कर ली।जिसमे विमलेश का बीस हजार ,घड़ी,पंकज का 55 हजार रुपए नकद, ऊषा का 28 हजार रुपए नकद व झुमका,झाला,पायल,अंगूठी,सपना का नकद 7 हजार रुपए,तथा बिछिया,पायल,अंगूठी,ठप्पा,हार,शामिल रहा। सुबह जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने आसपास देखा इसके बाद समान बिखरा देखा। कुछ दूरी पर झाड़ियों में पूराने कपड़े और खाली बक्सा पड़े मिले।इस पर पीडित ने चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है,अगली कार्यवाही की जा रही है।

# बाइक में बस ने मारी टक्कर, मां-बेटी समेत तीन की मौत

- बाइक से बुआ व बहन को ले जा रहा था युवक, बस ने तीनों को रौंदा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नानपारा बहराइच मार्ग पर रिसिया मोड़ के पास बाइक में प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फुफेरी बहन और उसकी बेटी की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रिसिया थाना क्षेत्र के रविदास नगर मैला गांव निवासी सुहेल (20) बाइक से फुफेरी बहन नसरूजहां और भांजी नसीमुन (16) के साथ जा रहा था। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सुहेल बाइक से फुफेरी बहन को उसके घर छोड़ने जा रहा था। शाम छह बजे के आसपास बाइक सवार को प्राइवेट बस संख्या यूपी 14 ईटी 1432 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।रिसिया थाना क्षेत्र के रविदास नगर मैला गांव निवासी सुहेल (20) बाइक से फुफेरी बहन नसरूजहां और भांजी नसीमुन (16) के साथ जा रहा था। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सुहेल बाइक से फुफेरी बहन को उसके घर छोड़ने जा रहा था। शाम छह बजे के आसपास बाइक सवार को प्राइवेट बस संख्या यूपी 14 ईटी 1432 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने की अपील, अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

- आगामी त्योहारों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



ईदुज्जुहा (बकरीद) त्यौहार व गंगा दशहरा को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सम्भ्रान्तजनों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आसन्न त्यौहारों को शासन-प्रशासन की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि शान्ति समिति की बैठक का उद्देश्य यही है कि संभ्रान्तजनों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किया जाय और उसका समय से निराकरण कराया जाय। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें। उन्होंने मौजूद लोगों का आहवान करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस कार्य में सभी लोग भरपूर सहयोग देते हुए ग्रामीण व नगर क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाये रखने में सहयोग करें। डीएम ने त्यौहार के अवसर पर नियमित जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति के लिए भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्यौहार को मनायें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। डीएम व एसपी ने कहा कि त्यौहार के अवसर पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनायें, निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाय। प्रतिबन्धित जानवरो की कुर्बानी न की जाय तथा अवशेष का सम्मानजनक ढंग से निस्तारण किया जाय। सड़कों पर धार्मिक आयोजन न किये जायें तथा ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग करने में शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। डीएम व एसपी ने कहा कि शरारती व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। किसी को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं होगी। गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी परन्तु माहौल को खराब करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया गया कि थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठक कर लें। बैठक के माध्यम से किसी समस्या के संज्ञान में आने पर उसका समय से निराकरण सुनिश्चित कराएं। एसडीएम को ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का पर्यवेक्षण करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्टेªट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, धर्मगुरूओ व संभ्रान्तजनों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक की सक्रियता से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शिवगढ़ ,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ की सक्रियता के चलते शिवगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है आपको बताते चलें कि शिवगढ़ पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जिन्हे देखकर आप इन पर यकीन नही करेंगे की यह पकड़े गए गिरोह के सदस्य चोरी की घटना को अंजाम देते थे परंतु यह गिरोह में शामिल सभी सदस्य गांव के किनारे बने मकानों,मंदिरों एवं रोड पर खड़े वाहनों को अपना निशाना बनाते थे और चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों युवक बड़े ही शातिर तरीके से गायब हो जाते थे कम उम्र होने के कारण किसी को इन पर शक नहीं होता था गौरतलब हो कि शिवगढ़ पुलिस ने बीते दिनों शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गुरुवार को गिरफ्तार किया पुलिस के मुताबिक पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गए गिरोह के सदस्यों ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले उनके गिरोह का एक सदस्य उस जगह की रेकी करता था जहां पर घटना को अंजाम देना होता था उसके बाद रात के अंधेरे में वह लोग बड़े ही शातिर तरीके से घटना को अंजाम देकर गायब हो जाते थे साथ ही पुलिसिया पूछताछ में सभी ने बताया कि वह सभी लोग अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देते थे।




विदित हो की शिवगढ़ पुलिस की सक्रियता ने चोरों को पुलिस के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया वहीं इस मामले की जानकारी देते हुए शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए उन्होंने पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की थी जिसकी मॉनिटरिंग वह स्वयं कर रहे थे पुलिस टीम की कड़ी मशक्कत के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों, राजीव कुमार यादव पुत्र रामदास यादव निवासी पुरे भोला मजरे तौली थाना शिवगढ़, मनीष कुमार पुत्र रामनिज उम्र 18 वर्ष निवासी पुरबिया मजरे ओसाह थाना शिवगढ़, व शिवम यादव पुत्र रामअवध यादव उम्र 17 वर्ष निवासी पूरे भोला मजरे तौली थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने कुल 55210 रुपए एवं राजीव कुमार पुत्र रामदास यादव के पास से एक अदद देसी तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर भी बरामद करते हुए पुलिस ने तीनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई महेश कुमार, एसआई सुधीर कुमार पांडे, (आरक्षी सिकंदर अली, आशीष कुमार) मौजूद रहे हैं।

# एक्टर ने अपनी फिल्म के लांचिंग से पूर्व पवन पुत्र का लिया आशीर्वाद

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जनपद में जन्मे और बॉलीवुड की दुनिया में उभरते हुए सितारे गौरव कुमार ने बृहस्पतिवार को अपनी नई फिल्म नाच बसंती नाच की लांचिंग से पूर्व जनपद की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध पीपलेश्वर चुरुवा हनुमान मंदिर में पवन पुत्र महाबली हनुमान जी महाराज की चौखट पर माथा टेक कर पवनसुत का आशीर्वाद प्राप्त कियाद्य इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज मेरी नई फिल्म नाच बसंती नाच लांच



होगी, जिसके लिए मैंने संकटमोचन पवन पुत्र महाबली हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी फिल्म के सफल होने की कामना की है।

## खबरें एक नजर में

### गिट्टी लदा ट्रक पलटा, चालक क्लीनर घायल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बांदा बहराइच मार्ग पर गुरुवार की सुबह लगभग 8ः30 बजे के करीब गिट्टी लाद कर बहराइच जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से बिजली के दो खंभे भी टूट गए, इस हादसे में चालक व क्लीनर को चोटें आ गई। बछरावां –लालगंज मार्ग पर ठकुराइन खेड़ा गांव के पास गुरुवार की सुबह लगभग 8ः00 बजे के करीब बांदा से गिट्टी लादकर बहराइच जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया । इस हादसे में चालक राम सुमेर 42 वर्ष पुत्र राम सरोज तथा क्लीनर रिंकू 27 पर पुत्र देवी चंद को चोटें आ गई। ट्रक की चपेट में आने से दो बिजली के खंभे भी टूट गए जिससे ठकुराइन खेड़ा सहित भवानीगंज के विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई ।यहां के लगभग 500 उपभोक्ताओं को पूरे दिन बिजली की किल्लत से जूझना पड़ा।

### दिव्यांगजन दुकान निर्माण-संचालन हेतु करें आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/ संचालन योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत रु0 10,000/– धनराशि जिसमें रु0 7,500/– की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू0 2,500/– अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास न्यूनतम 40 प्रतिशत का दिव्यांगता प्रमाण–पत्र एवं जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो, साथ ही जिनके पास व्यवसाय चलाने हेतु पर्याप्त स्थान एवं संसाधन उपलब्ध हो, वे दुकान निर्माण/संचालन योजना का लाभ पाने हेतु इस योजना का आवेदन–पत्र कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त करके, वेबसाइट http://divyangjandukan. upsdc.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त समस्त संलग्नकों सहित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, रायबरेली स्थित विकास भवन भूतल में जमा कर सकते हैं।

### 30 कुंतल भूसा किया दान



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद रायबरेली, विकासखंड राही के अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल कनौली में संरक्षित 294 निराश्रित/ बेसहारा गोवंशों के भरण पोषण हेतु रवीन्द्र प्रताप सिंह, (निर्माता–मेसर्स शिव आई0टी0 एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी) द्वारा लगभग 30 कुंतल भूसा का दान किया गया। रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भूसा दान महादान है, इसमें हम सभी नागरिकों को बढ़–चढ़कर निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा दान किये जाने में सहयोग प्रदान करना चाहिये तथा अन्य सभी स्थानीय निवासियों को भी भूसा दान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिये। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा भूसा दान महादान पर पुरजोर सहमति जताई गई। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर रायबरेली डॉ संजय सिंह, प्रमोद सिंह ड्रेसर, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज गुप्ता, केयर टेकर आलोक कुमार तथा 04 गोसेवक के साथ–साथ भगवानदीन, माता बक्श, दिलीप कुमार, शाहनवाज, कमल सिंह, वीरेन्द्र यादव, सतेन्द्र बहादुर, रामफेर, राजकमल, किशोरी लाल आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।

### चार बच्चों की मां फरार, एसपी की चौखट पर पहुंचा पति

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** एक मां अपने चार बच्चों को छोड़कर फरार हो गई पत्नी को खोजने के लिए पति अपने चार बच्चों को लेकर पुलिस अधिकारियों के चौखट पर चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है न्याय के लिए दर–दर भटक रहे पति ने गुरुवार को अपने चार बच्चों के संघ पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर पत्नी को खोजने के लिए गुहार लगाई है मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बिझलामऊ निवासी राम भरोसे पुत्र सुखदेव का है प्रार्थी ने बताया कि उसकी पत्नी बीती 15 तारीख से अपने चार बच्चों को छोड़कर कहीं फरार हो गई है जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिली पति ने इसकी सूचना कोतवाली डलमऊ में दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई पति ने बताया कि उसकी पत्नी गजानन थाना क्षेत्र की रहने वाली है पत्नी के फरार होने की सूचना उसने गदागंज कोतवाली में भी दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई न्याय के लिए बच्चों के संग दर–दर भटक रहे पति ने न्याय न मिलता देख गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक अग्रवाल की चौखट पर पहुंचकर पत्नी को खोजने की गुहार लगाई है एसपी अभिषेक अग्रवाल ने पीड़ित को पुलिस टीम लगाकर खोजने का आश्वासन दिया गया है।

### हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरुस्कार योजनान्तर्गत करें आवेदन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उप आयुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एंव उद्यमिता विकास केन्द्र सुधीर कुमार ने बताया कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग कानपुर अनुभाग–13 के आदेश द्वारा विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरुस्कार योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए हस्तशिल्प के क्षेत्र में राज्य हस्तशिल्प/दक्षता पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु कलाकृतियों सहित हस्तशिल्पयों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द इटावा से नि:शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर हस्तशिल्प पहचान पत्र धारक हस्तशिल्पी आवेदन पत्र के साथ अपनी कलाकृति 7 जुलाई 2024 तक कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द इटावा में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। कलाकृति हस्तशिल्पी के द्वारा स्वंय बनी होनी चाहिए, जिसका शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए साक्ष्य के रूप में कलाकृति को बनाते हुए फोटोग्राफी / वीडियोग्राफी आवेदन पत्र के साथ जमा करनी होगी। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्योग केंद्र इटावा में सम्पर्क किया जा सकता है।

# अवैध निर्माण को रोकने के लिए ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अवैध रूप से नाले के किनारे अतिक्रमण करने वाले लोगों की शिकायत दम तक स्थानीय लोगों ने पहुंचाया है स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे शहर का अपनी इसी नाले से होकर नदी में उतरता है लेकिन कुछ लोग उस पर कब्जा करके अवैध रूप से पुलिया का निर्माण कर रहे हैं जो की पूरी तरह से गलत है इससे शहर के अंदर का पानी बाहर नहीं निकल पाएगा और जल भराव की समस्या बन जाएगी। जबकि शिकायतकर्ताओं ने आरोप ये भी लगाया है की पुलिया निर्माण करने वाले लोग उसे गलत तरीके से नगर पालिका का नाम लेकर बना रहे हैं जबकि नगर पालिका ने ऐसा कोई भी आदेश नहीं दिया है।

# व्यापारियों ने सीओ को दिया, ज्ञापन लगातार हो रही हैं चोरियां

> 3 दिन में अगर चोरी की घटनाओं का खुलासा न हुआ तो अखिल भारतीय व्यापार मंडल करेगा आंदोलन

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों से आम जनमानस सहित व्यापारी दहशत में जीने को मजबूर हैं और कोतवाली पुलिस है जो आल इज वेल का पहाड़ा पढ़ने में मशगूल है गस्त के नाम पर कोतवाली पुलिस के जवान पस्त ही नजर आते हैं। वही अखिल भारतीय व्यापार मंडल महराजगंज के



पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी यादवेंदु पाल से मुलाकात कर लगातार हो रही चोरियों के खिलाफ एक ज्ञापन दिया ।व्यापारियों ने मांग की संतोष कुमार पुत्र सूरज लाल निवासी कस्बा महराजगंज गांधीनगर के यहां 12 तारीख को चोरी में नगदी व सोने चांदी के जेवर उड़ा ले गए ।देशराज पुत्र संतू निवासी गांधीनगर कस्बा महराजगंज चोरों द्वारा नगदी व जेवरात चुरा ले गए भगानी पुत्र रामदास निवासी मोरियां बाग चंदापुर रोड महराजगंज चोरों द्वारा नगदी व अन्य जेवरात व मोबाइल फोन चुरा ले गए लगातार कस्बा सहित क्षेत्र में हो रही चोरियों में अधिकतर महराजगंज पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं करती जांच का बहाना बनाकर पीड़ितों को टरका दिया जाता है ।महोदय व्यापार मंडल द्वारा आप से मांग करता है की लगातार कस्बे में हो रही चोरियों का खुलासा अगर 3 दिन के अंदर नहीं होता तो व्यापार मंडल द्वारा संपूर्ण महराजगंज का व्यापार बंद कर दिया जाएगा आंदोलन के लिए विवश होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी व्यापार मंडल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस मौके पर अखिल भारतीय व्यापार मंडल के संरक्षक डॉक्टर मातादीन पासी अध्यक्ष रिंकू जायसवाल नगर विकास मंत्री के महामंत्री संदीप वैश्य बबलू वैश्य शिव कैलाश सोनी रमजान अली एडवोकेट विक्रमादित्य संतोष मोदनवाल गौतम वैश्य जगदीश प्रसाद शिवप्रसाद कंचन वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा हर हाथ को काम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचाहार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें सुश्री तनुजा यादव ने साथ-साथ रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करने की जानकारी संस्थान



के प्रशिक्षार्थियों को दी गयी।

कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। एमसीसी वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 159 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु बूसा लिमिटेड, लखनऊ, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 आदि कम्पनियों द्वारा कुल 57 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया एवं कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम आपेक्षित है। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा सहायक सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव ने रखी एवं सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। राजकीय आई0टी0आई0, ऊँचाहार के प्रधानाचार्य पवन मिश्रा तथा अन्य अनुदेशकों व सहायको का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के जितेन्द्र सिंह कनौजिया, अनुदेशक धीरेन्द्र सिंह तथा रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

## उपजिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम सभा रैन में यूकेलिप्टस पेड़ों की होगी नीलामी




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी महराजगंज राजित राम गुप्ता के निर्देशानुसार ग्राम सभा रैन विकास खण्ड बछरावां तहसील महाराजगंज में दिनाक 20.06.2024 को यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिसके नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार महराजगंज को नामित किया गया है। उक्त नीलामी के सम्बन्ध में यदि कोई भी व्यक्ति नीलामी में सम्मिलित होना चाहते हैं तो वे दिनांक 20.06.2024 को सुबह 09.30 बजे तक नीलामी स्थल पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

# कार की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**ऊंचाहार, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बाइक से ऊंचाहार कस्बा किसी काम से जा रहे दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा तेज रफ्तार इनोवा कर की टक्कर से हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

क्षेत्र के चंड़रई गांव निवासी अक्षय कुमार अपने बड़े भाई सूरज के साथ बाइक से बुधवार की देर शाम ऊंचाहार कस्बा की ओर जा रहे थे। तभी लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग पर सवैया हसन गांव स्थित नहर पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक सवार




सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मनोज शुक्ला ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों घायलों की मौत हो चुकी थी। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# थाना क्षेत्र में चोरियों की आई बाढ़, पुलिस की गस्त हुई फ्लॉफ

> एक बार फिर चोरों ने नकदी सहित लाखों का सामान किया पार

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में वर्तमान समय में चोरियों की बाढ़ सी आ गई है चोरों के बुलंद हौसलों ने स्थानीय प्रशासन के गस्त की पोल खोल कर रख दी हैद्य विदित हो कि कुंडौली ग्राम सभा में स्थित लोधई खेड़ा में बीते बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने



सेंध मार कर 15000 नकदी सहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामफेर पुत्र रामलोटन के घर में चोरों ने पीछे से सेंधमार कर अटैची में रखे हुए 15000 रुपए, पीतल का बटुआ, थारा, चमचा, कटोरा व जेवर में लगभग ढाई सौ ग्राम चांदी के सामान व 5 ग्राम सोने के टॉप्स, दो बोरी सरसों पार कर दिया। रामफेर ने लगभग एक सप्ताह पहले भैंसा बेचा था, जिसका रुपया उनके घर मे अटैची में रखा हुआ था। इस पैसे से वह कर्ज तथा घर गृहस्थी का कुछ सामान लाना चाह रहे थे। लेकिन उससे पहले ही चोरों ने उनके घर पर रखे हुए लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया। उनके घर के बच्चों ने बताया कि रात 11:00 बजे तक वह टीवी देख रहे थे, उसके बाद ही यह घटना घटित हुई है। प्रार्थी ने चोरी की पूरी घटना की लिखित शिकायती पत्र बछरावां थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई है। खाना प्रभारी पटेल शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 18 जून को प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जाएगी जारी

> 17वीं किस्त में अब तक 385908 किसानों को रु0 77.18 करोड़ का भुगतान सुनिश्चित : उप कृषि निदेशक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद वाराणसी में 18 जून 2024 को जैविक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। वहाँ से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त भी जारी की जायेगी। उप कृषि निदेशक रायबरेली ने जानकारी देते हुए बताया है कि 17वीं किस्त में अब तक 385908 किसानों को रु0 77.18 करोड़ का भुगतान के लिए डाटा का परीक्षण करके भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि 17 जून 2024 तक जितने और किसानों का डाटा उपलब्ध हो जायेगा उसे भी भुगतान में सम्मिलित करने के लिए भारत सरकार को भेज दिया जायेगा। अब तक लॉक्ड डाटा के अनुसार 17वीं किस्त में 385908 किसानों को रु0 77.18 करोड़ का भुगतान होना अभी तक सुनिश्चित हो गया है।

## पेड़ से टकराया ट्रक, क्लीनर की हुई मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रक पेड़ से भिड़ा क्लीनर की हुई मौत। हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर कुबना गांव के पास प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बी आर 29 जी बी 9094 स्टेरिंग फेल होने के कारण पेड़ से जा टकराया वही हादसा इतना भयानक था की क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई । क्लीनर की पहचान सी पी के रूप में की हुई है ।वहीं घटना रात एक और दो के बीच की बताई जा रही है जानकारी मिलने पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद विकास खंड- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी**

पत्रांकः मेमो/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024-25 दिनांक -13/06/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद, विकास खण्ड हैदरगढ़ में मनरेगा/राज्य वित्त/चैदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज -2 (स्रुब्रू) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सीसीटीवी कैमरा, व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14/06/2024 से 20/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 21/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्तेः-**

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी।
3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग- अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा।
5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान,सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है।
6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
9.- आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

**रामदीन**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा0 पं0- जमीन हुसैनाबाद**
**वि0 खं0- हैदरगढ़**
**जनपद- बाराबंकी**

**पंकज कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा0पं0- जमीन हुसैनाबाद**
**वि0खं- हैदरगढ़**
**जनपद- बाराबंकी**

# विश्व दिव्यांग दिवस : राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों/ स्वनियोजित दिव्यांगजन तथा दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संगठनों, विभागों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों इत्यादि को राज्य स्तरीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाता है।

इस अवसर पर दक्ष दिव्यांगजन कर्मचारी/ स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांग जन व्यक्तियों के जीवन सुधारने के लिए सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिए बाधा मुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में कार्यरत संस्थाओं के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, दिव्यांगजनों के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी एवं दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने कहा कि इच्छुक दिव्यांगजन एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं राज्य स्तरीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के निर्धारित प्रारूप विभाग की वेबसाइट http://uphwd.gov.in द्वारा प्राप्त कर अपने आवेदन पूर्ण कर तीन प्रतियों में आवश्यक संलग्नकों सहित 15 जुलाई, 2024 तक कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, रायबरेली स्थित विकास भवन, भूतल में अवश्य जमा करा दें।

# गर्मी से गस खाकर गिरी 17 वर्षीय किशोरी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेतहाशा परेशान है सूरज की तपन और आसमान से हो रही अग्नि वर्षा के कारण लोग बीमार हो रहे हैं गुरुवार को भीषण गर्मी के चलते डलमऊ के पासिन पुरवा मजरे पाखरौली के मेवा लाल की पुत्री ज्योति 18 वर्ष दरवाजे पर कपड़ा धुल रही थी तभी अचानक गिरकर बेहोश हो गई घर वालों ने आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा था।

## वर्षा जल सहेजने की होनी चाहिए कोशिश

जीवन में प्रकृति-पर्यावरण ने हमें बहुत कुछ दिया है तथा बदले में प्रकृति हमसे थोड़ी-सी कुछ अपेक्षा रखती है। उसमें भी हम मनुष्य शायद खरा नहीं उतर पा रहे हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वर्षा जल को ही सहेज लें। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए समय समय पर इसका ध्यान रखा। इसके लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। अब कुछ आधुनिकता के चलते हम अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा प्रकृति को अनदेखा करते जा रहे हैं, जिसका परिणाम हम सबको समय-समय पर दिखाई पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग, जल का स्रोत निम्न स्तर पर जाना, गर्मी में अधिक तापमान इत्यादि कारण जो हमें सामने दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात आज जल बचाने की है। देखा जाए तो जन्म से ही मनुष्य अपने आप को बहुत चालाक, चतुर और समझदार समझता था, हर जगह मानो उसकी हुकूमत हो, किंतु प्रकृति इस मनुष्य से भी कई अधिक चतुर, चालाक और समझदार निकली, जिसने दो महत्वपूर्ण काम वायु-जल अपने हाथों में ही रखे। और यह दोनों ही चीज मनुष्य कभी निर्माण (काल्पनिक हो सकती हैं) नहीं कर सकता, इन दोनों के लिए मनुष्य को प्रकृति के साथ रहकर ही कार्य करना पड़ेगा! अधिक पेड़ लगाने होंगे तथा वर्षा का पानी सहेजना होगा जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके अन्यथा हालात अभी आरंभ ही हुए हैं, नहीं तो दुष्परिणामों और संकट की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा? दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जल की खपत लगातार जनसंख्या वृद्धि के कारण बढ़ती जा रही है, वहीं इसकी उपलब्धता में कमी दिखाई पड़ती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए शासन-प्रशासन सरकारें सब अपना काम कर रहे है, लेकिन इतने भर से काम चलनेवाला नहीं है। वास्तव में यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल का अपव्यय न करे, इसे सहेज कर रहे। कोई भी सरकार आ जाए, कितने ही कानून बन जाएं पर हम जल को उत्पन्न नहीं कर सकते हैं, इसलिए यह ध्यान में रखकर ही हम जल का अपने जीवन में सही उपयोग करेंगे दैनन्दिन जीवन में व्यवहार करें और भूजल स्तर को बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जो कार्य आज से ही शुरू करने हैं, वह हैं जल को बचाएं , पेड़ लगाएं, हमारी छतों से हर वर्ष लाखों-करोड़ों लीटर पानी बह जाता है, इस बहते पानी को हम सहज सकते हैं दो या तीन तरह से। छत पर आने वाले वर्षा जल को एक फिल्टर के माध्यम से सीधे नलकूप में उतारकर, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट बनाकर, अन्य किसी विधि द्वारा। आसानी पूर्वक जैसा हम कर सकते हैं जिससे जल बहकर न जाते हुए भूमि के अंदर जाए जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके। इस तरह से हम सभी जल को सहेज सकते हैं। सच यही है कि वर्षा और पेड़ों से ही भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। आज देश के कितने ही नगरों में जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, विकास के नाम पर सीमेंट का जाल बिछाया जा रहा है।

# याद रखे देश, पूर्वी दिल्ली में शिशुओं के जलने के हादसे को

आर.के. सिन्हा

अभी एक महीना भी नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है- घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया। हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं ।

क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25-30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियत्रंण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए।

मुझे पूर्वी दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर-दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन-रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े



**अस्पतालों में आग लगने का सामान्य कारण आम तौर पर खराब इमारत संरचना, जिसमें भागने का कोई रास्ता नहीं होता, आसपास के क्षेत्र में ज्वलनशील तरल पदार्थ और गैसों की उपस्थिति और अनुचित भंडारण और, सबसे महत्वपूर्ण, अग्नि सुरक्षा मानक संचालन प्रोटोकॉल की कमी है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आग लगने पर अग्नि शमन गाड़ियां तक इन इमारतों तक पहुंच तक नहीं सकते। अगर बात अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से हटकर करें तो क्या कोई 3 दिसम्बर,1995 को मंडी डबवाली (हरियाणा) और 13 जून,1997 को राजधानी के उपहार सिनेमाघर में लगी आग की घटनाओं को भूल सकता है? मंडी डबवाली में डीएवी स्कूल में चल रहे सालाना आयोजन में 360 अभागे लोग, जिनमें स्कूली बच्चे अधिक थे, स्वाह हो गए थे। हालांकि, कुछ लोगों का तो यहां तक दावा है कि मृतकों की तादाद साढ़े पांच सौ से भी अधिक थी। उधर उपहार में लगी भयंकर आग के चलते 59 जिंदगियां आग की तेज लपटों की भेंट चढ़ गईं थीं।**

हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड-19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई। 2022 में, जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत हो गई और 2016 में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 50 मरीजों की मौत हो गई। अपना इलाज कराने आए रोगियों का जलकर मरने के मामलों को सुनकर पत्थर दिल इंसान का भी दिल दहल जाता है। सवाल यह है कि निजी अस्पतालों में होने वाले हादसों पर कब लगाम लगेगी? दिल्ली के अधिकांश निजी अस्पताल गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज और बिस्तर उपलब्ध कराने में भी विफल रहते हैं, जबकि यह उनके निर्माण के समय दी गई जमीन के बदले में गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज कानूनी आवश्यकता है। अगर देश की राजधानी में ऐसा हो सकता है, तो हम छोटे शहरों और कस्बों की स्थिति की केवल कल्पना ही कर सकते हैं।

अस्पतालों में आग लगने का सामान्य कारण आम तौर पर खराब इमारत संरचना, जिसमें भागने का कोई रास्ता नहीं होता, आसपास के क्षेत्र में ज्वलनशील तरल पदार्थ और गैसों की उपस्थिति और अनुचित भंडारण और, सबसे महत्वपूर्ण, अग्नि सुरक्षा मानक संचालन प्रोटोकॉल की कमी है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आग लगने पर अग्नि शमन गाड़ियां तक इन इमारतों तक पहुंच तक नहीं सकते। अगर बात अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से हटकर करें तो क्या कोई 3 दिसम्बर,1995 को मंडी डबवाली (हरियाणा) और 13 जून,1997 को राजधानी के उपहार सिनेमाघर में लगी आग की घटनाओं को भूल सकता है? मंडी डबवाली में डीएवी स्कूल में चल रहे सालाना आयोजन में 360 अभागे लोग, जिनमें स्कूली बच्चे अधिक थे, स्वाह हो गए थे। हालांकि, कुछ लोगों का तो यहां तक दावा है कि मृतकों की तादाद साढ़े पांच सौ से भी अधिक थी। उधर उपहार में लगी भयंकर आग के चलते 59 जिंदगियां आग की तेज लपटों की भेंट चढ़ गईं थीं।

जैसा कि हमारे देश में होता चला आ रहा है और न जाने कब तक होगा, हादसों के बाद जांच के आदेश दे दिए जाते हैं। हालांकि, जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे कोई देखता भी नहीं है। उसकी सिफारिशें धूल चाटती रहती हैं। हादसों में शिकार हुए मृतकों के परिजनों और घायलों को कुछ मुआवजा दे दिया जाता है । इस बीच, पिछले लगभग ढाई दशकों से बंद उपहार सिनेमा परिसर को फिर से खोलने का पटियाला हाउस कोर्ट आदेश दिया है। उपहार में जो कुछ हुआ था, उसके बाद बहुत सारे दिल्ली वाले सिनेमाघरों से दूर हो गए थे। उस भयानक हादसे से सारा देश दहल गया था। उस मनहूस शुक्रवार को बॉर्डर फिल्म देखने आए करीब पांच दर्जन लोग दम घुटने या जलने के कारण मारे गए थे। तब से उपहार बंद था। पिछले कुछ समय पहले मुझे उसके अंदर का डरावना नजारा देखने का मौका मिला था। वहां पर जली सीटें,राख के ढेर, चिप्स के पैकेट, पेप्सी की बोतलें यहां-वहां पड़ी थीं। यह सब उस दिन की यादें ताजा करवा रही थे जब मौत के आगे इंसान बेबस था। उस शाम बेसमेट में लगे ट्रांसफार्मर में अचानक से लगी आग की लपटें और धुआं काल बन कर आए थे। इधर हाल के दिनों में देश भर से आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इनमें मासूम जान गंवा रहे हैं। क्यों संबंधित सरकारी महकमे देखते नहीं और सख्ती नहीं बरतते ताकि आग लगने के हादसे होने थम जाएं ?

## विचार

# प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं बढ़ा रही विद्यार्थियों में तनाव

प्रियंका सौरभ

जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन के प्रति अविश्वास बढ़ता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है।

प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। नेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निर्माता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली



में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है, जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिए 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिए- राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र

**प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकर्ताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिए- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं। सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है।**

लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियां बताती हैं कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिए- मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ई-मेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिए 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकर्ताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिए- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं। सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग करके यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो , जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिए- सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुर्माने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिए- खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है।इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार-बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक़ कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता-आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है। बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं, जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्नपत्र लीक होने सेकेंडरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है।

## रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं

मुकेश कुमार शर्मा

जीवन में हर किसी को कभी न कभी परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

विश्व रक्तदाता दिवस को मनाने का मूल मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है क्योंकि यही एक ऐसी चीज है जिसे किसी भी लैब में या किसी अन्य तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय-समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मान करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है-दान का उत्सव मनाने के 20 साल -रक्तदाताओं को धन्यवाद। 18 से 65 साल का कोई भी पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति रक्तदाता बन सकता है। रक्तदाता की कुछ जरूरी जांच भी की जाती है ताकि ब्लड बैंक तक किसी तरह से संक्रमित रक्त न पहुंचने पाए, इसीलिए हाल ही में टैटू बनवाने वालों व बीमार व्यक्तियों के रक्त लेने से भी परहेज किया जाता है ताकि रक्त की शुद्धता बरकरार रखी जा सके। वयस्क स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4.5 लीटर से पाँच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में 300 से 450 मिली लीटर रक्तदान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। तीन माह के अन्तराल पर दोबारा रक्तदान किया जा सकता है। रक्त के अलग-अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके।

दुर्घटनाओं में घायलों, गर्भवती, सर्जिकल वाले मरीजों, थैलेसीमिया, कैंसर, एनीमिया आदि स्थितियों में मरीज के लिए रक्त की जरूरत अस्पतालों को आये दिन रहती है। ऐसे में सुरक्षित और पर्याप्त रक्त का संग्रह चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे रक्तदाता के जरिये ही पूर्ण किया जा सकता है। इसलिए रक्तदान से जुड़ीं भ्रांतियों और गलतफहमियों को दूर करने के साथ खुद रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए। तो आइये हम सभी मिलकर आज इस पुनीत दिवस पर प्रण लें कि हम लोगों की जान बचाने के लिए खुद रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के साथ ही स्वस्थ स्वास्थ्य परम्परा का भी निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही हमें यह भी हमेशा ध्यान रखना है कि सुरक्षित रक्त जीवन बचाता है, इसलिए जब भी-जहाँ भी जरूरत होगी रक्तदान जरूर करेंगे और ब्लड बैंक को खाली होने से बचाएंगे।

रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी नहीं आती बल्कि दिल की सेहत में सुधार के साथ ही दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को आसानी से कम किया जा सकता है। खून में आयरन की अधिक मात्रा दिल के दौरे के जोखिम को बढ़ा सकती है, जबकि नियमित रक्तदान से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है। रक्तदान व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है साथ ही उनसे जुड़े परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्तियों को मिल रहा है। एक यूनिट रक्त चार व्यक्तियों की जान बचा सकता है, क्योंकि इसके अलग-अलग अवयव श्वेत व लाल रक्त कोशिकाएं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग लोगों के काम आ सकता है।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क :-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्याः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुलाः-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिकः-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे।

**मकरः-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी।

**कुंभः-** ''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

**मीनः-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# भागवत का शाब्दिक प्रहार व आत्ममंथन के लिए एक दृष्टिपथ

अतुल तारे

केराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, आधुनिक युग में एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमेशा बिना किसी लाग लपेट के स्पष्ट बात कहते हैं। आप हमेशा उनकी बातों में जीवन के सूत्र पाएंगे या दिशा बोध या दृष्टिपथ। यह अलग बात है कि जिनको नहीं समझना है, या जिनका काम ही वितंडावाद खड़ा करना है, वह हमेशा उनके वक्तव्य को साजिशन नहीं समझते और भ्रम फैलाने का असफल प्रयास करते हैं। पर चूंकि मोहन भागवत एक डॉक्टर हैं तो वह समाज जीवन में व्याप्त रोग की शल्य चिकित्सा अपने सधे हुए शब्दों से कर अपने युगीन कर्तव्य का निर्वहन करते हैं और यही संघ से अपेक्षित है। नागपुर में कार्यकर्ता विकास शिविर में समापन के अवसर पर डॉ. भागवत ने भारतीय राजनीति की वर्तमान स्थिति पर निर्ममता के साथ शाब्दिक प्रहार किए और संघ की भूमिका को फिर एक बार स्पष्टता के साथ रखा। डॉ. भागवत ने देश और देश के बाहर भी आज मानवीय सभ्यता के लिए जो चुनौतियां हैं, उसका जिक्र किया और स्वयंसेवकों से संघ की अपेक्षा क्या है, यह भी रखा। देश के समाज वैज्ञानिक, शोधार्थी, अध्येता, राजनेता



चाहें तो लगभग उनके 50 मिनट के भाषण से एक साथ कई सूत्र पा सकते हैं। अच्छा हो डॉ. भागवत के संबोधन के एक-एक शब्द को देश के अकादमिक संस्थानों में ध्यान से सुना जाए, ताकि एक दृष्टिपथ तैयार हो सके। पर हमेशा की तरह फिर एक बार उनके वक्तव्य को बेहद सीमित अर्थ में एवं दिशा विहीन समझा जा रहा है। देश के वामी एक विमर्श खड़ा कर रहे हैं कि डॉ. भागवत ने भाजपा नेतृत्व को निशाने पर लिया है। संघ और भाजपा में अब दूरी और बढ़ गई है। अरे! अक्ल के दुश्मनो अव्वल यह स्थिति है नहीं और आपकी खुशी के लिए मान लें तो तुम्हारा क्या फायदा है?

आइए, समझते हैं डॉ. भागवत ने कहा क्या है? डॉ. भागवत ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। पर अब चुनाव हो गए। सरकार बन गई। परिणामों पर लंबी चर्चा का कोई परिणाम नहीं आने वाला। इसमें क्या गलत कहा है? वह यह भी कहते हैं संघ का कार्य लोकमत परिष्कार है और वह यह करता रहा है, आगे भी करेगा। डॉ. भागवत ने तीखी नाराजगी के साथ यह कहा कि चुनाव में संघ के नाम को बेवजह घसीटा गया। तकनीक का सहारा लेकर भ्रामक प्रचार किए गए। कौन नहीं जानता, देश की राजधानी दिल्ली में संघ के लैटरपैड कूटरचित बनाए गए और भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ मतदान करने की अपील जारी की गई। क्या यह गंभीर अपराध नहीं है? संघ अपने स्थापना काल से किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में मतदान के लिए संगठन के स्तर पर सक्रिय नहीं होता। संघ के स्वयंसेवक देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को समाज को समझाते हुए राष्ट्र हित में 100 प्रतिशत मतदान का आव्हान अवश्य करते हैं। संघ से प्रेरणा लेकर पहले जनसंघ में और अब भाजपा में कई स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं, स्वाभाविक है, इसका लाभ भाजपा को मिलता रहा है, पर संघ स्वयं इसका श्रेय लेता नहीं। इसलिए स्वाभाविक है भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी जो कहा वह अनपेक्षित था, अवांछनीय था। वे (भाजपा) पहले कितने छोटे थे, अब कितने बड़े हो गए, परिणाम बता रहे हैं। डॉ. भागवत ने बेहद

**आइए, समझते हैं डॉ. भागवत ने कहा क्या है? डॉ. भागवत ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। पर अब चुनाव हो गए। सरकार बन गई। परिणामों पर लंबी चर्चा का कोई परिणाम नहीं आने वाला। इसमें क्या गलत कहा है? वह यह भी कहते हैं संघ का कार्य लोकमत परिष्कार है और वह यह करता रहा है, आगे भी करेगा। डॉ. भागवत ने तीखी नाराजगी के साथ यह कहा कि चुनाव में संघ के नाम को बेवजह घसीटा गया। तकनीक का सहारा लेकर भ्रामक प्रचार किए गए। कौन नहीं जानता, देश की राजधानी दिल्ली में संघ के लैटरपैड कूटरचित बनाए गए और भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ मतदान करने की अपील जारी की गई। क्या यह गंभीर अपराध नहीं है? संघ अपने स्थापना काल से किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में मतदान के लिए संगठन के स्तर पर सक्रिय नहीं होता। संघ के स्वयंसेवक देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को समाज को समझाते हुए राष्ट्र हित में 100 प्रतिशत मतदान का आव्हान अवश्य करते हैं।**

संतुलित शब्दों में भारतीय राजनीति में पक्ष एवं विपक्ष पर अपनी बात रखी। क्या यह सही नहीं है, आरोप-प्रत्यारोप का स्तर बेहद निकृष्ट हो चला है। आपने कहा कि विरोधी शब्द से ही वह असहमत हैं। इसके स्थान पर प्रतिपक्ष होना चाहिए। संसद सहमति का केन्द्र बने। बहुमत से देश के निर्णय होंगे यह सच है, पर असहमति का मान भी रखा जाए। क्या भारत के राजनीतिक दलों को इसका संज्ञान लेकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए? डॉ. भागवत ने विगत एक दशक में देश ने आर्थिक, सामरिक, वैश्विक, कला, खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को सराहा, साथ ही जो चुनौतियां हैं उनका भी जिक्र किया। मणिपुर का जिक्र इसमें उल्लेखनीय है। मणिपुर अशांत क्यों है, उसका समाधान प्राथमिकता से करें, इस बयान को केन्द्र सरकार के खिलाफ बताने वाले, यह सुनना शायद भूल गए कि यह आग लगी या लगाई गई? डॉ. भागवत न सरकार का बचाव कर रहे थे, न ही प्रतिपक्ष की पीठ थपथपा रहे थे। वह एक सच को प्रस्तुत कर रहे थे। डॉ. भागवत ने प्रकृति के असीमित दोहन से उपजे संकट, अस्पृश्यता, मतांतरण सहित आसन्न चुनौतियों और खतरों की बात की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने किया संवाद

▸ माहौल खराब करने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी गंगा दशहरा व ईद उल अजुहा बकरीद का त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमे जनपद के धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारो पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया गया।

आगामी गंगा दशहरा व बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति- सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की संक्रमण फैलने न पाए। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाएगी। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। इसके अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि नवाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर लूज व जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्बाध संचालित रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त चिकित्सा केंद्रो पर आवश्यक दावाओं की उपलब्धता व चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति के साथ ही साथ एंबुलेंस की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक संवेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहीं कोई अप्रिय घटना की सम्भावना हो तो हमारे सज्ञान में लाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, हिंदू धर्म गुरु महंत देवी चरण शुक्ला,शहर काजी आफाक हुसैन, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# संशोधित नये कानून के सम्बन्ध में पुलिस पदाधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





01 जुलाई 2024 से देश में लागू होने जा रहे तीन नए क्रिमिनल लॉ यानी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगे।

जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर इन सभी नये कानूनों की धाराओं से संबंधित मामलों को लेकर विशेषज्ञों द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि न्यायपालिका में अभी तक ÷भारतीय दंड संहिता÷ के आधार पर न्यायिक कार्यों का निपटारा किया जाता था, जिसे पुलिस प्रशासन आईपीसी की धारा के रूप में प्राथमिकी में मामलों को लिखित दर्ज करती थी, लेकिन अब भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) बदलकर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस ) बना दी गई है. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में कई आपराधिक मामलों सहित अन्य गंभीर अपराध मामलों में विभिन्न नई धाराओं को बीएनएस में संलग्न किया गया है, बीएनएस की नई धाराओं के तहत न्याय प्रणाली को ज्यादा सुसंगत और कारगर बनाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** महोबा में कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा गांव के समीप झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के पास दो युवकों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा गांव के पास झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक 1279, 1280 रेलवे पोल के पास दो युवकों के क्षत विक्षत शवों के मिलने से हड़कंप मच गया। एक युवक की उम्र करीब 32 तो दूसरे की उम्र करीब 27 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचायनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात शवों की जांच शुरू कर दी है।

### माता-पिता की डाट से भयभीत छात्र ने लगायी फांसी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मां–बाप से डाट से बचने के लिये क्षेत्र के गुढ़ा गांव में कक्षा तीन के छात्र ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक गांव के लक्ष्मी निषाद ने घर में कुछ मुर्गी पाल रखी है आज कुत्ते ने एक मुर्गी को मार डाला इससे लक्ष्मी का आठ साल का बच्चा का काफी भयभीत हो गयीकि कि उसे आज माता पिता की डाट व मार पड़नी निश्चित है लक्ष्मी पत्नी के साथ मौदहा के खन्ना में बाजार से खरीदारी करने चले गये भय के कारण मासूम ने छत में लगे कुंड से कपड़े का फंदा बना फाँसी झूल गया बाजार से लक्ष्मी व उसकी पत्नी लौटी तो वह बच्ची फांसी पर टगा था। पुलिस को सूचना दी गयी आदित्य कक्षा तीन का छात्र बताया जाता है। वही ग्राम प्रधान देवी दीन ने बताया कि पिता मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है और उनकी किसी प्रकार की कोई किसी से दुश्मनी नहीं थी और यह मुर्गी पाले हुए थे जिससे एक मुर्गी को कुत्ता ले गया जिससे डाट के कारण से फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

### लोडर चालक को ट्रक ने रौंदा, मौत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर आनेपुर ओवर ब्रिज पर लोडर का टायर फट जाने के कारण लोडर रोककर देख रहे चालक को पीछे से आ रहे ट्रक टक्कर मार दी जिससे चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार मुरैना से प्याज लादकर औरैया की ओर जा रहे लोडर का हाइवे पर आनेपुर ओवर ब्रिज पर गुरुवार की सुबह तड़के चार बजे के करीब इटावा की ओर से प्याज लेकर जा रहे लोडर का टायर फट गया जिसे देखने के लिए चालक संजू कुशवाह पुत्र राम अख्त्यार कुशवाह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी रपटका पुरवा जौरा जिला मुरैना मध्य प्रदेश नीचे उतरा तो पीछे की ओर से ट्रक ने उसे कुछ दिया जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं परिचालक रिंकू निवासी मुरैना बाल बाल बच गया।सूचना पर पहुंची चौकी प्रभारी मोहन वीर सिंह ने मय पुलिस बल ने घायल परिचालक को सी एच सी महेवा में भर्ती कराया तथा मृतक चालक का पी एम के लिए मोर्चरी भिजवाया।

### घटिया समग्री से हो रहा शमसान घाट की बाउन्ड्री का निर्माण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत लखना के मुहाल पुरावली दरवाजा में भोगनीपुर रजवाह के किनारे बने शमसान घाट की बाउन्ड्री निर्माण में घटिया ईट व मसाला लगाये जाने का नगर पंचायत के सभासदों के द्वारा बिरोध करते हुए चेयरमैन से शिकायत करके काम रुकवाया गया। वहीं इस मामले की जिलाधिकारी इटावा से शिकायत भी की गयी। इस सम्बंध में सभासद डा सुधीर पांडेय ने बताया कि उनके बार्ड में बने शमसान घाट पर बाउन्ड्री बाल चाहरदीबारी का काम ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें घटिया किस्म की ईट व एक दस का मसाला प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी सूचना पर मेरे साथ अन्य वार्डों के सभासद जिसमें प्रताप पाल, दिनेश कुशवाहा, विशाल सोनी, आफताब अहमद, शिवकुमार चौहान, सत्यवती, रीना देवी, महेश दिवाकर व पारुल दोहरे सभासद प्रतिनिधि ने पहुंचकर काम को देखकर उसे रुकवा दिया। इस मामले की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश शंकर पोरवाल से भी की। व अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार से भी करनी चाही तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका। इस मामले की वुधवार को लिखित शिकायत जिलाधिकारी इटावा से भी की गयी है। इस मामले में जब चेयरमैन गणेश शंकर पोरबाल से बात की तो उन्होंने बताया कि जब सभासदों ने सूचना दी तो तुरन्त कर्मचारी भेजकर काम को तीन दिन पूर्व रुकवा दिया गया है। ठेकेदार को बुलाकर कह दिया कि काम मानक के अनुसार ही होगा व घटिया सामग्री का प्रयोग कतई नहीं होगा।

# पानी की टूटी लाइन को ठीक करने के लिए मजदूरों ने खोद डाली सुरंग

▸ तकनीशियनों की गैर मौजूदगी पड़ी भारी

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली चरखारी के वार्ड मुहल्ला तुर्कियामा में 10 दिन से लगभग सात मीटर लम्बी और 8 फुट गहरी रोड खोद कर पानी की टूटी लाइन को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है कल रात लाइन को ठीक करने के लिए लगाए गए मजदूरों द्वारा तकनीकी अधिकारियों की गैर मौजूदगी में पांच फिट सुरंग खोद डाली गई और आज सुबह मजदूरों द्वारा दोबारा काम शुरू होने से पहले गैस प्लम्बर मुकेश रैकवार निवासी निवाड़ी टूटी पानी की लाइन को देखने के लिए गड्ढे में उतर गया और सुरंग में झांक कर देखने लगा अचानक सुरंग धंस गई और गैस प्लंबर उसकी चपेट में आकर फंस गया मौके पर मौजूद दिलशाद लाइनमैन (बिजली विभाग ) वही खड़ा था उसने तुरंत नीचे उतर कर गैस प्लंबर को खींचकर बाहर निकाला जिससे प्लंबर की जान बचाई जा सकी और एक बड़ी दुर्घटना से होते होते बचा जा सका, कई मीटर गहरे खुदे गड्ढे में गिरकर मोहल्ले के लोग भी चोटिल हो चुके हैं और ऐसी भीषण गर्मी में मोहल्ले वासी पानी के लिए भी परेशान हो रहे हैं लेकिन सम्बन्धित जिम्मेदार लोग कोई ध्यान नहीं दे रहे।

# सीओ-थाना प्रभारी का किया स्वागत-सम्मान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भरथना क्षेत्राअधिकारी अतुल प्रधान एवं भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा द्वारा लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से कराया गया जिससे प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भरथना के नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार रज्जन और उनकी टीम द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर व्यापारियों की तरफ से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भरथना सी.ओ. अतुल प्रधान ने कहा कि स्वागत और सम्मान की सच्ची हकदार भरथना विधानसभा की जनता है जिन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए सुझाव निर्णय आदि को बखूबी निभाया और हम सब शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सफल रहे।



भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा भरथना नगर के व्यापारी सदैव प्रशासन का सहयोग करते हैं चुनाव में व्यापारियों की भी अहम भूमिका सराहनीय है में भरथना की जनता द्वारा चुनाव में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने की। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापार मंडल शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जनपद के समस्त अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करता है।

भरथना नगर अध्यक्ष प्रदीप पोरवाल रज्जन ने आए हुए सभी अधिकारियों और व्यापारियों को बालूगंज स्थित अपने प्रतिष्ठान पर मिष्ठान और नाश्ता करवाया साथ ही सभी को कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला संरक्षक हरि गोपाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुनील पोरवाल, भूरे पाल, मनोज पोरवाल केमिस्ट, बृनेश पोरवाल, प्रेम शर्मा, रितेश अग्रवाल, बेबू सिंधी, प्रशांत पोरवाल, पप्पू पोरवाल, शिबू पोरवाल, राम गुप्ता, अभिषेक, दीपक, मास्टर के के यादव, नवीन चौहान आदि व्यापारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जीआरपी ने ट्रेन से गुम हुई लड़की को खोजकर किया परिजनों के सुपुर्द

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा आदित्य लांग्हे के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे इटावा के निकट परिवेक्षण में व्यक्ति/वस्तुओ को खोजने के लिए चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी जीआरपी ने ट्रेन से गुम हुई लड़की को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी जीआरपी इटावा को सूचना प्राप्त हुई कि 12 जून को बबिता पुत्री नन्दलाल निवासी भष्मा थाना बेलीपार जिला गोरखपुर जो कि अपने घर से ट्रेन नं 19038 गोरखपुर से मुम्बई के लिए यात्रा कर रही थी जो कि रेलवे स्टेशन इटावा पर गुम हो गयी उक्त लड़की को काफी प्रयासों के उपरान्त परिजनों का पता लगाकर परिवारीजनों की सुपुर्दगी में दिया गया । परिवारीजनो ने जीआरपी थाना इटावा पुलिस टीम की प्रशंसा की। इस सफलता में थानाध्यक्ष जीआरपी शैलेश निगम, है.का. रवीन्द्र सिंह, म.का. कनिका चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस ने निकाली धन्यवाद व आभार यात्रा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद एवं आभार यात्रा निकाली जो सिसहाट तिराहे से शुरू होकर नहर का पुल होते हुए ज्वालापुर में समाप्त हुई।

यात्रा के समापन पर जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा हम सभी को विश्वास था कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और राहुल गांधी इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे व प्रत्येक शिक्षित बेरोजगार युवा एवं गरीब परिवार की महिला के खाते मे खटा खट एवं टकाटक 8500 प्रति माह आएगा तथा किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी मिलेगा और सभी को न्याय मिलेगा। हम लोग सरकार नहीं बना पाए लेकिन हम एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए देश के युवाओं के लिए देश के किसानों के लिए देश की महिलाओं के लिए उनके हक की लड़ाई लड़ने का काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि इटावा जनपद की जसवंतनगर विधानसभा से इंडिया गठबंधन को अपार जनसमर्थन मिला





इसके लिए हम सभी कांग्रेस जन जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता को तहदिल से धन्यवाद देते हैं एवं सभी सम्मानित मतदाताओं का आभार प्रकट करते हैं। धन्यवाद यात्रा में पीसीसी सदस्य राम नरेश यादव, नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार, शिवराम सिंह यादव, बलवीर सिंह कठेरिया, संतोष कुमार यादव, सरवर अली, आसिफ जादरान, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, विजेंद्र सिंह, बासु कुमार, पीयूष जैन, विजय गुप्ता, शंकर लाल, मोनू राजपूत, सोनू राजपूत, दयाशंकर, गौरव कुमार, अनुराग प्रताप सिंह, अहिबरन सिंह, आशीष यादव आदि लोग शामिल रहे।

# अचेत अवस्था में मिले युवक की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक मुख्यालय के सामने हाईवे किनारे एक 20 वर्षीय युवक अचेतावस्था में मिला जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृत युवक ने लाल शर्ट व हल्के नीले रंग की लोअर पहन रखी थी। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे और खून लगा था। यह देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के सहयोग से अचेतावस्था में मिले युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां केंद्र अधीक्षक डा. सुशील कुमार ने परीक्षण करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

इमरान फरीद ने शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि करीब 20 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। उसकी मौत कैसे हुई इस बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# चोरी की पल्सर व तमंचा सहित आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस ने चोरी की पल्सर, तमंचा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ अधीक्षक पुलिस इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कचौरा बाईपास तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी



दौरान कचौरा रोड से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो व्यक्ति लल्ल्क्क्मोटरसाइकिल मोडकर भागने लगा जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये देवेन्द्र कुमार उर्फ दीवान पुत्र मनोज कुमार को कचौरा रोड तिराहेग गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में कपिल दुबे प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ.नि. इमरान फरीद, का. दानिश मोहम्मद, का. प्रभात कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिया से टकराने के बाद ट्रक जलकर राख

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ते तापमान के चलते आज दिन में कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के मवईया गावँ के पास कबरई से खनऊ जारहे गिट्टी से भरा हुआ ट्रक पुलिया से टरका गया जिससे उसमे आग लग गयी। ह ट्रक में आग लगने से वह धू धू कर जलने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंची अग्नि शमन के जवानों ने इस पर काबू पाया। तब तक यह जल चुका था। उधर आज ही चकदह गांव के की शटरिंग की दुकान में

उसका सामान व दुकान जली है।



मौदहा अग्निशमन केंद्र के प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि आज दिन में सूचना मिली कि कबरई से लखनऊ की ओर गिट्टी से भरे हुए ट्रक मवईया गांव के निकट पुलिया से टकराया। इससे ट्रक में आग लग गई।

चकदहा गाँव के राम अवतार के शटरिंग की दुकान में आग लगने से इसका भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अज्ञात है।

# डग्गामार वाहनों ने रोडवेज में पैदा की हलचल

## यात्रियों की जान जोखिम से डालकर फर्राटा भर रहे वाहन

▸ डग्गामार वाहनों का संचालन कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा

▸ सब कुछ पुलिस और एआरटीओ विभाग की आखों के सामने हो रहा है फिर भी डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

सड़को में रोडवेज बसों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद डग्गामार वाहनों का संचालन कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है, जो प्रतिमाह राजस्व के नाम पर सरकार को लाखो की चपत लगा रहे हैं, डग्गामार वाहनों में लोगो का जीवन भी असुरक्षित रहता है, अक्सर सड़क दुर्घटनाओं में लोग जान गंवाते चले आ रहे हैं, सब कुछ पुलिस और एआरटीओ विभाग की आखों के सामने हो रहा है फिर भी डग्गामार वाहनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, इसका मुख्य कारण लोग पुलिस की मिली भगत मानते हैं क्योंकि बिना पुलिस के सहयोग से सड़क नियमो की अनदेखी कर परिमिट से अधिक सवारियां लेकर चलने का साहस कोई नही जुटा सकता है। लोगो का कहना है कि कस्बा सुमेरपुर से हमीरपुर, मौदहा, जसपुरा बांदा, इगोहटा से छानी, हमीरपुर से कुरारा, पौथिया, सुमेरपुर से सिसोलर, सुरौली, पचखुरा महान, सुमेरपुर से बाकी नदेहरा सहित कई अन्य रूटो पर डग्गामार वाहन चल रहे हैं, खास तहाई हमीरपुर से सुमेरपुर होकर इगोहटा और मौदहा तक, हमीरपुर से पौथिया छानी तक सैकड़ों की संख्या में तिपहिया वाहन सुबह से शाम तक फर्राटे भरते नजर आते हैं, जिनमे परमिट के विपरीत दर्जनों सवारियां बैठाकर ये वाहन चलते हैं और थाना सुमेरपुर, पुलिस लाइन हमीरपुर तथा एआर्टीओ कार्यालय के सामने से दिन भर गुजरते हैं, लेकिन कोई रोकटोक नही होती है, कोई चेकिंग नही की जाती है, इसका सीधा सा मतलब यही है कि इन्हे रोकने की बजाय उन्हें भरपूर संरक्षण दिया जा रहा है, जिनसे सरकार को माह में लाखो और साल में करोड़ों की क्षति हो रही है, लोग बताते हैं कि मौदहा, इगोहटा, सुमेरपुर, हमीरपुर, कुरारा, पौथिया, छानी, टेढ़ा, जसपुरा बांदा, आदि स्थानों को मिलाकर 150 से अधिक डग्गामार वाहन चल चल रहे हैं, प्रत्येक वाहन की दिन भर आय औसतन 600 रुपए से कम नहीं है।

# बुन्देलखंड के कठियां गेहूं ने विश्व में बनाई पहचान

▸ जीआई टैग में हुआ रजिस्टर्ड

▸ सिंचाई के बढ़ते दायरे से फसल की पैदावार घटकर हुई केवल पांच फीसदी, झांसी के एफपीओ ने ली जियो टैग की मान्यता

**विनोद शुक्ला।**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में अब बुन्देलखंड का कठिया गेहूं पहली मर्तव पूरे विश्व में पहचाना जायेगा। गेहूं को जीआई टैग(जियोग्राफिकल इंडीकेशन) कर लिया गया है। शीघ्र ही अरहर की दाल भी जीआई टैग कर ली जायेगी। इसके लिये कृषि विभाग ने सभी किसानों को कठिया गेहूं उत्पादन करने के लिये प्रोत्साहन देना शुरु कर दिया है। झांसी के एक कृषक उत्पादक संगठन(एफपीओ) की मेहनत रंग लायी है।

उपकृषि निदेशक(डीडी) हरीशंकर भार्गव ने बताया कि बैसे तो विश्व स्तर पर रसायन रहित कठिया गेहूं का जीआई टैग कर लिया गया है मगर इस मामले में बुन्देलखंड के कठिया गेहूं का विशेष महत्व दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि बुंदेलखंड में उत्पादन होने वाला कठिया गेंहू विना रासायन डाले ही उत्पादन किया जाता है। यह गेहूं खानें में अति स्वादिष्ट,पाचक व पेट के लिये आयुर्वेद दवा का काम करता है। बुंदेलखंड में कठिया गेहूं उन क्षेत्रों में बोया जाता है जहा पर पानी की सुविधा नही होती है। यह बीज किसान संजो कर रखते है। इसका उत्पादन काली मिट्टी में होता है इस फसल के लिये न सिचाई की आवश्यकता होती न ही इसमे कोई उर्वरक डाला जाता है। गेहूं से निर्मित होने वाली रोटी लाल रंग की होती है खाने में बेहद मुलायम व स्वादिष्ट होती है। इसका दलिया बहुत दूर दूर तक विक्री किया जाता है पतंजलि कंपनी कठिया गेहूं का दलिया बाजार में विक्री करती है जिसे लोग चाव से खाते है।

उपकृषि निदेशक(डीडी) का कहना है कि बुंदेलखंड में कठिया गेहूं का उत्पादन जमकर होता था मगर सिचाई की हर जगह प्रबंध होने के कारण धीरे धीरे इसका उत्पादन बहुत कम हो गया है। मगर कठिया व्हीट बंगरा प्रोड्यूसर कंपनी झांसी के एफपीओ ने आईपी इंडिया कंपनी चेन्नई से जीआई टैग की मान्यता ले ली है।

डीडी ने बताया कि इसी प्रकार बुन्देलखंड की अरहर का अलग महत्व है शीघ्र ही इस फसल का भी जीआई टैग कराया जायेगा। हालाकि जियो टैग पंजीकृत करने के पहले ग्लोवल स्तर पर संबंधित अन्न की बारीकी से जांच होती है यदि वह मानकके अनुरुप आ गयी तो प्रदेश व उसके किसानों की किस्मत चमक जायेगी। जिले में दो लाख हेक्टेएयर कृषि भूमि है। जिसमें कठिया गेहूं की उत्पादन सिर्फ दस फीसदी होता है मगर फपीओ के प्रयास से इसका उत्पादन बढ़ाया जायेगा। जिले में 60 एफपीओ है सभी को कठिया गेहू उत्पादन के लिये पत्र व जीआई टैग के बार में बता दिया गया है।

### घनौरी मिर्च के लिये जियोटैग की कार्रवाई शुरु सर्वे कर शासन को भेजी रिपोर्ट



**हमीरपुर।** बुदेलखंड में नामी गिरामी फसलों का जियो टैग होना शुरु हो गया है,शासन ने घनौरी मिर्च के बार में बारीकी से सर्वे करने के आदेश दिये है। ताकि इस मिर्च की जियो टैग कर रजिस्ट्रर्ड किया जा सके। ज्येष्ट कृषि विपणन निरीक्षक(एसएएमआई) राज सिंह व जिला उद्यान अधिकारी एसके पटेल ने बताया कि उन्होने राठ क्षेत्र में धनौरी मिर्च के बार में सर्वे किया है ताकि इस मिर्च का जीआई टैग कराया जा सके। घनौरी अभी पूरे बुंदेलखंड में अपनी क्वालिटी के नाम से जानी जाती है इसे कई जिलो के लोग खरीद कर ले जाते है इसका आकार व स्वाद लोगो को बहुत पसंद आता है जियो टैग होने के बाद यह विदेशों में अपनी पहचान बना सकेगी और किसानो को वाजिब दाम भी मिल सकेगा। श्री सिंह का कहना है कि इस मिर्च का सर्वे कर लिया गया है,शासन को रिपोर्ट भिजवा दी जायेगी।

# मंडी पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम ने नमूने किए इकट्ठा

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज


सब्जी व फल के नमूने संग्रहित करती टीम।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ0प्र व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ फल व सब्जी की उपलब्धता हेतु नवीन मण्डी कालपी रोड उरई में पहुंचकर वहां सब्जी, फल के नमूने संग्रहित करने का अभियान चलाया गया।

इस दौरान अचानक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम की सक्रियता देखकर व्यापारियों के चेहरे मुर्झाये रहे। लगभग डेढ़ घंटे तक छानबीन के बाद जब टीम वहां से रवाना हो गयी तब व्यापारियों ने राहत महसूस की। खाद्य पदार्थों की चेकिंग अभियान में थोक सब्जी व फल मंडी में खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आढ़तियों के प्रतिष्ठानों से फल आम, केला, सेव, अंगूर, खरबूज, तरबूज, अनार व सब्जियों तुरई, लौकी, खीरा, हरी मिर्च, कद्दू, परवल, करेला, टमाटर, बैंगन, हरी धनिया, फूलगोभी, पत्तागोभी, गाजर, पालक, शिमला मिर्च आदि के कुल 22 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। टीम में डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, अनिल कुमार शंखवार, कन्हैया लाल यादव मौजूद रहें।

# बाइक से विस्फोटक पदार्थ फेंकने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

पिछले माह बाइक सवार दो युवकों ने विस्फोटक पदार्थ से भरी शीशी घर में फेंकने जिससे घर का पर्दा जल गया था। उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी पवन कुमार पुत्र पप्पू याज्ञिक 26 व 27 मई की रात को बिजली न आने पर लोहे की चौनर के अंदर अपनी पुत्री के साथ चटाई पर सो रहे थे तभी रात करीब पौने चार बजे उनके घर के बाहर दो बाइक सवार युवक आए जो अपने हाथों में कोई विस्फोटक पदार्थ से भरी कांच की शीशी लिए थे। उन्होंने बाइक को घर के बाहर रोककर कांच की शीशी उनके घर के अंदर फेंकी। लेकिन शीशी घर के दरवाजे पर लगी चौनर से टकराकर टूट गई। शीशी टूटते ही तेज धमाके के साथ आग का गोला निकला था जिससे दरवाजे पर पड़ी पर्दा व कपड़े जल गये थे। धमाके की आवाज सुनकर उनकी आंख खुल गई तो बाइक सवार दोनों युवक बाइक स्टार्ट कर वहां से भाग गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। घटना को हुए आधा महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु अभी तक पुलिस घटना को अंजाम देने वालों तक नहीं पहुंच पायी है। घटना के बाद से परिवार दहशत में है।

# दो दुकानदारों में गाली-गलौज के बाद मारपीट

- मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगों को ले आई कोतवाली

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज


झगड़ा करने पर पकड़े गये लोग।

बाजार में सब्जी विक्रेता व जूस विक्रेता के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद उनके साथी भी मौके पर आ गए। गाली, गलौज व मारपीट के बीच मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

नगर के बाजार बैठगंज में पुराने बिजली घर के सामने सुबह सब्जी विक्रेता रिजवान व पास में ही जूस लगाने वाले साहिल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान बीच बचाव के लिए गए सिद्धार्थ के साथ भी मारपीट हो गई थी। वहां मौके पर मौजूद लोगो ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया था। इसके बाद दोपहर में सिद्धार्थ और रिजवान पक्ष के बीच फिर से विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोग सड़क पर आकर मारपीट व गाली, गलौज करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी दामोदर सिंह दोनों पक्ष के सात लोगों को पकड़कर कोतवाली ले आए। जहां प्रथम पक्ष के जिबरान, रिजवान, इमरान निवासीगण मुरलीमनोहर व आसिफ नारोभास्कर एवं दूसरे पक्ष के अभिषेक नारोभास्कर, सोनू गणेशजी व सिद्धार्थ मुरलीमनोहर के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## सतगुरू आश्रम में चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**कालपी, जालौन।** सतगुरू आश्रम से देव प्रतिमाओं के आभूषण गायब होने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। हालांकि इस मामले में कुछ संदिग्ध निशाने पर आये है जिनकी तलाश की जा रही है। विदित हो कि मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने बरदौली गांव के पास स्थित सतगुरु आश्रम में धावा बोला था और वहां मौजूद साधु संतों से मारपीट कर देव प्रतिमाओं के आभूषणों के साथ कुछ नगदी भी ले गए थे हालांकि मंदिर के महंत द्वारा बताई गई कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही थी फिर भी पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिए हैं हालांकि पुलिस को इसमें अभी कोई खास सफलता हाथ नहीं मिली है पर महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं जिसके चलते शक के दायरे में आए कुछ लोगों की तलाश शुरू की है।

# बगैर प्रपत्र मौरंग ले जाते दो डंफरों पर लगाया जुर्माना

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

जालौन (उरई)। बिना आवश्यक प्रपत्र के मौरंग लेकर जा रहे ओवरलोड दो डंफर को एआरटीओ ने पकड़ा। एआरटीओ ने एक लाख साठ हजार रुपये जुर्माना लगाया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय गुरुवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

चेकिंग के दौरान ओवरलोड मौरंग लादकर आ रहे डंफरों को रोककर एआरटीओ ने जब चालक से आवश्यक प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा सका। जिसके बाद एआरटीओ ने डंफरों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर मंडी में खड़ा कराया है। साथ ही एक लाख साठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस बाबत एआरटीओ ने बताया कि बिना आवश्यक प्रपत्र के मौरंग लदा दो डंफर पकडे गये है। जिस पर एक लाख साठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।


चेकिंग द्वारा पकड़े गये ओवरलोड डम्फर।

# चंद माह में टूटी नाली, पानी निकासी हुई बाधित

- निर्माण के दौरान मानकों का ध्यान न दिए जाने के कारण निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क व नाली खराब होने लगी

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज


चंदे माह पूर्व निर्मित हुई टूटी नाली।

उरई मार्ग पर स्थित आवास विकास कॉलोनी परिसर में पिछले वर्ष नाली व इंटररलाकिंग का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ माह बाद ही नाली टूटने से रास्ता खराब हो गई है। नाली व सड़क टूटने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। जिससे कॉलोनी के बाशिंदों को परेशानी हो रही है।

नगर पालिका परिषद द्वारा आवास विकास कॉलोनी परिसर में लगभग 10 माह पूर्व नाली का निर्माण कराया गया था और रास्ते में इंटररलाकिंग डलवाई गई थी। निर्माण के दौरान मानकों का ध्यान न दिए जाने के कारण निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क व नाली खराब होने लगी। अब हालत यह है कि कॉलोनी में इंटरलाकिंग खराब हो चुकी है और नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। नाली क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। गंदा पानी घरों के बाहर भरा हुआ है। ठेकेदार से शिकायत करने के बाद भी वह मरम्मत नहीं करा रहा है। मोहल्ले के अखिलेश लाक्षाकार, रामकरण सेंगर, विक्की द्विवेदी, साधना सिंह, पूनम लाक्षाकार, सचिन, गुंजन आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर नाली व सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# पाइप लाइन से ट्रैक्टर निकालने से रोकने पर की मारपीट

उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज

खेत में पाइन डालकर पानी लगा रहे किसान ने जब खेत से होकर मिट्टी लादकर निकाल रहे ट्रैक्टर चालकों को ट्रैक्टर निकालने से मना किया तो उन्होंने गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि किसान को जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी सुरेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उसे अपने खेत में पानी लगाना था। बुधवार की रात वह पाइप डालकर खेत में पानी लगा रहे थे। तभी रात करीब साढ़े 11 बजे कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली में मिट्टी लादकर उसके खेत से होकर निकलने लगे। जब उसने बताया कि खेत में पानी लग रहा है। ट्रैक्टर निकालने से पाइप टूट जाएंगे। इस बात से नाराज होकर ट्रैक्टर चालक ने अपने अज्ञात साथियों को बुला लिया। चारों मिलकर उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मिलकर लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के बाद वह शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## खबरें एक नजर में

### उधार दिए रुपए मांगने पर मिली जान से मारने की धमकी

**जालौन (उरई)।** उधार के रुपये मांगने पर युवक के साथ गाली, गलौज कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी चरन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही विजय सिंह को कुछ रुपयों की जरूरत थी। जब उसने रुपये मांगे तो उसकी जरूरत को समझते हुए उसने विजय को रुपये दे दिए। जिसे उसने कुछ दिनों में वापस लौटाने का वादा किया था। लेकिन महीनों गुजरने के बाद भी जब उसने रुपये नहीं लौटाए तो उन्होंने रुपये मांगना शुरू किए। पहले तो वह बहाने बनाकर टहलाते रहे। अब जब उसे रुपयों की अधिक जरूरत थी तो उसने सख्ती से विजय से रुपये मांगे। लेकिन उसने रुपये न लौटाकर गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर लाठी, डंडों से मारपीट करने लगा। आसपास के लोग बचाने आए तो आइंदा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरओ प्लांटों में हो रही पानी की बर्बादी

**जालौन (उरई)।** एक ओर सरकार जल संरक्षण व पानी की बर्बादी को रोकने के लिए तमाम प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर नगर में लगे आरओ प्लांट धड़ल्ले से पानी की बर्बादी में लगे हैं। नगर में लगभग आधा दर्जन आरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं। नगर में संचालित आरओ प्लांट नियम विरुद्ध तो चल ही रहे हैं। साथ ही यह पानी की बर्बादी भी कर रहे हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों में संचालित आरओ प्लांट प्रतिदिन 70 से 80 हजार लीटर पानी बर्बाद कर रहे हैं। एक तरफ सरकार पानी की बर्बादी को रोकने के लिए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर नगर में संचालित आरओ प्लांट धड़ल्ले से पानी की बर्बादी कर रहे हैं। आरओ प्लांटों पर वाटर रीचार्जिंग की तक की व्यवस्था नहीं है। पानी को आरओ करने के लिए निकलने वाला हजारों लीटर पानी नाली में बहाया जा रहा है। नगर में वर्षों से संचालित आरओ प्लांट पर हो रही पानी की बर्बादी को देखते हुए वर्ष 2016 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने आरओ प्लांटों को सीज करा दिया था। इसके बाद प्लांट संचालकों ने किसी तरह सीज प्लांटों को खुलवा लिया है। आरोप हैं कि खाद्य विभाग के नियमों की अनदेखी कर नगर में धड़ल्ले से आरओ प्लांट धड़ल्ले से चल रहे हैं।

### भगवान की कृपा से आपका शरीर स्वस्थ्य रह सकता

**जालौन (उरई)।** उदोतपुरा में लक्ष्मनजू मंदिर पर राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित संजय पांडेय ने अपने मुखारबिंद से राम कथा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का नाम जपने से एवं सत्संग करने से जो लाभ मिलता है, उसके आनंद की कहीं तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की भूमि में मनुष्य का जन्म लेने वाले बड़े सौभाग्यशाली है। रामकथा के तीसरे दिन पंडित संजय पांडेय ने बताया कि भगवान की कृपा से ही आपका शरीर स्वस्थ्य रह सकता है। इसलिए जीवन में भगवान का नाम जपना बहुत आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य का जन्म लेने के बाद भी अगर आप भगवान का नाम नहीं लेते हैं, तो आपका जीवन पशु से भी बदतर है।

# अपराध व अपराधियों से कोई समझौता नहीं होगा: प्रभारी निरीक्षक

चोपन, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात थाना परिसर में अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपने मातहतों को कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों से किसी भी सुरत में समझौता नहीं किया जा सकता। हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। गौरतलब हो कि कानून व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा जनपद कई थाना प्रभारी निरीक्षकों को नवीन तैनाती दिये हैं। चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक के पद पर विजय चौरसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सर्वप्रथम अपने मातहतों संग बैठक कर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये सभी हल्का प्रभारियों को बताया गया कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। थाने पर आने वाले फरियादियों की फरियाद तत्काल सुनते हुए निस्तारण करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही करें वहीं महिला सुरक्षा को लेकर भी संवेदनशील रहें।

# इंडिया गठबंधन के सांसद छोटेलाल खरवार का किया स्वागत

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के सांसद छोटेलाल खरवार का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनकर एक-एक कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया जिसकी अध्यक्षता राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ता एवं आम जनता के संघर्ष के कारण आज जनपद सोनभद्र से इंडिया गठबंधन का सांसद छोटेलाल खरवार निर्वाचित हुए हैं। इंडिया गठबंधन एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की देन है द्य सोनभद्र के कोने-कोने से आए एक एक कार्यकर्ताओं का हम आभार व्यक्त करते हैं।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि इंडियात गठबंधन के कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस की मेहनत ही हमे इस मुकाम तक पहुंचाने का काम किया है इसलिए हम इंडिया गठबंधन एवं आम जनमानस का आभार प्रकट करता हूं और हम यह संकल्प लेता हूं कि इंडिया गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ताओं के हित की लड़ाई संसद तक उठाने का काम करेंगे और हमेशा उनके दुख दर्द में शामिल होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे मन्नू पांडे रमेश गौतम सुरेश कोल वेदमानी शुक्ला राम भरोसे सिंह पटेल चौधरी यशवंत सिंह पटेल महिला सभा अध्यक्ष गीता गौर परमेश्वर दयाल सुनील श्याम बिहारी यादव विजय यादव अनिल कुमार यादव राम प्यारे सिंह पटेल लोकपति सिंह पटेल अशोक पटेल विजय शंकर जायसवाल रमाशंकर यादव अनिल प्रधान रमेश कुमार वर्मा प्रकाश यादव शिवनारायण चौहान भोलानाथ निषाद त्रिपुरारी नाम और कुशवाहा सनी पटेल विमलेश पटेल राम नारायण गॉड रामेश्वर राय पटेल अमर खरवार राजेश विश्वकर्मा जितेंद्र सुरेश लाल किरण कुशवाहा रामजतन प्रजापति जुल्फिकार रवि इजहार अली कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे साबिर हुसैन अंजनी छोटेलाल योगेंद्र समर सिंह दुर्गेश अमरेश प्रजापति महेंद्र श्याम बिहारी जायसवाल संतोष पासवान मोतीलाल दिनेश कुमार नंदकुमार खरवार के साथ जॉन एवं सेक्टर और बूथ के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# वेंडरों के स्थापन को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को टाउन वेण्डिंग कमेटी के सदस्यों के साथ वेण्डरों के स्थापन हेतु एक बैठक आहूत की गयी।बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों के साथ वेण्डिंग जोन के निर्धारण के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया व नगर क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप पुनः वेण्डिंग जोन हेतु स्थल चयन किये जाने के निर्देश दिये गये,जिससे नगर क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे ठेले,खोमचे वाले वेण्डरों को स्थल पर पुर्नस्थापित किया जा सके। वर्तमान में निर्मित वेण्डिंग जोन में वेण्डरों को चयन किये जाने हेतु नीति तैयार किये जाने पर चर्चा की गयी।स्थल चयन में स्थानीय व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त किया जाये व चिन्हित वेण्डिंग जोन में स्थानीय वेण्डरों को विशेष वरीयता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया।सभी वेण्डिंग जोन थीम के अनुसार विकसित किये जाने के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक, नगरीय विकास अभिकरण को निर्देशित किया गया।बैठक में वेण्डिंग जोन का चयन एवं वेण्डरों को स्थापित किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जोनल अधिकारी,कर अधीक्षक विविध एवं सी.एम.एम की समिति गठित किये जाने के निर्देश दिये गये।नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में विभिन्न व्यवसाय करने वाले ठेले एवं खोमचे अव्यवस्थित रूप से लगे हुए है।इन वेण्डरों को वेण्डिंग जोन का चयन करते हुए सुव्यवस्थित रूप से स्थापित किया जायेगा।वेण्डरों को पथ विक्रय प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा,जो नियत स्थान के लिए मान्य होगा।इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये है।बैठक में अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र, अग्निशमन अधिकारी एम.पी. सिंह,यातायात निरीक्षक, परियोजना अधिकारी डूडा यामिनी रंजन,वेण्डिंग कमेटी के सदस्य पार्षद चन्दन सिंह, अखिलेश पाण्डेय,कमल कौशल, रमेश जायसवाल,रामू सोनी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुवैत में भारतीय मजदूरों के मौत दुखद, सरकार दे 50 लाख मुआवजा

दुद्धी,सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

कुवैत में रिहायशी इमारत में आग लगने से 40 भारतीय मजदूर समेत हुई 49 लोगों की मौत पर वर्कर्स फ्रंट ने गहरा दुख व्यक्त किया है और केंद्र सरकार से तत्काल मजदूरों को 50 लाख रुपए मुआवजा, घायलों को बेहतर इलाज और पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने व टूरिस्ट एजेन्सियों व्दारा देश के बाहर काम के लिए श्रमिकों को भेजने पर रोक लगाने की मांग की है। वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर कपूर और प्रवासी श्रमिक अधिकार मंच के सचिव प्रमोद पटेल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि विदेशों विशेष तौर पर खाड़ी देशों में काम करने वाले मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है। एक उदाहरण से ही स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है खाड़ी देशों में भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायत के मिली जिसमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुई है। आमतौर पर मजदूरों की इन शिकायतों पर गौर नहीं किया जाता। मीडिया की रिपोर्ट है कि कुवैत में उसकी कुल आबादी 46 लाख में 10 लाख भारतीय हैं, इनमें ज्यादातर श्रमिक हैं। इन मजदूरों को अत्यधिक भीड़भाड़ वाले आवासों में रखा जाता है। एक ही कमरे में क्षमता से बेहद ज्यादा करीब 20-20 लोग रह रहे हैं। यही नहीं इस घटना में यह बात भी उभर कर सामने आई है कि ज्यादातर मजदूरों को लेबर परमिट की जगह टूरिस्ट वीजा पर काम करने के लिए ले जाया गया है। जिन्हें अब कुवैत सरकार अवैध मजदूर के रूप में चिन्हित कर रही है। दरअसल विदेश में भेजने के नाम पर मजदूरों के जीवन के साथ बड़ा खिलवाड़ किया जा रहा है। मजदूरों को टूरिस्ट एजेंसियां टूरिस्ट वीजा पर भेज देती हैं जिससे इन मजदूरों का मजदूर के बतौर कोई रिकॉर्ड ना तो दूतावास में होता है ना ही भारत सरकार के पास रहता है।

कुवैत की इस घटना के मामले में भी यही बात दिख रही है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि भारत सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल का गठन करके इस पूरी घटना की जांच कराएं। ज्यादतर मजदूरों की उम्र 20 से 50 वर्ष के बीच में है और उन पर ही पूरे परिवार की आजीविका निर्भर है ऐसे में प्रधानमंत्री राहत कोष से दिया गया 2 लाख का मुआवजा बेहद कम है इसे कम से कम 50 लाख किया जाए और जो मजदूर घायल है उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की जाए। साथ ही टूरिस्ट वीजा पर मजदूरों को भेजना की कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

# उत्तर प्रदेश एक नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर: कुलपति

- मुख्य क्रीड़ा परिसर में कुलपति ने दिलाई ऑनलाइन योग से जुड़ने की शपथ, सभी से की एक साथ मिलकर आगे आने की अपील

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मुख्य क्रीड़ा परिसर में ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाने को लेकर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई।इसके बाद मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने योगाभ्यास किया।इस दौरान कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दिशा निर्देशन में विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान बनाने के लक्ष्य से सभी को अवगत कराया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों वैज्ञानिकों,कर्मचारियों व छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई।सभी ने एक स्वर में दोहराया ÷मैं अपने और अपने परिवार के साथ नियमित रूप से अभ्यास करके योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की प्रतिज्ञा करता हूं÷। कुलपति ने कहा कि अपना उत्तर प्रदेश विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने में अवश्य सफल होगा।कुलपति ने विद्यार्थी,शिक्षक,पुरातन छात्र छात्राएं,अधिकारी,कर्मचारी एवं अभिभावकों से बढ़ चढ़कर ऑनलाइन योग की शपथ लेने की अपील की।इस लक्ष्य को सफल बनाने में सभी को एक साथ मिलकर आगे आना होगा जिससे अपना उत्तर प्रदेश एक नया कीर्तिमान बनाने में सफल हो सके।

उन्होंने सभी से अपील किया कि अपने मित्रों, परिजनों एवं आस-पास के लोगों को भी ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण के लिए प्रेरित करें और इसका हिस्सा बनाएं।कुलपति ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने अपने क्षेत्र से लगभग दो हजार किसानों एवं उनके परिवार के लोगों को ऑनलाइन शपथ से जोड़ने की बात कही।उन्होंने कहा कि इस अभियान से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों को भी जोड़ा जाएगा और ऑनलाइन योग की शपथ दिलाई जाएगी।योग समन्वयक डा. देवनारायण पटेल ने बताया कि ऑनलाइन योग शपथ को सफल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।योग की ऑनलाइन शपथ के लिए लिंक पर जाकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं जो राजभवन व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर योगा प्लेज डाट इन पर उपलब्ध है। योग सप्ताह दिवस 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा।

# अनुशासित जीवन के लिए लेनी होगी योग की शपथ: कुलपति

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने गुरूवार को कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में योग आनलाइन शपथ का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए अधिकारियों व शिक्षकों के साथ शपथ ली। वहीं कुलपति की अध्यक्षता में सात जनपदों के सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ योग शपथ ग्रहण के लिए आनलाइन बैठक हुई।बैठक में कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में योग आनलाइन शपथ दिलाई जा रही है। सभी राज्य विश्वविद्यालय इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विश्वविद्यालय को भी साढे पांच लाख का लक्ष्य दिया गया है।इसे पूरा करने के लिए सभी को आनलाइन योग की शपथ लेनी होगी।बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने प्राचार्यों एवं प्रबंधकों से अपील की कि अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों,कर्मचारियों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पूर्व छात्रों से सम्पर्क करते हुए उन्हें योग आनलाइन शपथ के लिए प्रेरित करे जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के मुकाबले अपना अवध विश्वविद्यालय नम्बर एक पर आ सके और उत्तर प्रदेश गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हो सके।बैठक में कुलपति ने कहा विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए योग ऑनलाइन शपथ अभियान 18 जून तक चलेगा। इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। भारतीय ज्ञान परम्परा से हमें जो अनमोल उपहार के रूप में योग मिला है। इसे अपनाने से अनुशासित जीवन जी सकते है। इसलिए सभी को योग आनलाइन शपथ लेनी होगी।बैठक में योग नोडल समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि आनलाइन योग शपथ ग्रहण को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट या राजभवन के पोर्टल पर योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाना होगा जिसमें विश्वविद्यालय का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करने के बाद ओटीपी आयेगा।

# सुखी गांव में विद्युत स्टेशन को मिली दो बीघा जमीन

- छह करोड़ की लागत से छह माह में तैयार होगा विद्युत सब स्टेशन
- हरेईपुर गांव में 111 करोड़ से निर्मित हो रहा विद्युत स्टेशन


सुखी गांव में सबस्टेशन के लिए जमीन की पैमाइश करते अफसर

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

उमर्दा क्षेत्र के सुखी गांव में नए बिजली घर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यह बिजली घर छह करोड़ की लागत से छह माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें पांच-पांच एमबीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएगें। जिससे उमर्दा क्षेत्र के लोगों को भरपूर बिजली मिल सकेगी। गुरूवार को बिजली घर निर्माण के लिए चिन्हित की गई दो बीघा जमीन एसडीएम ने पैमाइश कर बिजली विभाग के हवाले कर दी है।

उमर्दा क्षेत्र के सुखी गांव में प्रदेश शासन ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर नए बिजली घर के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी। इसके लिए छह करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया था। पर जमीन न मिल पाने के कारण इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। मंगलवार को बिजली घर निर्माण के लिए बिजली विभाग के अफसरों ने दौरा भी किया था। गुरूवार को एसडीएम अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार अवनीश कुमार, एसडीओ विद्युत कुलदीप राजपूत के साथ सुखी गांव में पहुंचे। यहां एसडीएम ने बिजली घर के निर्माण के लिए चिन्हित की गई जमीन को देखा। बाद में क्षेत्रीय लेखपालों से पैमाइश कराकर इसको सुरक्षित कर बिजली विभाग को सौंप दिया। एसडीओ विद्युत कुलदीप राजपूत ने बताया कि जल्द ही बिजली घर के निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। यह सबस्टेशन छह माह में बनकर तैयार होगा। इसमें पांच एमबीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएगें।

जिससे क्षेत्र के लोगों को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति मिल सकेगी। उन्होने बताया कि इसी तरह से हरेईपुर में 111 करोड़ की लागत से विद्युत स्टेशन का निर्माण चल रहा है। जल्द ही इसका काम पूरा हो जाएगा। यह स्टेशन शुरू होने पर औसेर, खैरनगर, सिमरिया क्षेत्र के लोगों को भरपूर बिजली मिल सकेगी।

# बकरीद को शांतिपूर्ण रूप से मनाने के दिए निर्देश

- थाना छिबरामऊ पर ईद-उल-अजहा, गंगा दशहरा के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों व धर्म गुरुओं के साथ की गई बैठक

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक में दिए गए त्योहारों को लेकर सख्त निर्देश पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा यूपी जिला अधिकारी उमाकांत तिवारी द्वारा थाना छिबरामऊ पर आगामी त्यौहारों ईद-उल-अजहा,गंगा दशहरा के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों व धर्म गुरुओं के साथ बैठक की गई जिसमें पीस कमेटी के सदस्यों व धर्म गुरुओं से आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में सुझाव प्राप्त किये गये तथा शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गयी।

तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शांति कमेटी की बैठक में चेयरमैन मनोज दुबे उमर फारूक उर्फ बंटी शहीत दर्जनों लोग बैठक में मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम पर लगे आरोप

- बिजली कटने से बिरतिया मोहल्ले में गर्मी और पेयजल की किल्लत

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बिजली कटौती पर शिकंजा कसने में नाकाम बिजली विभाग ने अब कटियाबाजों के खिलाफ ऐक्शन शुरू किया है।

खासकर समुदाय विशेष को टारगेट कर बिजली विभाग ने यह छापेमारी शुरू की है। समुदाय ने बिजली विभाग पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। सुबह पांच बजे कन्नौज के छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के बिरतिया मोहल्ले में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने छापा मार दिया। मोहल्ले के लोग सही से सोकर उठ भी नही पाए थे कि छापे से हड़कंप मच गया। मुस्लिम बाहुल्य इस मोहल्ले में रहने वालों ने छापे को राजनीति से प्रेरित और एकतरफा कार्यवाही ठहराया है। उनका कहना है कि सपा को वोट देने के कारण हमारे घरों को निशाना बनाया गया है। बिजली कटने से बिरतिया मोहल्ले में लोग गर्मी और पेयजल किल्लत हो गयी है। आप खुद सुनिये छापे पर लोग क्या कह रहे हैं। जब एसडीओ रविन्द्र सिंह से जानकारी की बिजली कनेक्शन केबल कटने को लेकर तो उन्होने डैमेज केबल होने के चलते एवं कट केवल में अधिक होने के चलते लोगों की केबल काटी गई है उनको बताया गया है कि आप लोग आर्मर्ड केबल का प्रयोग करें जिससे कि ना तो केवल डैमेज हो पाएगी और ना ही कट हो पाएंगे जिन लोगों की केबिल कटने का करण वोट देनी वाली जो वाते निकल कर जो सामने आ रही हैं वह निराधार झूठ है क्योंकि वोट गुप्त मतदान होता है वह कहीं भी किसी भी जगह डाल सकता है।

# जमीनी विवाद में दंपति को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के भटौरा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दबंगो ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने सीओ तिर्वा को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर ठठिया थाने में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भटौरा गांव निवासी किरन पत्नी चन्द्रभान ने सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके चचिया ससुर व सास पिछले काफी समय से उनके पास रहते हैं। ससुर ने अपनी कुछ जमीन उनके पुत्रों के नाम कर दी। इससे नाराज परिवार के लोगों उनसे रंजिश मानने लगे। गत 08 जून को उक्त हरिपाल, मुनेन्द्र, तेजपाल, सूरज व राघवेन्द्र उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया, तो उक्त लोगों ने उसपर हमला बोल दिया। उसे बचाने आया उसके पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनो का इलाज मेडिकल कॉलेज में हुआ। गत 09 जून को जब उसका पुत्र ठठिया थाने में शिकायत लेकर गया, तो पुलिस ने उसको शांतिभंग में जेल भेज दिया। इसपर सीओ ने ठठिया थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। ठठिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# हरिद्वार रवाना हुये किसान, की नारेबाजी

- महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर होगा मंथन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


भारी मात्रा में हरिद्वार रवाना होते किसान।

हरिद्वार में भारतीयस किसान यूनियन लोकशक्ति शीर्ष नेतृत्व द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में जनपद से सैकडों कार्यकर्ता प्रदेश सचिव के नेतृत्व में रवाना हुये। इस दौरान प्रदेश सचिव शाहिद खॉन ने कहा कि महा पंचायत में किसानों की भारी भीड को शीर्ष नेतृत्व द्वारा संबोधित किया जायेगा। साथ ही किसानों की समस्याओं पर मंथन के उपरान्त निस्तारण की रणनीति तय की जोयगी। बीतीशाम स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति प्रदेश सचिव शाहिद खॉन व युवा जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ता हरिद्वार जानें के लिये एकत्र हुये। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद ने कहा कि किसी भी सरकार में किसान ही परेशान होता है। अधिकारी व कर्मचारी किसानों का ही उत्पीडन करते हैं। जिसके संबन्ध में हरिद्वार में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा रणनीति तय की जायेगी। इस दौरान शिवनाथ, सभासद सिराज अहमद, अस्फान, समीर, कैलाश चंद्र, नरेश चंद्र, मदन लाल, रामकली, सतपाल, वीरभान, संतोष, राजा राम, रामधार, अनीता, तारा देवी, विजय, ठाकुर प्रसाद, अंसिका, श्यामा, चंद्र पाल, पवन, दीप चंद्र, सिला देवी, रामकली, राम सेवक, बंधना, रामाधार सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# दूसरे दिन चला पालिका का जनजागरूकता अभियान

**ब्राण्ड अम्बेस्डर के साथ ईओ ने दो वार्डो में भ्रमण कर किया जनसम्पर्क**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा बेहतर प्रदर्शन करनें की मुहिम में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने के लिये ब्राण्ड अम्बेस्डर/समाजसेवी मयंक गुप्ता के नतृत्व में पालिका नें दो वार्डो में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गुरूवार की सुबह ब्राण्ड अम्बेस्डर मयंक गुप्ता के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित द्वारा सभासदों व कर्मियों के साथ वार्ड संख्या 03 कबीर नगर और वार्ड संख्या 19 कृष्ण नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग कर खाद बनाये जाने। कूड़ा गाड़ी में गीला-सूखा अलग-अलग कचरा डाले जाने। पेयजल को बर्बाद न किये जाने के सम्बन्ध में जल संरक्षण के लिये जागरूक किया। इस दौरान लीकेज, मार्ग प्रकाश आदि शिकायतों के भी त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिशासी अधिकारी द्वारा दिये गये। इस दौरान सभासद भैयालाल दुवे, प्रधान लिपिक आरपी सिंह, निर्माण इंचार्ज जिलेदार सिंह, मार्ग प्रकाश व्यवस्था इंचार्ज संजीव सिंह, जलकल फील्ड प्रभारी जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, अशोक शर्मा, मोहित गुप्ता, अशोक बाल्मीकि मौजूद रहे।

# योग को अपनी दिनचर्या में करें शामिल: जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आगामी 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। 15 से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह को सफल बनाए जाने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में डीएम ने बताया कि आगामी 15 जून से योग दिवस की शुरुआत उप्र शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ही आयोजन किया जाएगा। योग में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। कहा कि योग स्वयं एवं समाज के लिए आवश्यक है। योग के माध्यम से कई मानसिक विकारों को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है। योग से शारीरिक सक्रियता बढ़ाकर योग बाहरी और आंतरिक अंगों को मजबूती प्रदान करता है और रोगों से दूर रखता है। योग किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। कहा कि यम,नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार , धारणा, ध्यान आदि योग के नियम हैं, जिससे मस्तिष्क शांत होने के साथ तनाव कम होता है। के साथ ही ब्लड प्रेशर, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल में कमी आने के साथ मांसपेशियां मजबूत होती हैं। योग से नर्वस सिस्टम में सुधार होता है। शरीर के रोगों से लड़ने की ताकत में इजाफा होता है। आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागवार योग स्थल चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले एवं गांव- गांव, घर-घर तक योग पहुंचना चाहिए। योग का आयोजन बोर्डिंग ग्राउंड, मेहंदी घाट, जलेशर घाट, चियासर घाट, अन्नपूर्णा मंदिर/मंदिर, समस्त तहसील, ब्लाक ग्राम पंचायत एवं प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों व नगरी क्षेत्रों के वार्डों आदि स्थानों पर होना चाहिए द्य उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में योग सप्ताह का आयोजन करवाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह सहित सबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग स्टूडेंटस को वितरित हुए नि:शुल्क टेबलेट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- ब्लाक प्रमुख ने इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर टेबलेट बांटे

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरूवार को प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तिर्वा के ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता अजय वर्मा ने पहुंचकर इंजीनियरिंग स्टूडेंटस को टेबलेट वितरित किए।

कार्यक्रम की शुरूआत इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक प्रो.डॉ. रचना अस्थाना व ब्लाक प्रमुख प्रमुख अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप पृज्जवलन कर की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी छात्रों को नि:शुल्क टेबलेट वितरण की योजना चला जा रही है। जिससे छात्रों को अध्ययन में लाभ मिल सके। इसी योजना के तहत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टूडेंटस को नि:शुल्क टेबलेट वितरित किए जा रहे है। इस मौके पर संस्थान के कुलसचिव डॉ. बीडीके पात्रों, डॉ. अरूण कुमार सिंह अधिष्ठाता शैक्षिक डॉ. रवीश सिंह राजपूत, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय तिवारी, संतोष त्रिपाठी, कमलेश भारती, शिल्पी यादव, ऋषभ कश्यप, आकाश अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना मौजूद रहे।

# त्योहारों पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगी: जेपी शर्मा


शांति कमेटी की बैठक लेते कोतवाल जेपी शर्मा।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- शांति कमेटी की बैठक में कोतवाल ने नागरिकों से मांगा सहयोग

सनातन धर्म के प्रमुख पर्व दशहरा एवं मुस्लिम धर्म के ईद-उल-अजहा त्योहार से पूर्व कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें प्रभारी निरीक्षक ने नागरिकों से आपसी सद्भाव व शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने एवं अराजक तत्वों की सूचना देनें की अपील की है। गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने हिन्दू धर्म व मुस्लिम समाज के लोगों से त्यौहारों पर आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर अधीनस्थ कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने मौजूद लोगों से त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार पर अराजकता फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान मौजूद लोगों ने प्रभारी निरीक्षक को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न कराए जाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, सरायप्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा सहित शहर काजी हाफिज जुम्मन, पूर्व चेयरमैन मो. नकीम खॉन, मुनीर कुरेशी, हाजी मशरूर अहमद, जकील सिददीकी, सुगम दुवे, मौलाना महताब, सभासद दीपक गुप्ता, विपिन चौरसिया, परमजीत, सुरेन्द्र कुमार, शिवा गुप्ता, सैनुददीन उर्फ भूरा, मुश्ताक खॉन, पूर्व सभासद मोहित गुप्ता, सिराजुल इस्लाम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# आतंकी हमले में मारे गए नौ श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थ यात्रियों की बस पर किए गए करतापुर आतंकवादी हमला में जो श्रद्धालुओं की मौत पर भाविनी श्रद्धांजलि दी गई समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रियतेश वर्मा के प्रतिष्ठान पर व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर कार्यकर्तापूर्ण आतंकवादी हमला में 9 श्रद्धालु की मौत पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता अरविंद कुमार गुप्ता गोविंद यादव प्रवेश राजन गुप्ता अनुज वर्मा सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नपा ने चलाया प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान, हड़कम्प

**नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में सरायमीर क्षेत्र में दुकानों में हुई छापेमारी, प्रतिबंधित पॉलिथीन को किया जप्त**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पर्यावरण की शुद्धता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का प्रतिबंध होना जरूरी है। सरकार भी प्लास्टिक व पॉलिथीन को प्रतिबंधित करने के लिए गंभीर रूप से काम कर रही है. देश के कई राज्यों मे पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध को लेकर सरकार आदेश जारी कर चुकी है। इसके लिए विभिन्न प्रकार से प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनता को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके बाद भी बाजार में पॉलीथिन का प्रयोग रुकने का नाम नहीं ले रहा।

गुरुवार को कन्नौज नगर पालिका प्रशासन ने अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ जिला मुख्यालय के जीटी रोड सरायमीरा क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया। नगर पालिका टीम ने क्षेत्र की कई दुकानों पर छापेमारी कर प्रतिबंधित पॉलीथिन को जप्त किया। वहीं कई दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई, साथ ही नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए कोई पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई व जुर्माने की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। नगर पालिका के इस अभियान से दुकानदारों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा।अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और पूरे जिले में चलाया जाएगा। गौरतलब है कि आज के समय में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग चलन में है। इसका प्रयोग करने वाले सभी लोग इस बात से भी पूर्ण रूप से परिचित है कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बहुत घातक है।प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन को बैन करने की दिशा में जागरूक करने का काम कर रहा है, तथा पर्यावरण में इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी प्रचार के माध्यम से जनता को जानकारी मुहैया करा रहा है इसके बावजूद पॉलीथिन का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।

# प्रमोद बनें भाकियू ब्लाक उपाध्यक्ष, हुआ स्वागत

- कार्यकारिणी की बैठक में जिलाध्यक्ष ने वयोवृद्ध ग्रामीणों को किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


ग्रामीणों का स्वागत करते जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

क्षेत्र के ग्राम बेहटा में भाकियू टिकैत की एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने संगठन के मुख्य उद्देश्य एवं नीतियों से किसानों को अवगत कराकर जागरूक कियौ। उन्होंने प्रमोद कुमार को छिबरामऊ ब्लॉक का उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

बुधवार को कार्यकर्ताओं की बैठक में जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि हर सरकार में किसानों को ठगा जा रहा है। किसानों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। किसानों के अधिकारों को दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कई बार आंदोलन किया गया है। शासन व प्रशासन को हमारे आंदोलन के समक्ष घुटने टेकने पड़े और हमारी समस्याओं से संबंधित सभी प्रकार की मांगों को माना भी गया है। किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाकियू संघर्ष करने के लिए सदैव तत्पर है। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष ने वयोवृद्ध ग्रामीणों श्री कृष्णा बाबा, श्रीपाल, रमेश चंद्र, रामचंद्र का फूल मालाओं से स्वागत का सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन प्रमोद कुमार सहित महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, मनोज कुमार, रघुवीर सिंह, शाहरूख मंसूरी, जीतू यादव, इरशाद अली, साजिद हुसैन, महेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश यादव, अरुण कुमार सिंह उर्फ डब्लू, राहुल वर्मा, राकेश राजपूत, प्रमोद कुमार तिवारी उर्फबब्लू, रामानंद, धर्मेंद्र सिंह राजपूत बब्लू ठाकुर, अनवार खान रजाउल अली, विपिन राजपूत, प्रशांत गौतम, विपिन गौतम, ओमकार, अमन खान, विवेक राजपूत आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रामगंगा में नहाते समय छात्र डूबा, मौत

- मृतक अजीत अमृतपुर आरआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। अजीत चार भाइयों में सबसे छोटा था



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामगंगा में नहाने गया छात्र गहरे पानी में डूब गया। छात्र के डूबते की मौके पर काफी लोग आ गये। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त निवासी 16 वर्षीय अजीत पुत्र राजेश्वर राजपूत रिश्तेदारों के साथ रामगंगा महोलिया घाट पर स्नान करने आया था। वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि नहाने के दौरान अजीत गहरे पानी में डूब गया। मछुआरों के द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से अजीत को बाहर निकालकर राजेपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी में तैनात डॉ0 प्रमित राजपूत ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार कर्मवीर, 112 पुलिस, प्रधान राजकुमार, जिला पंचायत सदस्य पुत्र प्रिंस चौहान मौके पर पहुंचे। मृतक की मां मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अजीत अमृतपुर आरआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। अजीत चार भाइयों में सबसे छोटा था।

# पुलिस ने लोहिया गेट के बाहर रखी बेवा की दुकान को हटवाया



महिला की दुकान हटवाती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने लोहिया अस्पताल के गेट पर चाय आदि की दुकान चलाने वाली महिला की दुकान को हटवा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसके साथ अभद्रता की।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लोहिया अस्पताल परिसर में मुख्य गेट के बाद बेबा महिला रुबी कई वर्षों से चाय आदि की दुकान चला रही थी। आसपास के दुकानदारों ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि महिला उक्त दुकान अतिक्रमण कर चला रही है। जिस पर गुरुवार को पहुंची पुलिस ने उसकी दुकान को हटवा दिया। बताते चलें कि पुलिस कई घंटे तक दुकान हटवाने में लगी रही। वहीं पीड़ित महिला का आरोप है कि वह दुकान से अपना खर्चा चलाती थी तथा बच्चों का पोलन पोषण करती थी। जिसे आज पुलिस ने हटवा दिया। अब वह अपने बच्चों का पापलन पोषण कैसे करेगी।

# योगी के शासन में खाकी की गुंडई आरोपी को कम्प्यूटर कक्ष में बंद कर पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते आरोपी

योगी के शासन में खाकी की गुंडई अपने चरम पर पहुंच गयी है। पुलिस कभी न्याय मांगने वाले को ही उठाकर बंद कर देती है, तो कभी आरोपी को बंद कर जमकर पीटती है। इसके अलावा खनन माफियाओं, लकड़ी माफियाओं से जमकर धन उगाही कर रही है। जिसके चलते बीते दिन पुलिस अधीक्षक ने खनन की वसूली में लिप्त पाये जाने वाले चौकी इंचार्ज सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

जानकारी के अनुसार बीती रात थाना कमालगंज के सिपाही कुणाल और धर्मेंद्र शिकायत के आधार पर मारपीट के आरोपी को थाने में पकड़ लाये। थाने लाकर शराब के नशे में धुत सिपाहियों ने रात्रि करीब 3.00 बजे आरोपी को कम्प्यूटर कक्ष में बंद कर पटों से उसकी जमकर पिटाई की। जिससे आरोपी के शरीर पर कई चोटें आयीं। दोनों सिपाहियों पर पीड़ित ने 40 हजार मांगने का भी आरोप लगाया। हालांकि आरोपी का कहना था कि नियमानुसार जो भी कार्यवाही बनती हो वह आप कीजिए, लेकिन मानवाधिकार का उल्लंघन मत कीजिए, लेकिन सिपाहियों का दिल नहीं पसीजा। सिपाहियों ने कहा कि अगर 40 हजार रुपये नहीं दोगे, तो तुम्हें तमंचा लगाकर जेल भेज देंगे। अगर देखा जाये, तो अपराध और अपराधी यहीं से जन्म लेते हैं। पुलिस सीधे साधे लोगों को गुंडा बना देती है और इतने मुकदमा लाद देती है, तो कि वह गैंगेस्टर बन जाता है। जबकि शासन के निर्देश हैं कि पीड़ितों को न्याय दिलाया जाये। साथ ही अपराधियों को जो भी सजा बनती हो, वह नियमानुसार दी जाये।

बीते महीने लकूला क्षेत्र में पुलिस ने मानवता को ताख पर रखकर कादरीगेट के एक दरोगा ने स्वयं महिला की थप्पड़ों से जमकर पिटाई की थी। जबकि कानून के हिसाब से महिलाओं को पकड़ने व बात करने का अधिकार महिला पुलिस के पास सुरक्षित है। अगर देखा जाये, तो खाकी लोक सेवक का अर्थ ही भूल गयी है। ऐसे में कानून व्यवस्था तार-तार होती नजर आ रही है।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी ने भाइयों के सहयोग से पति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पति की पिटाई कर दी। पति ने थाने पहुंचकर साले और पत्नी के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गुशरापुर निवासी विपिन कुमार कल शाम अपने घर पर जानवरों को चारा पानी कर रहा था। उसी समय उसके नामजद दो साले और उसकी पत्नी घर पर आई और उसे गाली -गलौज करने लगी। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज उसके साले और उसकी पत्नी ने उसको जमकर मारापीटा। मारपीट में विपिन कुमार को चोटें आई हैं। आज विपिन कुमार ने थाने पहुंचकर पत्नी और दो सालो के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### महिला को जहरीले सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव मेहदीबाग निवासी अमरवती (26) पत्नी अमन को जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### सांड़ के हमले में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी मुन्नालाल (70) व उनका 17 वर्षीय पुत्र नारायण व रामनिवास (68) तीनों पर सांड ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मुन्नालाल व उसके पुत्र नारायण को लोहिया अस्पताल रफर कर दिया गया।

### स्पेलर कारखाने से हजारों की चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अतर खाँ पुत्र ताहिर अली की आटा चक्की, स्पेलर की दुकान मोहल्ला चिलांका में है। रोज की भांति शाम को अतर खां अपने तेल स्पेलर, आटा चक्की की दुकान बन्द करके अपने घर चले गये। गुरुवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्पेलर की दीवाल में आला नकब लगा देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल की। वहीं ताहिर खाँ ने बताया की दुकान मे चोरों ने नकब लगाकर 30 बोरी सरसो किसकी कीमत 90 हजार रुपये तथा गुल्लक में रखी 15 हजार की नगदी चोर चुरा ले गये।

### योग से निरोग रहने का प्रधानाचार्या ने छात्राओं को दिया संदेश



योग की शपथ लेंती छात्राएं व कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका पीजी कॉलेज आवास विकास में छात्राओं को योग के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें योग की शपथ दिलायी गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर के आवास विकास स्थित कृष्णा देवी पीजी कॉलेज में योग को लेकर छात्राओं को महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ0 प्रेमलता श्रीवास्तव ने जागरुक किया। इसके अलावा छात्राओं को योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य को एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ्य रह चुके हैं। प्रधानाचार्य ने अनुलोम विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, डीप ब्रीदिंग आदि मुख्य प्रणायाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग में जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सम्भव है। रोज योग को अपने जीवन में उतारने से व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि 21 दिवस को योग दिवस है। सभी लोग अपने-अपने घरों में इस दिवस पर योग करें। साथ ही जनमानस को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर विद्यालय की करीब 700 छात्रायें मौजूद रहीं।

### मुकदमे में समझौता न करने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम शुकरूलाहपुर निवासी खुशबू पत्नी राजीव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसने गांव के ही लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा अपराध संख्या-344/13 धारा-37,6 394, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें अभियुक्तगण उससे मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं। गुरुवार को वह सुबह अपने एक मकान से दूसरे मकान में जा रही थी। उसी समय अभियुक्तगण उसके साथ गाली-गलौज करने लग। जिसका उसने विरोध किया, तो सभी ने एक राय होकर महिला के साथ मारपीट की। जिससे महिला के चोटें आई हैं। महिला ने थाने पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### दरवाजे के बाहर सो रही महिला के चोर चुरा ले गये कुंडल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दरवाजे के बाहर सो रही महिला के कान के कुंडल अज्ञात चोर चुरा ले गए। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बलोखर निवासी नेकसी देवी पत्नी स्वर्गीय नरेश चंद्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह बीती रात अपने दरवाजे पर सो रही थी, तभी रात में किसी समय अज्ञात चोर उसके कान से कुंडल निकाल ले गए। जब वह 1.00 बजे रात जागी, तो उसे अपने कुंडल कान में नहीं मिले। उसने चीख पुकार मचाई। तब तक चोर जा चुके थे। वहीं उसी गांव के उनके पड़ोसी ओम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बीती रात लगभग 1 लाख रुपए की भैंस अज्ञात चोर उसके दरवाजे से खोल ले गए। जब उनकी आंख खुली तो दरवाजे पर भैंस बंधी ना देखकर उन्होंने इधर उधर आवाज़ लगाई और गांव वालों को जगाया, लेकिन भैंस को चोर तब तक ले जा चुके थे। ओम सिंह ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# गंगा दशहरा पर्व पर घाटों पर न हो कोई अव्यवस्था: डीएम



अधीनस्थों की बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आने वाले त्योहार गंगा दशहरा, बकरीद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि गंगा दशहरा पर पांचाल घाट पर मेडिकल कैम्प व दोनों तरफ 02-02 एम्बुलेन्स लगाई जाएं। श्रंगीरामपुर, ढाईघाट व अटैना घाट पर भी 02-02 एम्बुलेंस लगाई जायें। सभी घाटों पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

सभी घाटों पर साफ -सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाये। जिला पंचायत अपने सभी घाटों पर व्यवस्था सही करे। सभी घाटों पर गोताखोरों की तैनाती कर सूची सार्वजनिक करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि उनका कोई भी तार झुका हुआ न हो, विद्युत की आपूर्ति निर्वाध हो, ट्राली ट्रांसफार्मर लगाए जायें, ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ को निर्देशित किया कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पांचाल घाट पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं। जिलाधिकारी द्वारा एआरटीओ को निर्देशित किया कि पांचाल घाट पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बकरीद के लिए सभी ईदगाहों की साफ -सफाई सुनिश्चित की जाये। बड़ी ईदगाहों पर एम्बुलेन्स लगाई जाये व सभी जगह ओआरएस की व्यवस्था की जाये, कुर्बानी के अवशेष खुले में, रोड व नाली में न फेंके। सभी लोग आपसी सौहार्द से सभी त्योहार मनायें। सभी लोग व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे। गंगा दशहरा में ट्रैक्टर ट्राली से न आयें। सड़क पर नमाज का आयोजन न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

- बकरीद के त्योहार को सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं

### नशा मुक्ति के लिए चलाया जाये जागरुकता अभियान: जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में मादक पदार्थों के संचरण को रोकने के लिये एनसीओआरडी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आवश्क दिशा निर्देश दिये गये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि न्यायालय में वर्षों से लंवित चल रहे वादों को प्रभावी पैरवी कर निस्तारित कराया जाये, स्कूलों व कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जायें। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के जो भी नशा करने वाले व्यक्ति नशा छोड़ना चाहते है उन्हें कानपुर नशा मुक्ति केंद्र में भेजना सुनिश्चित करें। जिले की बॉर्डर पर चेकिंग कराई जाए। जिले के सभी थाना प्रभारी व आबकारी विभाग अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाये। जिससे जिले में बनायी जा रही कच्ची शराब पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी अनुराधा चौहान पुत्री राजीव चौहान ने दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी पांच वर्ष पूर्व थाना मोहम्मदाबाद के गांव हैदरपुर महोई निवासी महेंद्र सिंह राठौर के साथ हुयी थी। दिए गए दान दहेज से ससुरालीजन खुश नहीं थे। कुछछ समय बाद से ही ससुरालीजन अतितिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। महिला के एक पुत्र सम्राट भी है।

मांग पूरी न होने पर पति महेंद्र ने दूसरी शादी कर ली। महिला ने थाने पहुंच तहरीर दी। पुलिस ने महिला को थाने से टरका दिया। महिला ने एसपी को तहरीर दी। एसपी के आदेश पर पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# युवक-युवतियों से रुपये लेकर जारी कर दिये फर्जी नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते ठगी के शिकार युवा

युवाओं को नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह ने कुछ युवाओं को सीडीओ के फर्जी हस्ताक्षरयुक्त नियुक्ति पत्र जारी कर दिये। जब उपरोक्त नियुक्ति पत्र लेकर युवा सीडीओ के पास पहुंचे, तो वह फर्जीवाड़ा देखकर हैरान रह गये। उन्होंने युवकों से आरोपी युवक को बुलाने को कहा। जिसके बाद गिरोह के एजेंट मोहम्मद इसरार निवासी हंसापुर गौराई शमशाबाद को युवाओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर दबोच लिया और उसे सीडीओ के पास पहुंचे। सीडीओ ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर पहले ही बुला लिया था। आरोपी युवक मोहम्मद इसरार के पहुंचने पर सीडीओ ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फर्जी नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक युवतियों में हर्षित वर्मा, राजकुमार, संजय यादव, राम अवतार, विनीता देवी, मुस्कान कनौजिया, तान्या कनौजिया, मुस्कान कनौजिया, अशोक कुमार, ओमवीर के नाम शामिल हैं। सभी के फर्जी नियुक्ति पत्र जिलाधिकारी, डीपीआरओ और समाज कल्याण अधिकारी के चालक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर के पद पर तीन लड़कियों के हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने अपने सभी जेवर गिरवीं रखकर व कर्जा लेकर आरोपी को रुपये दिये थे। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपित मोहम्मद इसरार ने बताया कि लखनऊ के हयात होटल में रहने वाले अनुज यादव ने उसे नियुक्त पत्र दिए थे और उसी ने पैसा भी लिया था। अनुज यादव ने खुद को विधानसभा में कार्यरत होना बताया था। इस मामले में सीडीओ ने बताया कि इस प्रकार के ठगों से सभी को सावधान रहना चाहिए। इसके लिए वाकायदा विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है और आवेदन मांगे जाते हैं। परीक्षा या साक्षात्कार के बाद ही नियुक्ति होती है। डीएम व सीडीओ के फर्जी हस्ताक्षर के मामले में अलग से भी एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। युवाओं ने कोतवाली फतेहगढ़ को तहरीर दी है। वहीं युवाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी के लिए महिलाओं से 10-10 हजार व डीएम व समाज कल्याण अधिकारी के चालक व जिलाधिकारी के चालक पद के लिए लोगों से 70 हजार, 65 हजार तथा 38500, 15000 रुपये वसूले गये।

### महिला ने आग लगाकर की खुदकुशी

**कंपिल,समृद्ध न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने आग लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भटमई निवासी शैलेंद्र शाक्य की 25 वर्षीय पत्नी आरती ने गुरूवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में आग लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला की चीखपुकार सुनकर स्वजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को सूचना दी। स्वजनों के अनुसार शैलेंद्र के पिता महावीर सिंह की लगभग एक सप्ताह पूर्व मौत हो गयी थी। जिसका तेरहवीं संस्कार शैलेंद्र करना चाहता था। अन्य भाई तेरहवी संस्कार के लिए रुपए नहीं देना चाहते हैं। इसी बात को लेकर उसका पति से सुबह विवाद हो गया। मृतका के एक पुत्र सुशांत व एक पुत्री सोनी है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# पैर फिसलने से तालाब में डूबा मजदूर, मौत



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पैर फिसलकर तालाब में गिरे अधेड़ की मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मंगल सिंह पुत्र स्वर्गीय सुग्रीव सिंह 50 वर्षीय निवासी नगला खारबंदी थाना मऊदरवाजा मजदूर कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार को सुबह 8 बजे वह मजदूरी करने घर से रामपुर ढपरपुर जा रहे थे, तभी गांव के बाहर सड़क पर पानी भरा होने से उसका पैर फिसल गया। जिससे वह तालाब में जा गिरा। शाम को शव फूल जाने के कारण तालाब में ऊपर उतराने लगे, तभी उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब मंगल सिंह को तालाब में पड़ा देखा, तो उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन पत्नी मुन्नी देवी व बेटी शालिनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मऊदरवाजा थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### देवरानी-देवर ने घरेलू विवाद में महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना निवासी वीरावती पत्नी कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की गुरुवार सुबह अपने घर के घरेलू कामकाज निपटा रही थी। उसी समय उसके देवर और देवरानी अपने पुत्र के साथ उसको गाली-गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज तीनों ने एक साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट की। जिससे महिला के गंभीर चोटें आई। महिला ने गुरुवार दोपहर थाने पहुंचकर तीनों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अचानक महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नई वस्ती निवासी संगीता (28) पत्नी आकाश की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।




मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते जिला औषधि निरीक्षक

## जिला औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा शहर में चौक एवं लोहिया रोड स्थित मां गौरी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्म में साफ-सफाई, औषधीय का विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जाना एवं अन्य कमियां पाई गईं। इसके पश्चात लोहाई रोड स्थित सुशीला मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया।जहां पर 18 औषधीय की क्रय विक्रय अभिलेख तलब किए गए हैं। कालातीत औषधीय को रखने हेतु प्रत्येक जगह निश्चित नहीं किया गया था एवं अन्य कमियां पाई गई। दोनों ही फर्म संचालकों को निर्देशित किा गया कि सभी मरीज अथवा परिजन द्वारा क्रय की गई औषधीय का विक्रय अभिलेख आवश्यक रूप से जारी करें। साथ ही दोनों फर्म संचालकों को 7 दिन का समय देते हुए कामियों के निस्तारण कर सूचना प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कहा कि एक्सपायरी दवाओं का अलग से लेखा जोखा रखा जाये।

# गर्भवती महिला का चेकअप कराने पहुंची आशा बहू को डॉक्टर ने लगायी फटकार

**बोलीं ड्रेस बदलकर प्राइवेट अस्पताल में प्रसव कराने वाली आशाओं पर होगी कार्रवाई**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



आशा बहू शिल्पी को फटकार लगाती चिकित्सक

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरगंज निवासी मोनिका पत्नी पिन्टू पाँच मा की गर्भवती होने पर आशा बहू शिल्पी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराने के लिए लेकर आई। जहाँ चिकित्सक मधु अग्रवाल ने शिल्पी से कहा तुम्हारी ड्रेस कहा है। ड्रेस क्यों नहीं पहनकर आई हो। इसी बात पर शिल्पी बोली आशा बहू सीमा है, लेकिन वो नहीं आई।

उनकी जगह पर हम आ गये। यह बात सुनते ही डॉ0 मधु अग्रवाल ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा महिला से कहा है चेकअप करवाने पर पैसे थोड़े मिलेंगे। चिकित्सक मधु अग्रवाल ने महिला पर बरसते हुए कहा कि आप लोग प्रसव प्राइवेट अस्पतालों में ले जाकर करवाती हो और प्राइवेट अस्पतालों से मोटा कमीशन लेती हो। हमको इस संबंध में कई शिकायतें मिल चुकी हैं। इस संबंध में बीते दिन अखबार में समाचार भी प्रकाशित हुआ था। अब आप लोगों को चिंहित कर कार्यवाही की जायेगी। किसी को बख्शा नहीं जायेगी। सभी को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करना होगा। बताते चलें कि शासन सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए जोर दे रहा है। इसके लिए आशा बहू के साथ-साथ प्रसूता को भी पैसे दिये जाते हैं। जिससे वह प्राइवेट अस्पतालों में न जाकर सरकारी अस्पतालों में आयें, लेकिन इसके बावजूद आशा बहुएं समय पूरा होने पर ड्रेस बदलकर प्रसूताओं को बहला फुसलाकर प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर प्रसव करा देती हैं।

# नक्श थिएटर के कलाकारों ने शिमला में जीता द्वितीय पुरस्कार

नक्श थिएटर ग्रुप के डायरेक्टर अमित सक्सेना बोले- कलाकारों ने मेहनत के बाद इस स्थान को पाया


पुरस्कार प्राप्त करते नक्श थिएटर के कलाकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। कलाकारों को शिमला में आयोजित 69वें ऑल इण्डिया ड्रामा एण्ड डांस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग स्थानों से आए 28 से ज्यादा नाटकों में सर्वश्रेष्ठ नाटक के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में ऑल इण्डिया आर्टिस्ट एसोशिएशन के तत्वाधान में 6 जून से 10 जून तक आयोजित ऑल इण्डिया ड्रामा एण्ड डांस प्रतियोगिता में जिले की रंग मंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने नाटक काल कोठरी का मंचन कर धमाल मचाया। प्रसिद्ध टीवी सीरियल भाभी जी घर पर है के अभिनेता मनमोहन तिवारी रोहिताश्व गौर व उनकी पत्नी रेखा गौर द्वारा शिमला के ब्रिटिश कालीन गेटी थिएटर में 69वें ड्रामा एण्ड डांस प्रतियोगिता के मंच पर स्वदेश दीपक द्वारा लिखित रंग मंचीय कलाकारों के जीवन पर आधारित नाटक काल कोठरी का जीवंत मंचन किया। जिसके लिए नक्श थिएटर के कलाकारों को सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नाटक के निर्देशक एक्टर/डायरेक्टर अमित सक्सेना को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध टीवी सीरियल भाभी जी घर पर है के मनमोहन तिवारी रोहिताश्व गौर ने कलाकारों के अभिनय की खूब सराहना की। नक्श थिएटर ग्रुप के डायरेक्टर अमित सक्सेना ने बताया कि कलाकारों ने काफी मेहनत के बाद इस स्थान को पाया है। नाटक कलाकारों में दिनेश सक्सेना, राज गौरव पाण्डेय, दिलीप कश्यप, खुशी पाल, नेहा सक्सेना, ध्रुवी सक्सेना, विशाल सिंह, धीरज मौर्या, सत्या पाल, सोनी पाल, नावेद अंसारी, राशि पाण्डेय, अंकित गुप्ता, विशाल पाठक, शैली दिवाकर, संध्या पाण्डेय, प्रियांश राजपूत, सिमरन सिंधी, फाल्गुनी, अंश आदि मौजूद रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वृक्षारोपण के दौरान मौजूद शिक्षक व बच्चे

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून से लेकर 11 जून तक पर्यावरण संरक्षण सप्ताह मनाया गया। विद्यालय के अध्यापकों द्वारा प्ररित छात्र-छात्राओं ने अपने घर पर आन-लाइन कला, भाषण, योग आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने भी विद्यालय के अवकाश के पूर्व वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण-संरक्षण के प्रति सभी विद्यार्थियों को उनके नैतिक दायित्वों एवं सामाजिक कर्त्तव्यों के लिये प्रेरित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जल बचाओ, ऊर्जा-बचाओ, पॉलीथीन के प्रयोग से बचने आदि पर पोस्टर बनाकर तथा यौगिक क्रियाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों में कक्षा 4 से लेकर कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# मोदी के प्रधानमंत्री बनने व रामनाथ ठाकुर को मंत्री बनाये जाने पर सविता समाज ने जतायी खुशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


भाजपा सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त करते सविता समाज के लोग

सविता समाज उत्थान समिति एवं अति पिछड़ा वर्ग विकास समिति की बैठक रेलवे रोड स्थित शिवम गन हाउस पर सम्पन्न हुई।

केंद्र सरकार में सांसद रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राजमंत्री बनाये जाने एवं तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बनने पर खुशी का इजहार किया। सभी ने कहा कि भाजपा में सभी का ध्यान रखा जाता है।

इसलिए देश की सर्वश्रेष्ठ पार्टी के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार जीत दर्ज कर सरकार बनायी है। साथ ही सविता समाज ने रामनाथ ठाकुर को मंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया। जनपद से सांसद मुकेश राजपूत को पुनः जीत पर बधाई दी गई। इस मौके पर गयालाल श्रीवास्तव, रामनिवास बाथम, रामचंद्र श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कैप्टन हरिराम श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम

# डीएम की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बताया कि 15 जून को योग सप्ताह मनाया जायेगा। 15 जून को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सुबह 6 बजे अतिथियों की मौजूदगी में योग सप्ताह का शुभारम्भ होगा। डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिये कि योग कार्यक्रम में आने वाले योगाभ्यासियों एवं अपने घर के सभी सदस्यों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही योगाभ्यास करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में कैडेट्सों को एनसीसी स्थापना दिवस की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रशिक्षण में कैडेट्सों को जानकारी देते ले. गिरिजा शंकर

कैम्प कमांडेंट कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में चल रहे सीएटीसी 34 में दूसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी की स्थापना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कप्तान संदीप माधव, लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर, थर्ड अफसर अचल सिंह पाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि एनसीसी पूरे देश में किस प्रकार से कार्य करती है, कितने निदेशालय, कितने ओटीए है तथा डीजी एनसीसी का क्या रोल होता है। साथ एनसीसी फ्लैग के बारे में विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि एनसीसी एक सबसे बड़ी संस्था है जो राष्ट्रहित में कार्य करती है। वही कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोमिल शर्मा के द्वारा गत वर्ष में उत्तीर्ण हुए एनसीसी कैडेट्स के बी तथा सी सर्टिफिकेट वितरित किए गए। सभी एनसीसी कैडेट्स सर्टिफिकेट प्राप्त कर बहुत खुश दिखे। कमांडिंग अफसर ने सभी एनसीसी कैडेट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अबसर पर फर्स्ट अफसर सतीश चंद्र, थर्ड अफसर अचल सिंह पाल, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार भीम सिंह, बीएचएम संजय सिंह, सूबेदार रंजीत, हवलदार राणा आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानाचार्य परिषद का ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 25 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद की ओर से ओंकारेश्वर ग्रुप इंस्टीट्यूट कानुपर में विद्यालय प्रबंधन में प्रधानाचार्यो की भूमिका एवं समस्या निवारण विषय पर 25 जून को प्रदेश स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रातः 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने दी है।

### एफएसडीए ने छापेमारी कर खोये के 25 नमूने किये संग्रह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एफएसडीए ने विशेष सर्विलांस महाअभियान के अन्तर्गत टीम ने जनपद में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 25 खोये के नमूने संग्रह किये गये। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा ने जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने खाद्य पदार्थ खोये के 25 सर्विलांस नमूने संग्रह किये है। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

### संस्कार भारती की कार्यशाला का समापन 16 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन 16 जून रविवार सुबह 7:30 बजे से 10 के मध्य होगा। अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता ने बताया कि मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में चल रहे समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। कार्यशाला संयोजक डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव व सचिव कुलभूषण सिंह ने समर कैम्प की पूरे माह व्यवस्था संभाली।

### पांचाल घाट चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने पांचाल घाट चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। लगातार शिकायत आने पर कार्यवाही हुई है। थाना कादरी गेट के पांचाल घाट चौकी प्रभारी अमित शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। अमित शर्मा ने 14 दिसम्बर 2022 को चौकी प्रभारी का चार्ज लिया था। लगातार आ रही शिकायतों को संज्ञान लेते एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।

### महिला ने पिया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सवितापुर निवासी पुष्पा ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### जली महिला अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी लक्ष्मी शाक्य (23) गैस पर कुकर में खाना बना रही थी, तभी उसने कुकर की भांप निकले बगैर कुकर का ढक्कन खोल दिया। कुकर की भाप से उसका चेहरा झुलस गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

# समर क्रिकेट के तहत खिलाड़ियों को मैच जीतने के सिखाये गुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


समर क्रिकेट कैम्प में जानकारी प्राप्त करते खिलाड़ी

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रथम समर क्रिकेट के अन्तर्गत चौथे दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को प्रशिक्षक उवैद कमल द्वारा बॉलिंग कर रहे खिलाड़ियों को रन अप के बारे में जानकारी दी।

क्रीज का बॉलर द्वारा किस प्रकार से इस्तेमाल किया जाता है। इनस्विंग एवं आउटस्विंग बॉल कर ग्रिप क्या होनी चाहिए।

बॉलर के लिए कौन-कौन सी ड्रिल होनी चाहिए। स्पिनर को किन-किन बातों ध्यान रखना चाहिए और बैट्समैन को सही से बच कर बॉलिंग करनी चाहिए। इस प्रकार के बैट्समैन को पिच पर रनिंग करते समय, रन लेते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। विकेट कीपर को भी कीपिंग करने के लिए कौन-कौन सी ड्रिल अभ्यास के दौरान करनी चाहिए। ताकि विकेट कीपर आसानी से बाल पकड़ सकें और स्टम्प पर थ्रो कर सके। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को फिल्डिंग करते समय स्टम्प पर टारगेट थ्रो किस प्रकार करना चाहिए।

खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक की बातों पर ध्यान दिया और अभ्यास किया। सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि खिलाड़ियों को कैम्प के अंतिम दिन खिलाड़ी की ए ग्रेड, बी ग्रेड, सी ग्रेड के सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे। अमित सक्सेना, चिराग अग्रवाल ने व्यवस्था संभाली।

# शिवनगर कालोनी में पांच साल से लगे विद्युत पोल, पर बिजली नहीं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गली में 28 मकान है, लगभग 130 लोग रहते हैं लगातार विद्युत लाइन डालने को लेकर विभाग द्वारा टाला जा रहा है

शिव नगर कालोनी में पिछले पांच वर्षों से विद्युत पोल तो लगे हुए है, मगर आज तक पोलों पर लाइन नहीं डाली गई है। इस समस्या को लेकर शिव नगर कालोनी के लोगों ने कई बार विद्युत विभाग से मांग की और कई बार ज्ञापन दिये।

पांच साल से लोग लाइन पड़ने का इंतजार कर रहे है। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियतंत्रण संगठन के उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने मांग की है कि पोलो पर लाइन डाली जाये। जिससे लोगों को राहत मिल सकें। गली में निजी लोगों के तार फैले हुए है। जिस कारण लोग परेशान है। जेई अजय कुमार से भी कई बार बात हो चुकी है। फोन भी किया गया है, मगर आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला है। गली में 28 मकान है, लगभग 130 लोग रहते है। लगातार विद्युत लाइन डालने को लेकर विभाग द्वारा टाला जा रहा है। इस संबंध में लोग अब मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे की अभी तक लाइन नहीं डाली गई है।

# 22 जून को होने वाले ओलंपिक दिवस को लेकर बैठक सम्पन्न


बैठक में मौजूद विभिन्न खेलों से जुड़े लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विभिन्न संघ के पदाधिकारियों ने लिया भाग

22 जून को होने वाले ओलंपिक दिवस को लेकर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला ओलंपिक संघ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त संघों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे ने की। 22 जून को होने वाले ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। ओलंपिक संघ के सचिव अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र जिला ओलंपिक संघ द्वारा दिया जायेगा। सर्वसम्मति से बैठक में वॉक्सिंग, खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, करांटे, क्रास कंटरी दौड़ प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. केएम द्विवेदी, वॉक्सिंग संघ से संजीव कटियार, कबड्डी संघ से सुभाष यादव, खो-खो संघ से अंशुल पाठक, ताइक्वांडों संघ से अजय प्रताप, फुटबाल से चमन टंडन, हॉकी से लक्ष्मण टंडन, करांटे संघ से पारस भारद्वाज, एथलेटिक्स से योगेश शुक्ला के अलावा मनीष, भूपेन्द्र प्रताप सिंह व क्रिकेट संघ से मोहन लाल अग्रवाल, अद्वैत अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रवक्ता अनुपम अवस्थी ने डायट प्रचार्य का ग्रहण किया पदभार


डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी का स्वागत करते प्रवक्तागण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रवक्ताओं ने नये डायट प्रचार्य का किया स्वागत, हुआ वृक्षारोपण

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान राजलमाई में कार्यरत वरिष्ठ प्रवक्ता अनुपम अवस्थी ने डायट प्रचार्य का पदभार जिलाधिकारी के माध्यम से ग्रहण किया।

डायट प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार देख रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 13 जून को प्रभार सौंपा गया। कार्यभार ग्रहण के दिन ही संस्थान में एक वृक्षारोपण के माध्यम से अपने कार्य की शुरुआत की, जो एक अनोखी पहल है और पर्यावरण की संरक्षण को बढ़ावा देते हुए संस्थान में प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों की गुणवत्ता तरीके से संचालित करने हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया। इस समय संस्थान में कार्यरत प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार सिंह, कमल कुमार आदि एवं अन्य विशिष्टजन कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर उपस्थित रहे। सभी संकाय सदस्य ने बधाई दी और संस्थान को नई उचाईयों पर ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त किया। फरवरी 2023 से ही संस्थान में अधिकारियों के समस्त पद रिक्त थे। अब अनुपम अवस्थी के डायट प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करने से संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण एवं गतिविधियों में और तीव्रता आ सकेगी।

# मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव भटासा निवासी विनीत (22), शहजाद मोहम्मद (21) व कुलदीप क्षेत्र के गांव किसरोली बाग मे आम तोड़ने गए थे। बुधबार देर शाम जब वह तीनों बाइक से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में फजलगंज नगला के पास पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उक्त तीनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद विनीत व शहजाद को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**सूचना**

मैं I,No 3004797K HAV BABU SINGH R/O Vill - Dungarpur PO -Morda Jahannagar Tehsil - Todabhim, Distt - Karauli Rajsthan Pin - 322238 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों मेरे पुत्र का नाम SHYAM SUNDER गलत दर्ज है। उसका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार SHYAMSUNDAR है, जिसे दर्ज किया जाए।

# सिलाई व रंगोली बनाना सीखकर छात्रायें बन रहीं हैं आत्मनिर्भर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यशाला में सिलाई व रंगोली बनाना सीखती छात्रायें

संस्कार भारती द्वारा आयोजित कार्यशाला में जहां एक और बच्चे सिलाई सीख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर चित्रकला हस्तकला में बच्चे पारंगत हो रहे है। सिलाई टेलरिंग प्रशिक्षण जो कि साधना श्रीवास्तव बच्चों को सिलाई का परीक्षण दे रही है।

वर्तमान समय में बच्चों को कौशल विकास में उद्यमी आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। पहले घरों में परंपरागत सिलाई, कढ़ाई, बुनाई घर परिवार में दादी नानी के द्वारा सिखाया जाता था। आज ऑनलाइन रेडीमेड कपड़ों ने यह कला को समाप्त कर दिया है, लेकिन सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास में गृह उद्योग के माध्यम से प्रोत्साहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मैं वर्षों से संस्कार भारती की कार्यशाला के अंतर्गत सैकड़ो बच्चों को फैशन की नई-नई डिजाइनों में बहुत से आइटम सिखाती हूं। जिसमें परिवार के वस्तुओं में नित दिन प्रयोग होने वाले आइटम जैसे पजामा कुर्ता, पेटीकोट, ब्लाउज, लेडीज में सलवार और कुर्ती लगभग 14 आइटम एक माह में सिखाएं हैं। वर्तमान समय में प्लास्टिक का प्रयोग ना करें।

तरह-तरह के थैली की डिजाइन बनाना सिखा रही है। बच्चे अपने घरों में बैठकर आत्मनिर्भर होकर अच्छा पैसा पैदा कर सकते हैं। यही नहीं साधना रंगोली प्रमुख है। वह एक अच्छी रंगोली बनाना भी सिखाती हैं। कानपुर प्रांत की रंगोली प्रमुख भी है। वह रंगोली निःशुल्क सिखाती हैं। बस अपना सामान रंग रोगन लाना पड़ता है। कला के लिये समर्पित जीवन है। उनका कहना है आत्मनिर्भर भारत तभी बनेगा जब घर-घर बच्चे उद्यमी बनेंगे। वहीं दूसरी ओर नेहा सक्सेना चित्रकला एवं हस्तकला में बच्चों को पारंगत कर रही है। कार्यशाला की व्यवस्था कार्यशाला संयोजक डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, डॉ0 नवनीत गुप्ता, सुरेंद्र पांडे, कुलभूषण श्रीवास्तव, आदेश अवस्थी, अरविंद दीक्षित, रविंद्र भदोरिया, नरेंद्र नाथ मिश्रा, अर्पण शाक्य आदि लोग व्यवस्था देख रहे हैं।

**कार्यालय ग्रा0पं0 फतनपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/ 15वां राज्य वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 13/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फतनपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/06/2024 से 20/06/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/06/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पिपरावोजी में डामर रोड से साधू सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 125000 | 2479 | 500 |
| 2- | पिपराबोजी में डामर रोड से रन सिंह के फाटक तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 227000 | 5506 | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अनार सिंह यादव) ग्रा0पं0 फतनपुर, नवाबगंज सचिव ( सुनील गौतम)

# शाहजहां के काले धन को व्हाइट करते थे चार लोग, तलाश में जुटी ईडी

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शेख शाहजहां के काले धन को सफेद करने वाले चार लोगों को चिन्हित कर चुका है। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दो महिलाओं सहित चार लोगों की तलाश कर चल रही है। यह जानकारी गुरुवार को सूत्रों ने दी है। इनकी पहचान जया शॉ, राबेया बीबी मोल्ला, प्रताप विश्वास और जॉर्ज कुट्टी के रूप में हुई है। ये सभी फरार हैं। ईडी इनका पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सूत्रों ने कहा है कि दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि शाहजहां और उसके परिजनों ने इन चारों के साथ कई लेन-देन किए हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारी उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद ले रहे हैं। ईडी के अधिकारी फरार चल रहे शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन को भी पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि सिराजुद्दीन अपने बड़े भाई के मछली निर्यात व्यवसाय को संभालता था। इसके जरिए अवैध स्रोतों से प्राप्त धन को डायवर्ट किया जाता था।

सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी यह स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में धन का एक हिस्सा शाहजहां के मछली पालन और मछली निर्यात व्यवसाय में निवेश के माध्यम से कैसे चैनलाइज किया गया था।

# प्रदेश के विकास को नया आयाम देगी 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा'

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' से प्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को भी लाभ होगा। प्रदेश में बढ़ रही एयर कनेक्टिविटी की सौगात सभी सेक्टरों को मिलेगी और प्रदेश के विकास को नये आयाम मिलेंगे।



▸ मध्यप्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र यूरोप के कई देशों से अधिक

डॉ यादव ने 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' संचालन के शुभारंभ अवसर पर भोपाल विमानतल स्थित सेवा का टिकट बुकिंग काउंटर आरंभ किया तथा यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए। उन्होंने कहा कि 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' का 15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से शुभारंभ करेंगे। 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' में प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र यूरोप के कई देशों से अधिक है, जनसंख्या की दृष्टि से भी हमारा प्रदेश कई देशों से बड़ा है। इस परिपेक्ष्य में प्रदेश में आरंभ हो रही विमान सेवा से परंपरागत रूप से यात्रा में सड़क और रेल मार्ग से लगने वाले समय में बहुत कमी आएगी। प्रदेश के सुदूरवर्ती रीवा-सिंगरौली क्षेत्र से आवागमन सुगम होगा साथ ही समय भी कम लगेगा। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में हवाई यातायात के अंतर्गत तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश में सभी प्रमुख स्थलों पर एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है, आवश्यकता होने पर कलेक्टर से संपर्क कर एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। चुनाव अवधि में भी एयर एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दी हैं। पूरे देश में केवल मध्यप्रदेश ही है जहा इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एयर एंबुलेंस सेवा समाज के लिए समर्पित है। राज्य सरकार को 6 माह पूर्ण हो रहे हैं। इस अवधि में विकास की दिशा में प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में सरकार ने कम समय में विभिन्न नवाचार कर बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेनिंग स्कूल खजुराहो में शुरु**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सहयोग से देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेंनिंग स्कूल खजुराहो में आरंभ किया गया है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि जहां-जहां हवाई पट्टियां हैं, वहां-वहां पायलट ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट, निकटवर्ती विश्वविद्यालय के माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा जारी करें। इस पहल से प्रदेश में रोजगार परक शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश भी आकर्षित होगा। संपूर्ण विश्व के लोगों के लिए मध्य प्रदेश आकर्षण का केंद्र बन रहा है। वायु सेवा से संपूर्ण प्रदेश में आवागमन सरल होगा। ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर दोनों ज्योतिर्लिंगों को वायु सेवा से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। इंदौर अथवा भोपाल से कम समय में दोनों ज्योतिर्लिंगों के दर्शन हो सकें। ओरछा, सलकनपुर, कटनी व दतिया जैसे धार्मिक स्थलों को भी एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने भोपाल से जबलपुर रीवा सिंगरौली के लिए प्रस्थान कर रहे विमान के यात्री धर्मेंद्र दुबे, दिव्यराज सिंह, कुलदीप, नदीम खान तथा मनोज श्रीवास्तव को बोर्डिंग पास प्रदान किया। उन्होंने विमान सेवा की यात्रा का लाभ लेने वाले इन प्रथम यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत किया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए।

# दिल्ली को पानी नहीं देगा हिमाचल प्रदेश

## यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल, हमारे पास एक्सपर्टीज नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर गुरुवार (13 जून) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिमाचल प्रदेश ने कोर्ट से कहा कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है। एक दिन पहले (12 जून को) हिमाचल ने कहा था कि उसकी तरफ से पानी छोड़ा गया है। हरियाणा की तरफ से पानी सप्लाई किया जाना बाकी है।



जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। हमारे पास दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच जल-बंटवारे के फॉर्मूले पर फैसला लेने की टेक्निकल एक्सपर्टीज नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ दिया। कोर्ट ने कहा कि यमुना रिवर बोर्ड ने पहले ही दिल्ली को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है। अगर दिल्ली सरकार ने एप्लीकेशन नहीं दी है तो आज शाम 5 बजे तक दे दें।

कोर्ट ने यमुना रिवर बोर्ड को शुक्रवार (14 जून) को एक बैठक बुलाकर दिल्ली सरकार के एप्लीकेशन पर जल्द से जल्द फैसला लेने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि अगर जरूरत हो तो रोज बैठक कीजिए। दरअसल, दिल्ली की क्सरकार ने जल सकंट को लेकर 31 मई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को एक महीने तक एक्स्ट्रा पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

हिमाचल प्रदेश एक्स्ट्रा पानी देने के लिए तैयार था। कोर्ट ने 6 जून को हिमाचल को 137 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। दिल्ली सरकार ने कहा था कि यह पानी हमारे यहां अभी नहीं पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (12 जून) को टैंकर माफिया के द्वारा मुनक नहर से पानी चोरी करने के मामले में दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई थी। कोर्ट में झूठे बयान देने को लेकर भी सरकार को जमकर फटकारा। कोर्ट ने कहा कि अगर आप टैंकर माफिया से नहीं निपट सकते हैं तो हम दिल्ली पुलिस से इस मामले में एक्शन लेने के लिए कहेंगे। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से 13 जून तक इस संबंध में जवाब मांगा था। दिल्ली सरकार के वकील एएम सिंघवी ने आज कोर्ट को आश्वासन दिया कि टैंकर माफिया से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने से कहा कि दिल्ली में कुल जल आपूर्ति में से केवल 4-5 मिलियन गैलन प्रतिदिन पानी की सप्लाई टैंकरों से होती है। टैंकर माफियाओं को रोकने से भी समस्या खत्म नहीं होगी।

**भाजपा ने पानी की चोरी को लेकर शिकायत सौंपी**

दूसरी तरफ, भाजपा नेताओं ने बुधवार (12 जून) को दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से मुलाकात कर मुनक नहर और अन्य स्रोतों से पानी की चोरी को लेकर टैंकर माफिया के खिलाफ एक विशेष जांच दल गठित करने और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। दिल्ली में जल संकट के दो कारण हैं- गर्मी और पड़ोसी राज्यों पर निर्भरता। दिल्ली के पास अपना कोई जल स्रोत नहीं है। पानी के लिए यह पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, इस साल दिल्ली जरूरत हर दिन 32.1 करोड़ गैलन प्रतिदिन पानी की कमी से जूझ रही है। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, राज्य को रोजाना 129 करोड़ गैलन पानी की जरूरत है। हालांकि, गर्मियों में केवल 96.9 करोड़ गैलन प्रतिदिन मांग ही पूरी हो पा रही है। यानी दिल्ली की 2.30 करोड़ आबादी को हर दिन 129 करोड़ गैलन पानी चाहिए, लेकिन उसे सिर्फ 96.9 करोड़ गैलन पानी ही मिल रहा है। दिल्ली में पानी की जरूरत हरियाणा सरकार यमुना नदी से, उत्तर प्रदेश सरकार गंगा नदी से और पंजाब सरकार भाखरा नांगल बांध के पानी से पूरी करती है। 2023 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली को हर दिन यमुना से 38.9 करोड़ गैलन, गंगा नदी से 25.3 करोड़ गैलन और भाखरा-नांगल (रावी-व्यास नदी) से 22.1 करोड़ गैलन पानी मिलता था।

## सरकार को नीट परीक्षा को लेकर जल्द लेना चाहिए फैसला : गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में एनटीए की भूमिका को संदेहास्पद बताते हुए कहा है कि अगर सरकार की अभ्यर्थियों के साथ न्याय करने की मंशा है तो नीट परीक्षा को लेकर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए। श्री गहलोत ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि परीक्षा में हुईं गड़बड़ियों को लेकर आ रहीं सूचनाओं से यह स्पष्ट है कि यह पूरी परीक्षा संदेह के घेरे में है। परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए की भूमिका ही संदेहास्पद है। यदि सरकार की अभ्यर्थियों के साथ न्याय करने की मंशा है तो नीट परीक्षा को लेकर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मेडिकल की प्रवेश परीक्षा में ही ऐसी अनियमितताएं हो जाएंगी तो यह देश में मेडिकल सेवाओं के भविष्य पर सवालिया निशान लगा देगा।

# हाईकोर्ट ने मदरसा सर्विस कमीशन पर लगाया जुर्माना

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने गुरुवार को गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती परीक्षा के परिणाम 13 साल तक विलंबित करने के लिए पश्चिम बंगाल मदरसा सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएमएससी) पर जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति हरीश टंडन और न्यायमूर्ति प्रसेनजीत विश्वास की खंडपीठ ने गुरुवार को दो लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए डब्ल्यूबीएमएससी अधिकारियों को यह राशि कलकत्ता उच्च न्यायालय के विधिक सेवा विभाग में जमा करने का निर्देश दिया।

न्यायालय ने डब्ल्यूबीएमएससी अधिकारियों को अगले तीन महीनों के भीतर तीन रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि राज्य में मदरसों के लिए ग्रुप-डी श्रेणी में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा 2010 में आयोजित की गई थी और 2011 में लिखित परीक्षा हुई थी। हालांकि, पिछले 13 वर्षों में परिणाम घोषित नहीं किए गए और कोई भर्ती नहीं की गई। परीक्षा में शामिल होने वाले कुछ उम्मीदवारों ने परिणाम तत्काल प्रकाशित करने की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। 2019 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल पीठ ने आदेश दिया कि रिक्त पदों को 14 दिनों के भीतर भरा जाना चाहिए। हालांकि, बोर्ड अधिकारियों ने आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी। हालांकि, डिवीजन बेंच ने सिंगल-जज के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन बोर्ड ने विभिन्न आधार पर लगातार एक्सटेंशन की मांग की और परिणाम घोषित नहीं किए। आखिरकार गुरुवार को डिवीजन बेंच ने यह स्पष्ट कर दिया कि भर्ती प्रक्रिया अगले तीन महीनों के भीतर पूरी करनी होगी और इसके बाद कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। अदालत द्वारा तय समय सीमा के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने में असमर्थता के लिए जुर्माना लगाया गया है।

# विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने को एजेंसियां देंगी मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी

**श्रीनगर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने गुरुवार को कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी स्वैन ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों ने क्षेत्र में सुरक्षा चुनौती पैदा कर दी है।

उन्होंने कहा कि जब आतंकी हैंडलर कश्मीर और जम्मू में स्थानीय लोगों की भर्ती करने में विफल होते हैं तो दुश्मन का इरादा नियंत्रण रेखा के पार स्थानीय लोगों की भर्ती करना और उन्हें शांति भंग करने और लोगों को मारने के लिए हमारे क्षेत्र में धकेलना होता है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं और हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जब आपके पास लोगों को मारने और परेशानी पैदा करने के लिए तैयार दुश्मन हो तो हमें भी उसका मुकाबला करने और कुछ नुकसान उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

डीजीपी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में जंगल, नदियां और पहाड़ियां आदि एक कठिन इलाका है। उन्होंने कहा कि ये विदेशी आतंकी बड़ी संख्या में नहीं हैं, लेकिन वे कानून के तहत काम नहीं कर रहे हैं और किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हम उन्हें उसी तरह से हराएंगे जैसे 1995 से 2005 के बीच जम्मू क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाने की कोशिश करने के बाद उन्हें हराया गया था।

डीजीपी ने कहा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वालों को पछताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जम्मू के कठुआ, रियासी, भद्रवाह और डोडा में पिछले कुछ दिनों में मुठभेड़ों और हमलों की एक श्रृंखला देखी गई है जिससे वहां सुरक्षा की स्थिति गंभीर हो गई है।

## रंगदारी मामले में पप्पू यादव को मिली बेल

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को रंगदारी मामले में कोर्ट से बेल मिल गई है । पप्पू यादव गुरुवार को अपने वकील के साथ पूर्णिया व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां न्यायालय ने उन्हें रंगदारी मामले में बेल दे दी । कोर्ट से बाहर निकलकर पप्पू यादव ने जज साहब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इतना हर्ट हुआ हूं की आज तक 57 साल के उम्र में कभी नहीं हुआ था । इतना मेंटल टॉर्चर कभी नहीं हुआ । मै आज तक जिस इंसान से कभी मिला ही नहीं उनके एक आवेदन पर थाना प्रभारी के मिली भगत से मुझपर केस कर दिया गया। वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह सब किया गया है। मेरे ऊपर बिना मतलब के कई तरह की धाराएं लगाई गई। जबरदस्ती सीजीएम कोर्ट में धारा 385 लगाया गया जिसका मतलब है, मैं मिला, सामने से धमकी दी और मौखिक रूप से मांग की । ये बिल्कुल गलत है । पप्पू यादव ने कहा कि थाना प्रभारी का कॉल डिटेल निकाला जाए साथ ही उस आदमी का भी कॉल डिटेल निकाला जाए और देखा जाए की कब कहां किन से बात हुई है।

# फीनिक्स पलासियो के समर कार्निवाल में बच्चों को मिला यादगार अनुभव



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रीमियम शॉपिंग डेस्टिनेशन, फीनिक्स पलासियो में बहुप्रतीक्षित, रंगारंग समर कार्निवल का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसने हर उम्र के बच्चों के लिए खुशियों भरा यादगार अनुभव दिया। यह कार्यक्रम 1 जून से 9 जून तक चला, जिसमें सभी के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल थीं।

पूरे सप्ताह कार्निवाल के दौरान, बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जैसे ड्रम सर्किल, फ्लुइड पेंटिंग, आइस ब्रेकर गेम्स, केक बनाना, फल और सब्जी की खरीदारी, पिज्जा बनाना और मनमोहक पपीज और बिल्ली के बच्चों से मिलना। ये गतिविधियाँ विभिन्न आयु समूहों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई थीं, जिसने यह सुनिश्चित किया कि सभी बच्चे कार्निवाल का पूरा आनंद लें और सक्रिय रहें। डोरेमोन, शिनचैन, छोटा भीम और लिटिल सिंघम जैसे लोकप्रिय टून सितारों से मिलने और उनसे बात करने का मौका पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। 1 और 2 जून को, छोटा भीम और लिटिल सिंघम बच्चों से मिले और उनकी खुशियां दोगुनी कर दीं। 8 और 9 जून को डोरेमोन और शिनचैन ने बच्चों को अपनी मस्ती से भर दिया। 8 और 9 जून का वीकेंड खासतौर पर रोमांचक रहा। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, संजीव सरीन ने समर कार्निवल की सफलता से उत्साहित होते हुए कहा, बच्चों और परिवारों को समर कार्निवल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों व प्रदर्शनों का आनंद लेते हुए देखना अद्भुत था। यह देखकर मन प्रसन्नता से भर गया कि कैसे सभी लोग एक साथ आए।

# कार्ल्सबर्ग इंडिया ने सीएनजी ट्रकों को किया लॉन्च

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रमुख ग्लोबल ब्रेवर कंपनी, कार्ल्सबर्ग इंडिया ने स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अपनी उन्नाव सुविधा में कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ट्रकों की पेशकश की है। स्थायी परिवहन समाधान अपनाकर यह पहल ब्रेविंग इंडस्ट्री में जीरो कार्बन फुटप्रिंट प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है, जो अपने पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के प्रति कार्ल्सबर्ग की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।



इस पहल के तहत, 20 सीएनजी ट्रकों को उन्नाव ब्रिवरी में लगाया जाएगा। उम्मीद है कि प्रत्येक ट्रक से प्रति माह 1,450 किलोग्राम से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन की बचत होगी। ऐसे में, 20 ट्रक्स मिलकर हर महीने 29,000 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करेंगे। इस प्रयास से कार्ल्सबर्ग न सिर्फ पर्यावरण में होने वाले प्रभाव को कम करेगा, बल्कि ब्रेविंग इंडस्ट्री में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी काम करेगा। कार्ल्सबर्ग ग्रुप जीरो कार्बन फुटप्रिंट हासिल करने के लिए कम कर रहा है। कंपनी की यह आकांक्षा पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक भविष्य के निरंतर प्रयास को प्रेरित करती है। इस प्रयास में कार्ल्सबर्ग की ब्रुअरीज़ में जीरो कार्बन उत्सर्जन और वर्ष 2030 तक इसकी संपूर्ण वैल्यू चेन के अंतर्गत उत्सर्जन में 30त्र की कमी लाने जैसे लक्ष्य शामिल हैं। इसके अलावा, कार्ल्सबर्ग का लक्ष्य वर्ष 2040 तक अपनी संपूर्ण वैल्यू चेन में नेट जीरो कार्बन एमिशन्स के लिए प्रयास करते हुए, नए लक्ष्यों और गतिविधियों से कार्बन कटौती का लाभ उठाना है। इन गतिविधियों में सोर्सिंग, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन शामिल हैं। कार्ल्सबर्ग इंडिया की ओर से बोलते हुए, संजीव गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन, ने कहा, कार्ल्सबर्ग इंडिया में, सस्टेनेबिलिटी हमारा आधार है, जो हमारी सप्लाई चेन में एक सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देती है। ट्रक इको-मोबिलिटी के माध्यम से उन्नाव स्थित ब्रिवरी में सीएनजी का सफल एकीकरण, हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल टुगेदर टुवर्ड्स जीरो एंड बियॉन्ड पहल के सिद्धांतों के साथ सहजता से मेल खाती है। यह पहल कार्ल्सबर्ग इंडिया की व्यापक सस्टेनेबिलिटी स्ट्रेटेजी के साथ सहजता से संरेखित है, जो इसकी वैल्यू चेन में पर्यावरण के प्रभाव को कम करने वाले महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर आधारित है। रिन्यूएबल एनर्जी के सोर्स के उपयोग, संसाधनों के अनुकूलन और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश के माध्यम से कार्ल्सबर्ग इंडिया अपनी ब्रुअरीज़ में महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है और अब कंपनी का लक्ष्य संपूर्ण वैल्यू चेन में इसका विस्तार करने का है।

# सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना बड़ी राहत : रोहित

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि चल रहे टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। भारत ने बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के मुकाबले में सह-मेजबान यूएसए पर 7 विकेट से जीत के बाद टी 20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई किया।



विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुभवी जोड़ी के पहले तीन ओवर में सस्ते में आउट होने के बाद शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव ने संयम बनाए रखा और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। दोनों ने 72 रनों की मैच विजयी साझेदारी की। रोहित ने मैच के बाद कहा, ÷यह बड़ी राहत की बात है, यहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं था। हमें तीनों मैचों में अंत तक डटे रहना था। इन जीत से हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा।÷ 111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ़ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है।

अर्शदीप ने 4-9 के अविश्वसनीय आंकड़े हासिल किए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। लेकिन यूएसए के तेज गेंदबाजों ने अपनी अनुशासित लाइन और लेंथ से भारत की गहराई को परखा। दुबे और सूर्यकुमार ने अपने स्वाभाविक खेल के विपरीत जाकर भारत को न्यूयॉर्क में एक कठिन स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। रोहित ने कहा, ÷हमें पता था कि यह मुश्किल लक्ष्य होगा। जिस तरह से हमने धैर्य बनाए रखा और साझेदारी की, उसका श्रेय हमें जाता है। सूर्या और दुबे को परिपक्वता दिखाने और हमें जीत दिलाने का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा, ÷सूर्या ने दिखाया कि उनका खेल अलग है, अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद की जाती है। जिस तरह से उन्होंने खेल को आगे बढ़ाया और हमें जीत दिलाई, उसका श्रेय उन्हें जाता है। यूएसए कैंप में कई जाने-पहचाने चेहरे थे, जिसमें नीतीश कुमार, सौरभ नेत्रवलकर, हरमीत सिंह और जसदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। नेत्रवलकर ने अंडर-15 सेट-अप में सूर्यकुमार के साथ खेला था, जबकि उन्होंने 2010 में मयंक अग्रवाल, केएल राहुल और कई अन्य सितारों के साथ अंडर-19 विश्व कप में भी खेला था। रोहित ने भारतीय-अमेरिकी क्रिकेटरों के बारे में बात करते हुए कहा, ÷इनमें से कई लोगों ने एक साथ क्रिकेट खेला है, उनकी प्रगति देखकर बहुत खुशी हुई। पिछले साल एमएलसी में भी उन्हें देखा था, वे सभी कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी हैं। मैच की बात करें तो, अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी (4 ओवर 9 रन 4 विकेट) और उसके बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच हुई नाबाद 72 रनों की साझेदारी की।

**अर्शदीप सिंह ने तोड़ा अश्विन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड**

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने चल रहे टी-20 विश्व कप 2024 में बुधवार को यूएसए के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था। हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिन्होंने 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिया था। अर्शदीप को सबसे ज्यादा फायदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले से मिला। उन्होंने खेल के पहले ही ओवर में यूएसए को दोहरा झटका दिया, जब उन्होंने शायन जहांगीर को शून्य पर और एंड्रीस गौस को 2 रन पर आउट कर दिया, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। हालांकि इसके बाद स्टीवन टेलर और नितीश कुमार ने यूएसए को मैच में वापसी दिलाई, रोहित यहां फिर से अर्शदीप को आक्रमण पर वापस लाए और उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज नितीश को 27 रन पर आउट कर दिया, जिससे यूएसए की टीम ने 81 रनों पर 5 विकेट खो दिये। अर्शदीप ने हरमीत सिंह को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया और उन्होंने 4/9 के आंकड़े के साथ अपने स्पैल का समापन किया। आखिरी ओवर में, यूएसए के बल्लेबाज जसदीप सिंह और शैडली वान शल्कविक 7 रन बनाकर अपनी टीम का स्कोर 110/8 तक ले गए। जवाब में भारत ने विराट कोहली (00), रोहित शर्मा (03) और ऋषभ पंत (18) के विकेट केवल 39 रनों पर खो दिये।

## नए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले, नवनियुक्त केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की। यह पहली बार था जब खेल मंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की। इस बैठक में मनसुख मंडाविया और पीटी उषा के अलावा खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, साई के महानिदेशक संदीप प्रधान और खेल राज्य मंत्री रक्षा खांडसे भी मौजूद थे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मनसुख मंडाविया से बातचीत के बाद अपने अनुभव साझा किए। उषा ने मीडिया से कहा, ÷केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने आईओए का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी है कि वे आईओए और पेरिस की तैयारियों के बारे में जानना चाहते थे। हम एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और हर हफ्ते बैठक करने की कोशिश करेंगे।

# चाचा-भतीजा की जोड़ी धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में गिरफ्तार

**धोखाधड़ी और जालसाजी घोटाला अग्रवाल पुलिस हिरासत में**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** श्यामसुंदर अग्रवाल को पहले भी छोटा-शकील के साथ एमसीओसीए के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच अभी लंबित है। इस बार श्यामसुंदर अग्रवाल और उनके भतीजे शरद अग्रवाल, जो मीरा भायंदर क्षेत्र में धोखेबाज और ज़मीन हड़पने वाले के रूप में कुख्यात हैं, को नए मामले में बुक किया गया है।

दोनों को नासिक के सिन्नार पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह उनके लिए कानून से पहली मुठभेड़ नहीं है, क्योंकि वे पहले भी इसी तरह के अपराधों के आरोपों का सामना कर चुके हैं। अग्रवाल जोड़ी के खिलाफ कम से कम 40 एफआईआर दर्ज हैं। जांच में पता चला है कि अग्रवाल जाली दस्तावेज बनाने और एक व्यवसाय के खिलाफ धोखाधड़ी के एफआईआर दर्ज करने में शामिल थे ताकि नासिक स्थित उसकी संपत्ति को हथिया सकें।

यह भी सामने आया है कि कई पुलिस अधिकारी, जिनमें उच्च पदस्थ अधिकारी भी शामिल हैं, अग्रवाल के साथ मिलकर व्यवसायी को झूठे और घृणास्पद मामले में फंसाने में शामिल थे। आरोपियों को 10 जून 2024 को गिरफ्तार किया गया और उन्हें 14 जून 2024 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। कोर्ट ने दोनों व्यक्तियों के लिए तीन दिन की रिमांड मंजूर की है। अगली सुनवाई शुक्रवार, 14 जून 2024 को निर्धारित है।